# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026


## सीएम आज लाड़ली बहनों को देंगे सौगात

### खातों में भेजेंगे 1836 करोड़ की राशि



*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगांव में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाडली बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। इस दौरान सीएम यहां 122 करोड़ रुपए की लागत के 54 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।*

**एलपीजी सहित अन्य ईंधन के परिवहन, भंडारण और वितरण पर विशेष निगरानी**

# सीएम बोले-प्रदेश में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, निर्बाध 'आपूर्ति' जारी रहेगी

***कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश में घरेलू रसोई गैस, पाइपलाइन गैस और वाहन गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं को गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और नागरिकों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के मंत्री लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र और राज्य स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे नागरिकों को रसोई गैस से जुड़ी कोई परेशानी नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक गतिविधियों के कारण पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अब तक अधिकांश कच्चे तेल की आपूर्ति स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होती थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में अन्य स्त्रोतों से भी कच्चे तेल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। देश की रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर कार्य कर रही हैं और एलपीजी उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप एलपीजी उत्पादन में लगभग 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक महत्वपूर्ण राजनयिक उपलब्धि यह भी है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों और टैंकरों को नहीं रोका जाएगा, जिससे पेट्रोलियम आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं के माध्यम से खरीद प्रक्रिया जारी है और घरेलू पाइपलाइन गैस तथा वाहन गैस की आपूर्ति बिना कटौती के जारी है। प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, एटीएफ, कच्चा तेल और घरेलू गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा आपूर्ति लगातार जारी है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में भी किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है। इस विषय की निगरानी के लिए वरिष्ठ मंत्रियों की एक समिति का गठन भी किया गया है।



मुख्य सचिव बैठक लेते हुए

## मुख्य सचिव ने कलेक्टरों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गुरुवार को वीडियो सम्मेलन के माध्यम से संभाग आयुक्तों, जिला कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर एलपीजी सहित अन्य ईंधन की उपलब्धता की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि घरेलू गैस वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था को और मजबूत किया जाए तथा संबंधित कंपनियां सर्वर क्षमता बढ़ाएं, जिससे रिफिल बुकिंग, ओटीपी प्राप्ति और वितरण की प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रहे। गलत सूचनाओं और अफवाहों को सख्ती से रोका जाए। जनसंचार माध्यमों के जरिए नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचाई जाए। सूचना तंत्र को मजबूत कर अवैध जमाखोरी और कालाबाजारी की घटना को रोकना सुनिश्चित किया जाए।

### वैकल्पिक ईंधन के उपयोग पर भी जोर

मुख्य सचिव ने बताया कि कई जिलों में होटल, भोजनालय और विवाह उद्यान संचालकों को रसोई गैस के स्थान पर विद्युत भट्टी और इंडक्शन चूल्हों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने अन्य कई जिलों में वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने विभिन्न शहरों में पाइपलाइन गैस प्रणाली से जोड़ने के प्रयास तेज करने को भी कहा।

### अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई: डीजीपी

डीजीपी कैलाश मकवाना ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न मंचों पर गलत सूचना और अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए तथा पूरी व्यवस्था में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने बताया कि प्रदेश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। वाहन गैस केंद्रों और पाइपलाइन गैस उपभोक्ताओं के लिए भी पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है तथा घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी की पर्याप्त मात्रा लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। शैक्षणिक और चिकित्सकीय संस्थानों को वाणिज्यिक गैस के उपयोग की अनुमति है।

### नियंत्रण कक्ष बनाए जाएंगे

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य स्तर के साथ ही जिला स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएं, जहां प्रतिदिन स्थिति की समीक्षा की जाए और समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। गैस कंपनियों की सहायता पंक्ति के माध्यम से भी नागरिकों को सही जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद अफवाहों के कारण गैस की कमी का वातावरण नहीं बनने दिया जाएगा तथा रसोई गैस सहित अन्य ईंधन का सुरक्षित परिवहन, भंडारण और वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

# जिन जिलों में ज्यादा स्टॉक वहां से दूसरे जिलों में सप्लाई

***शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सकीय संस्थान को छूट जारी: आयुक्त खाद्य***

***लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही: मंत्री राजपूत***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि प्रदेश में घरेलू एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी की सुचारू रूप से वितरण हो रहा है। इनकी पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है एवं लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

आयुक्त खाद्य कर्मवीर शर्मा ने बताया है कि वाणिज्यिक एलपीजी गैस उपयोग के लिए शैक्षणिक संस्थान एवं चिकित्सकीय संस्थान को छूट दी गई है, जो जारी रहेगी, जिससे शैक्षणिक गतिविधि एवं चिकित्सकीय व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रह सके। एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए जिलों को निर्देश दिए गए हैं। एलपीजी के वैकल्पिक साधनों के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही ऐसी गतिविधियों, जिनमें एलपीजी का अधिक उपयोग होता है, उन्हें नियंत्रित करने पर भी जोर दिया गया है।



टीटी नगर में सिलेंडर के लिए लंबी लाइन

## सीएम की कृषि मंत्री शिवराज के साथ बैठक

**तुअर की शत-प्रतिशत खरीदी संबंधी मिला स्वीकृति-पत्र**

# सरसों की खरीदी के लिए भावांतर भुगतान योजना को केंद्र की मंजूरी

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह निर्णय नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की केंद्रीय मंत्री चौहान के साथ हुई बैठक में लिया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस उच्च स्तरीय चर्चा में ग्रामीण सड़कों सहित अनेक विषयों पर मध्यप्रदेश को बड़ी राहत देने वाले निर्णय लिए गए। चौहान ने भावांतर भुगतान योजना के तहत संबंधित विभागों को भुगतान प्रक्रिया तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुअर (अरहर) की शत-प्रतिशत सरकारी खरीद का स्वीकृति-पत्र भी सौंपा। इस निर्णय से मप्र के तुअर उत्पादक किसानों की उपज का पूर्ण सरकारी उपार्जन सुनिश्चित होगा, जिससे उन्हें बाजार में भाव गिरने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा और आय में स्थिरता आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसानों के हितों की बेहतर सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने निर्देश दिए कि सोयाबीन जैसी फसलों के आंकलन में केवल सैटेलाइट डेटा के बजाए क्रॉप कटिंग और रिमोट सेंसिंग तरीकों का उपयोग किया जाए, जिससे किसानों को वास्तविक नुकसान के आधार पर मुआवजा मिल सके।



डॉ. यादव, शिवराज और पटेल

### दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने बनेगी रणनीति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को दलहन और तिलहन उत्पादन का अग्रणी केंद्र बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस पर केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम द्वारा मूंग, उड़द, चना, तिल, सरसों और पाम ऑयल जैसी फसलों के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी। चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मध्यप्रदेश से जुड़े लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाया जाए, जिससे राज्य के किसानों, मजदूरों और ग्रामीण गरीबों को शीघ्र राहत मिल सके।




## भोपाल में चिकित्सा की बड़ी उपलब्धि

# बंसल अस्पताल में 500 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट

**यह उपलब्धि अस्पताल की विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास का परिणाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बंसल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपाल ने किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 500 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट पूरे कर लिए हैं। यह उपलब्धि अस्पताल की विशेषज्ञ टीम, अत्याधुनिक तकनीक और मरीजों के विश्वास का परिणाम है। इन ट्रांसप्लांट्स में एबीओ इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट (जब डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप मेल नहीं खाता), स्वैप ट्रांसप्लांट, पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट और कैडेवर ट्रांसप्लांट (ब्रेन डेड डोनर से) जैसी जटिल प्रक्रियाएं शामिल हैं। अस्पताल में अब तक 500+ किडनी ट्रांसप्लांट कर चुकी है इनमे मुख्य 70 से अधिक एबीओ इनकम्पैटिबल, 25 स्वैप, 20 कैडेवर और 7 पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।


बंसल हॉस्पिटल में 500 से अधिक सफल किडनी ट्रांसप्लांट करने पर केट काटकर खुशियां मनाते हुए।


बंसल सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपाल में डॉक्टर का सम्मान करते हुए।

### किडनी ट्रांसप्लांट की उपलब्ध सेवाएं

**लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट:** जीवित व्यक्ति से किडनी लेकर प्रत्यारोपण।
**एबीओ इनकम्पैटिबल ट्रांसप्लांट:** जब डोनर और रिसीवर का ब्लड ग्रुप अलग हो, तब भी विशेष तकनीक से ट्रांसप्लांट संभव ।
**स्वैप (किडनी एक्सचेंज) ट्रांसप्लांट:** दो अलग-अलग परिवार एक-दूसरे के मरीजों को किडनी देकर मैचिंग की समस्या का समाधान करते हैं।
**कैडेवर ट्रांसप्लांट:** ब्रेन डेड डोनर के अंगों का उपयोग करके किडनी प्रत्यारोपण।
**पीडियाट्रिक किडनी ट्रांसप्लांट:** बच्चों के लिए विशेष किडनी प्रत्यारोपण।

### अस्पताल की प्रमुख विशेषताएं

पूर्ण इन-हाउस मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम
जटिल एवं हाई-रिस्क ट्रांसप्लांट में विशेषज्ञता
24×7 समर्पित ट्रांसप्लांट आईसीयू एवं ट्रांसप्लांट सुइट
अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर

### डोनर सर्जरी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से की

ट्रांसप्लांट टीम में प्रमुख रूप से नेफ्रोलॉजिस्ट एवं ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी, डॉ. हर्षिता शर्मा, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संतोष अग्रवाल, डॉ. अमित कुमार झा, और डॉ. मानव गिडियन शामिल हैं। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. दीपा नवकार, डॉ. रितेश जैन, डॉ. लक्ष्मीकांत बनाबाकोडे और डॉ. अभिनव सराफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी विभाग से डॉ. कमलेश तलेसरा और डॉ. राहुल जैन एवं ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर रविंद्र और अंकुर ने भी अहम भूमिका निभाई है। डॉ. संतोष अग्रवाल ने बताया कि यहां सभी डोनर सर्जरी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से की जाती हैं, जिससे रिकवरी तेजी से होती है और डोनर एक सप्ताह के भीतर घर जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपचार के लिए न केवल मध्यप्रदेश बल्कि आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज यहां पहुंच रहे हैं।

### एबीओ इनकम्पैटिबल और स्वैप ट्रांसप्लांट की सुविधा

डॉ. विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि किडनी फेलियर के मरीजों के लिए किडनी ट्रांसप्लांट, डायलिसिस की तुलना में अधिक प्रभावी और दीर्घकालिक समाधान है। अब एबीओ इनकम्पैटिबल और स्वैप ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध होने से ब्लड ग्रुप की बाधा भी काफी हद तक समाप्त हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि बंसल हॉस्पिटल में किडनी ट्रांसप्लांट की सफलता दर वैश्विक मानकों के बराबर है। डॉ. अमित कुमार झा ने कहा, यह उपलब्धि सिर्फ एक संख्या नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों के जीवन में लौटी उम्मीद और नए जीवन का प्रतीक है। डॉ. हर्षिता शर्मा ने बताया कि जटिल ट्रांसप्लांट मामलों में भी मरीजों की रिकवरी सामान्य ट्रांसप्लांट की तरह ही होती है और सफलता दर भी उतनी ही बेहतर रहती है।

---

**एक अप्रैल से लागू होगी प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन**

## अफसरों ने आमदनी बढ़ाने निकाला फार्मूला

# गरीबों के मकान का टूटेगा सपना, शहर में झुग्गियों से कमाई करेगा पंजीयन विभाग

*शहर की अधिकतर झुग्गी बस्तियों में बीस से 25 फीसदी तक बढ़े हुए दाम प्रस्तावित*

*प्रस्तावित दामों से झुग्गियों में महंगे हो जाएंगे मकान*

*रजिस्ट्री कराने के लिए पंद्रह हजार रुपए तक अधिक खर्च करना पड़ेंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन में पंजीयन विभाग के अफसरों ने वर्तमान गाइडलाइन में तय रेट में फार्मूले लगाकर बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी है। इस बार भी विभाग प्रॉपर्टी के बेतहाशा दाम बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, जिसके लिए पुराने शहर के गली-मोहल्लों सहित झुग्गियों में भी प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में झुग्गी बस्ती में गरीब लोगों के मकान खरीदने का सपना भी टूटता नजर आ रहा है। शहर की अधिकतर झुग्गी बस्तियों में बीस से 25 फीसद तक बढ़े हुए दाम प्रस्तावित किए हैं। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही इन जगहों पर भी रजिस्ट्री कराना महंगा पड़ेगा।

पंजीयन विभाग ने इस बार जिले में 628 लोकेशन पर बढ़ोतरी प्रस्तावित करने से अधिकतर जगहों पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ रहे हैं। इसके साथ सात सौ से अधिक लोकेशनों को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया है, जिससे इन जगहों पर भी प्रॉपर्टी के रेट बढ़ जाएंगे।


फाइल फोटो

**इन झुग्गियों में बढ़ेंगे दाम**

| लोकेशन | वर्तमान (आ/व्या) | प्रस्तावित (आ/व्या) | बढ़ोतरी % |
|---|---|---|---|
| नरेंद्रदेवनगर झुग्गी | 6400/9600 | 8000/12000 | 25/25 |
| अन्ना नगर झुग्गी | 6400/9600 | 8000/12000 | 25/25 |
| गोविंदपुरा झुग्गी | 6400/9600 | 8000/12000 | 25/25 |
| गैसराहत कॉलोनी | 10000/15000 | 12000/20000 | 20/33 |
| रोशनपुरा झुग्गी | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| जनता/आशियाना | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| हम्माल कॉलोनी | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| नवाब कॉलोनी | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| गरीब नगर | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |
| उड़िया बस्ती | 10000/15000 | 12000/18000 | 20/20 |

नोट- दाम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से हैं।

### चार से पांच लाख में मकान

शहर की झुग्गी बस्तियों में अधिकतर टीनशेड मकान हैं, हालांकि इक्का दुक्का मकान आरसीसी के भी बना रखे हैं। इन झुग्गियों में 450 वर्गफीट लेकर छह सौ वर्गफीट तक के मकान बने होते हैं। यहां बीस से 25 फीसद दाम बढ़ाने से यहां रजिस्ट्री कराना महंगा हो जाएगा। उदाहरण के तौर पर नरेंद्रदेव नगर झुग्गी में वर्तमान रेट 6 हजार 400 रुपए प्रति वर्गमीटर है, जिसे बढ़ाकर 8 हजार रुपए प्रति वर्गमीटर कर दिया गया है, जिससे रजिस्ट्री कराने के लिए पंद्रह हजार रुपए तक अधिक खर्च करना पड़ेंगे।

**क्रेडाई के प्रतिनिधियों ने की महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक से भेंट**

## गाइडलाइन निर्धारण में 'रियल मार्केट फैक्टर्स' शामिल हों: मीक

**कहा-बढ़े हुए रेट नहीं, बढ़ा हुआ वॉल्यूम चाहिए**

अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कलेक्टर गाइडलाइन रेट निर्धारण की प्रक्रिया के बीच क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधियों मनोज मीक, अजय शर्मा तथा शिवनव प्रधान ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक से भेंट कर, प्रस्तावित बदलावों से जुड़े व्यावहारिक पक्षों और बाजार पर पड़ने वाले प्रभावों को तथ्यात्मक रूप से रखा। महापंजीयक ने प्रस्तुत बिंदुओं पर विवेकपूर्ण समाधान का आश्वासन दिया है। क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने स्पष्ट किया कि गाइडलाइन 'मार्गदर्शक सिद्धांत' है, इसे हर स्थिति में 'एबसोल्यूट' बनाकर लागू करने से वैध लेन-देन और अफोर्डेबिलिटी प्रभावित होती है। संगठन ने सुझाव दिया कि गाइडलाइन में एक रेंज-आधारित ढांचा अपनाया जाए, ताकि प्रॉपर्टी के वास्तविक गुण, लैंड-यूज़, फ्रंटेज, रोड-विड्थ, लोकेशन प्रीमियम, एमेनिटीज, स्पेसिफिकेशन और टाइटल-क्वालिटी के अनुसार मूल्यांकन संभव हो और अनावश्यक विवाद व स्क्रूटनी घटे। ग्रीन बेल्ट, नदी-नालों, जलाशयों के किनारे उपयोग-प्रतिबंध के अनुरूप दर जहां निर्माण व उपयोग पर नियामकीय प्रतिबंध होते हैं, वहां भूमि की उपयोगिता स्वतः कम होती है। कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में फ्लोर-वाइज रेट हैं, लेकिन व्यापार का प्रमुख संचालन ग्राउंड फ़्लोर पर होता है। ऊपर के फ्लोर्स पर प्रायः कार्यालय, अन्य सेवाएं ही संचालित होते हैं। इसलिए गाइडलाइन में फ्लोर के अनुसार अतिरिक्त युक्तिसंगत छूट दी जानी चाहिए। क्रेडाई ने यह भी प्रस्ताव रखा कि अत्यधिक गाइडलाइन के कारण जो वास्तविक क्रय-विक्रय केवल एग्रीमेंट तक सीमित रह गए और विधिवत पंजीयन नहीं हो सका, उनके लिए सीमित अवधि की एमनेस्टी स्कीम लाई जाए। इससे लंबित पंजीयन वैध होंगे, शासन के राजस्व में वृद्धि होगी और आम नागरिकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ कम होगा।

---


ट्रेन हादसे के दौरान मदद करते रेलवे के कर्मचारी।

**भोपाल में ट्रेन हादसे की मॉक ड्रिल**

## सूखी सेवनिया के पास ट्रेन हादसा कोच एक-दूसरे पर चढ़े, दरवाजे-छत काटकर यात्रियों को निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समय सुबह 11 बजे जगह-सूखी सेवनिया रेलवे स्टेशन। रेलवे अफसरों को सूचना मिली कि यहां एक ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इसमें कई यात्रियों के हताहत होने की सूचना है। स्टेशन मास्टर ने तुरंत रेलवे कंट्रोल रूम को जानकारी दी और बचाव कार्य शुरू हो गया। दुर्घटना राहत ट्रेन के जरिए टीमें मौके पर पहुंचीं।

कुछ ही मिनटों में रेलवे की टीम मौके पर पहुंच गई और एनडीआरएफ के साथ ज्वाइंट बचाव ऑपरेशन शुरू किया। एंबुलेंस को भी बुलाया गया। यहां एक ट्रेन के कोच एक-दूसरे के ऊपर चढ़े हुए थे। अंदर यात्री फंसे थे। टीम ने खिड़कियों के शीशे तोड़े, दरवाजे-छत को गैस कटर से काटा और सीढ़ी के जरिए यात्रियों को बाहर निकाला। फिर उनका प्राथमिक इलाज शुरू किया गया।

### पुलिस फायर ब्रिगेड व 108 एंबुलेंस पहुंची

सूचना प्राप्त होते ही सिविल प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, 108 एंबुलेंस सेवा तथा स्थानीय अस्पतालों के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंचे। राहत एवं बचाव दलों ने संयुक्त रूप से कार्य करते हुए दुर्घटनाग्रस्त कोचों से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें स्ट्रेचर पर रख एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को सूखी सेवनिया स्टेशन पर देखने को मिला। सुबह 11 बजे से यहां रेल हादसे की मॉक ड्रिल की गई, जिसमें रेल दुर्घटना जैसी परिस्थिति बनने पर एनडीआरएफ एवं भोपाल रेल मंडल की दुर्घटना राहत टीमें बचाव एवं राहत कार्य में जुट गईं। मॉक ड्रिल ठीक वैसे की गई, जैसे कोई हादसा हो गया हो। मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी भी मौजूद रहे।

### ऐसे यात्रियों को निकाला

इमरजेंसी गेट के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला गया। वहीं, कुछ यात्रियों को गेट और छत के जरिए भी निकाला गया। विशेष रूप से बोगी के नीचे फंसे यात्रियों को एयरबैग की सहायता से सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेलवे मेडिकल टीम ने घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया।

---

**बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी**

## मलयालम मिशन चैप्टर में एक दर्जन महिलाएं सम्मानित



महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं का सम्मान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मलयालम मिशन चैप्टर की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भोपाल के एसएन मिशन हॉल में मलयालम मिशन मध्यप्रदेश चैप्टर ने महिला दिवस विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता ओडी जोसेफ, मुख्य अतिथि डॉ. लिला साइमन थे।

आर्या नंदकुमार व गोपालकुमार एस ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर धूम मचा दी। इस दौरान केआर मनोजकुमार, पीटी दिनेशन, ललम्मा चेरियन, रेमा सुनील मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जहां एक दर्जन से अधिक महिला अध्यापिकाओं और यूनाइटेड मलयाली एसोसिएशन की महिला कार्यकारिणी का सम्मान किया गया। मलयालम मिशन चैप्टर की ओर परीक्षा परिणाम घोषणा, अध्यापकों को आईडी कार्ड वितरण, 2026 कार्यक्रम कैलेंडर विमोचन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह मलयालम गीत, लोकगीत और कविता पाठ, बच्चों के समूह नृत्य और अन्य प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम संचालन आथिरा ज्योति और अभिजीत नायर ने किया।

---

**गॉरमेट पॉपकॉर्निका के एमडी एसबीपी पट्टाभि रामाराव ने बताया**

## भारत का सबसे लोकप्रिय स्नैक बना गॉरमेट पॉपकॉर्निका, नौ प्रदेशों के साढ़े 17 हजार से अधिक किसान कंपनी के साथ 36,000 एकड़ में कर रहे उत्पादन

विजयवाड़ा से लौटकर कपिलदेव श्रीवास्तव ▶▶

चिप्स, कुरकुरे के बाद पॉपकॉर्न भारत सहित विश्व का सबसे लोकप्रिय स्नैक कहा जाए तो गलत नहीं होगा।



इसी के तहत गॉरमेट पॉपकॉर्निका भारत का सबसे लोकप्रिय पॉपकॉन में शामिल है। कंपनी का लगातार दायरा बढ़ता जा रहा है। गॉरमेट पॉपकॉर्निका के एमडी एसबीपी पट्टाभि रामाराव ने बताया कि आंध प्रदेश राज्य से साल 2014 में गॉरमेट पॉपकॉर्निका प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना दुनिया का सबसे स्वादिष्ट पॉपकॉर्न ग्राहकों को उपलब्ध कराने के उदेद्श्य के साथ की गई थी। हमारी कंपनी भारत की नंबर वन कंपनी बन गई है। तो वहीं विश्व स्तर पर चौथी सबसे बड़ी पॉपकॉर्न कंपनी है। वर्तमान में नौ प्रदेशों के साढ़े 17 हजार से अधिक किसान गॉरमेट पॉपकॉर्निका के साथ 36,000 एकड़ में विविध वातावरणों पॉपकॉर्न की खेती कर रहे है। रामाराव ने बताया कि आज पॉपकॉर्न अपने अनूठे स्वाद और पौष्टिक गुणों (उच्च फाइबर, कम कैलोरी) के कारण दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा स्नैक बन गया है।






### पॉपकॉर्न क्रंची होने के साथ ही प्रोटीन युक्त है

एमडी एसबीपी पट्टाभि रामाराव ने बताया कि हमारा पॉपकॉर्न भारत भर के 2,200 से अधिक सिनेमाघरों में उपलब्ध है। हम भारत की सबसे बड़ी सिनेमा घर के दर्शकों की पहली पसंद है। हमारे पॉपकॉर्न अनोखा स्वाद के लिए तो लोकप्रिय है। गॉरमेट पॉपकॉर्निका बहुत ही क्रंची होने के साथ ही प्रोटीन युक्त है। इसके लिए हमारी कंपनी की ओर से हाइब्रिड पॉपकॉर्न के बीज विकसित किया गया है। सबसे पहले जहां भुट्टे की कटाई के बाद, गीले भुट्टे आंध प्रदेश के मुसुनुरु स्थित गौर्मेट पॉपकॉर्निका प्रसंस्करण संयंत्र में भेजे जाते हैं, जहां विशेष तकनीकी व मशीनों की सहायता से सुखाया जाता है। छांटा जाता है, प्रेषण के लिए तैयार होने तक कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है।

### कंपनी 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है

रामाराव ने बताया कि कंपनी घरेलू पॉपकॉर्न गिरी बाजार में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है, जिसका मूल्य लगभग 1,000 करोड़ रुपए है, और अगले दो वर्षों में अपनी हिस्सेदारी को लगभग 60-65 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में अक्सर किसानों को आनाज खरीदी के बाद भुगतान को लेकर लंबी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, लेकिन हमारी कंपनी किसानों को खरीद के 15 दिनों के भीतर भुगतान किया जाता है।

### देशभर में 1.3 लाख एकड़ क्षेत्रफल का अनुमान

एसबीपी पट्टाभि रामाराव ने बताया कि भारत में पॉपकॉर्न उत्पाद के विस्तार और घरेलू मांग में वृद्धि के साथ, अगले दशक में भारत का दुनिया के अग्रणी मक्का उत्पादकों में से एक बनने की क्षमता है। देश में मक्का की कुल खेती का क्षेत्रफल करीब 1.3 लाख एकड़ होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि भारत में मक्का की खेती में पिछले कुछ वर्षों में तीव्र वृद्धि देखी गई है, हालांकि मक्का मूल रूप से इस देश की फसल नहीं है, लेकिन पिछले छह से सात दशकों में मक्का भारत में धान और गेहूं के बाद तीसरी सबसे बड़ी अनाज फसल बन गई है, और अब मक्का की खेती में भी इसी तरह की वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने पिछले आठ वर्षों में अपने खेती क्षेत्र का काफी विस्तार किया है, लगभग 840 एकड़ से बढ़ाकर लगभग 36,000 एकड़ कर दिया है, जिससे यह विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली पॉपकॉर्न कंपनियों में से एक बन गई है।

भोपाल
शुक्रवार 13 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 12, अंक : 340
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 36
न्यून. 21

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


11 रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत ...
विचार पेज
06 कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ...










## लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने हस्ताक्षर किए नोटिस में 7 आरोप

# क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हटाए जाएंगे? 200 से अधिक सांसदों ने नोटिस पर कर दिए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए 200 से अधिक सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे शुक्रवार को संसद के किसी एक सदन को सौंपा जा सकता है। विपक्षी नेताओं ने कुमार पर सात आरोप लगाए गए हैं। लोकसभा के 130 और राज्यसभा के 63 सांसदों ने एक नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की गई है। यह स्पष्ट नहीं है कि किस सदन में सौंपा जाएगा। इस बीच, विपक्ष के एक नेता ने कहा कि सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर करने में काफी उत्साह दिखाया है। आवश्यक संख्या पहले ही पूरी हो जाने के बावजूद गुरुवार को कई सांसद इस नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिए आगे आए। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने भी इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं, जबकि आप अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं है।


ज्ञानेश कुमार

### कितनी कामयाब होगी विपक्ष की यह कवायद

अगर इस हफ्ते नोटिस दे भी दिया जाता है और उसे मान भी लिया जाता है तो बहस होने में महीनों लग सकते हैं। उस समय तक पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में चुनाव खत्म हो जाएंगे, जिनके इस गर्मी की शुरुआत में होने की उम्मीद है। इस कदम पर तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि हमारी राजनीतिक और कानूनी लड़ाई संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह जारी रहेगी।

**ये है नियम?** *नियम के मुताबिक सीईसी को पद से हटाने के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर होने जरूरी हैं। वहीं, राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं*

### सीईसी के खिलाफ ये आरोप लगाए गए?

यह पहली बार है, जब किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं। इनमें पद पर रहते हुए पक्षपाती और भेदभावपूर्ण आचरण से लेकर चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालने और बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित करने जैसे आरोप शामिल हैं। विपक्ष दल कई बार मुख्य चुनाव आयुक्त पर आरोप लगा चुके हैं कि वह सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की मदद करते हैं, खासकर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में। इसके बारे में उनका आरोप है कि इसका मकसद भाजपा की मदद करना है।

## अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध से तेल व गैस संकट और गहरा हुआ

## संसद में बोली सरकार-देश में अभी पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और गैस, लंबे समय तक हालात से निपटने को तैयार

# 40 देशों से ले रहे क्रूड ऑयल, 70 फीसदी तेल होर्मुज के इतर अन्य रूटों से भी आ रहा


हरदीप पुरी


राहुल गांधी

*देश में एलपीजी सप्लाई में कमी आने की खबरों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने अपील की है कि पैनिक में न आएं। गृह मंत्रालय की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। ताकि एलपीजी सप्लाई पर नजर रखी जा सके और जमाखोरी करने वालों पर एक्शन हो*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

और गहराते तेल व गैस संकट के बाद केंद्र सरकार ने देश को संसद से आश्वस्त किया है। हालांकि, गैस एजेंसियों पर लगी लंबी-लंबी कतारों और करीब 900 रु का सिलेंडर करीब 4 हजार में मिलने की खबरों के बीच लोकसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। गैस-सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। 70 फीसदी तेल होर्मुज के इतर अन्य रूटों से भी आ रहा है। देश में अभी पर्याप्त पेट्रोल-डीजल और गैस है। लंबे समय तक हालात से निपटने को हम तैयार हैं।

पिछले पांच दिनों में, रिफाइनरी के निर्देशों के जरिए एलपीजी का प्रोडक्शन 28% बढ़ा दिया गया है और असल में आगे की खरीद चल रही है। मोदी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हरदीप पुरी ने कहा-एलपीजी का प्रोडक्शन 28% बढ़ा दिया गया


मुंबई पहुंचा जहाज

**संसद के बाहर विपक्ष का विवादित प्रदर्शन**

### नरेंदर भी गायब... सिलेंडर भी गायब

एलपीजी सिलेंडर की कथित किल्लत को लेकर संसद में गुरुवार को विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिया, जबकि संसद परिसर में विपक्षी सांसदों ने सिलेंडर संकट को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष का ▶▶ शेष पेज 4 पर

**पीएम ने कहा**

### संघर्ष के चलते पैदा हुए संकट से निपटने में हम सफल होंगे



पीएम नरेंद्र मोदी ने अपील की है कि पैनिक में न आएं। उन्होंने कहा कि हम लोग पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते पैदा हुए संकट से निपटने में सफल ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सरकार के कदम

- गृह मंत्रालय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय से समन्वय किया
- तीनों विभाग मिलकर फैक्ट चेक करने और सही सूचना देने के काम में जुटे
- केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित

▶▶ शेष पेज 4 पर

### जयशंकर की ईरानी विदेश मंत्री से तीन बार हुई बात, जहाजों की सुरक्षा पर भी चर्चा

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और ईरान के विदेश मंत्री के बीच हाल के दिनों में तीन बार बातचीत हुई है। पिछली बातचीत में शिपिंग की सेफ्टी और इंडिया की एनर्जी सिक्योरिटी से जुड़े मुद्दों पर बात हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हम उन 90 हजार भारतीय नागरिकों की भी मदद कर रहे हैं जो अजरबैजान और आर्मेनिया जाना चाहते हैं और वहां से कमर्शियल फ्लाइट्स लेकर घर लौटना चाहते हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा का पहला बयान

# खाड़ी देशों पर हमले नहीं रुकेंगे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज भी बंद रखेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**शहीद हुए लोगों और बच्चों की शहादत का बदला जरूर लेंगे**

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध अब विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गया है। ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद अपने पहले संबोधन में अमेरिका और इजराइल को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान अपने शहीदों, खासकर युद्ध में मारे गए बच्चों का बदला जरूर लेगा और क्षेत्र में अपने दुश्मनों के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाता रहेगा। हालांकि इस दौरान खामेनेई कैमरे पर नहीं दिखे।

मोजतबा ने अपने संदेश की शुरुआत अल्लाह के नाम से करते हुए कहा कि ईरान न्याय और शांति की राह पर चलता रहेगा, लेकिन अपने दुश्मनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद रखा जाना चाहिए। यह दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति गुजरती है, मोजतबा ने कहा कि हम अपने शहीदों के खून को व्यर्थ नहीं जाने देंगे, खासकर मिनाब में शहीद हुए लोगों और बच्चों की शहादत का बदला जरूर लिया जाएगा। यह भी कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना संबंधों में विश्वास करता है, लेकिन जो सैन्य ठिकाने (खाड़ी देशों में अमेरिकी बेस) ईरान के खिलाफ इस्तेमाल हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाना जारी रहेगा।


मोजतबा खामेनेई

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों को बंद करने की मांग

नए सुप्रीम लीडर ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद किया जाना चाहिए। चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो ईरान अपनी अन्य सैन्य और क्षेत्रीय क्षमताओं को भी सक्रिय करेगा। उन्होंने ईरानी सेना और सुरक्षा बलों का धन्यवाद किया और कहा कि देश की रक्षा के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं। ईरान के लोगों से अपील की कि वे देशभर में आयोजित रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में हिस्सा लें और यह दिखाएं कि देश बाहरी दबाव के सामने एकजुट है। मौजूदा संघर्ष में ईरान को अपने दुश्मनों को हराना होगा। यह लड़ाई केवल सैन्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई है।

## खबर संक्षेप

### बढ़ी खुदरा महंगाई 3.2 फीसदी पर पहुंची



नई दिल्ली। 12 मार्च को फरवरी 2026 के महंगाई दर के आंकड़े जारी किए गए। जनवरी की अपेक्षा फरवरी में रिटेल महंगाई दर में 47 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी हुई है। भारत की रिटेल महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2% हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.74% थी। यह दिखाता है कि कीमतों पर दबाव थोड़ा बढ़ा है, महंगाई अभी भी आरबीआई के 4% के मीडियम-टर्म टारगेट से काफी नीचे है।

### क्रिकेटर कुलदीप यादव की मसूरी के होटल में शादी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज कुलदीप यादव जीवन की एक नई शुरुआत करने जा रहे हैं। उनकी शादी को लेकर इन दिनों उत्तराखंड के फेमस हिल स्टेशन मसूरी में खास तैयारियां हैं। बताया जा रहा है कि शादी से जुड़े सभी प्रमुख कार्यक्रम 13 और 14 मार्च को मसूरी में ही होंगे। कुलदीप की शादी उनकी बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा से तय हुई है।

## यूपीएससी में नियुक्तियों पर राहत

# आय के आधार पर ओबीसी क्रीमी लेयर का 'दर्जा' नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ यह पदों व स्थिति को देखकर किया जाए

ओबीसी क्रीमी लेयर के निर्धारण मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने अहम टिप्पणी की। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि केवल अभिभावकों की सैलरी के आधार पर किसी की श्रेणी का निर्धारण नहीं किया जा सकता। आरक्षण के इस मामले में अभ्यर्थी के क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता या ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बरामद पत्र में लिखा भावुक संदेश

# इंदौर के किशोर ने प्रेमानंद महाराज के लिए छोड़ा घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


■ पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर तलाश शुरू की

मोबाइल पर प्रेमानंद महाराज के वीडियो और रील देखने वाले एक 15 वर्षीय किशोर पर उनकी बातों का इतना प्रभाव पड़ा कि वह घर छोड़ कर निकल गया। उसने परिवारवालों के लिए एक पत्र भी छोड़ा। जिसमें लिखा कि- मां, पापा, भैया और दीदी मैं अपने असली परिवार के पास जा रहा हूं। आप लोग मुझे खोजना मत और न ही रोना। मैं अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## बेवजह जाति प्रमाण के आवेदन रिजेक्ट किए

# दीक्षा भगोरे को पंधाना के एसडीएम के पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा


■ सांवले को एसडीएम का चार्ज

कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे को पंधाना एसडीएम पद से हटा दिया है। उन्हें कलेक्ट्रेट कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भगोरे के एसडीएम कार्यकाल की जांच होना चाहिए। इसके लिए भोपाल जाकर मुख्य सचिव से मिलेंगे और जांच की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि एसडीएम रहते हुए दीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सागर में रूह कंपा देने वाली घटना

# 4 बेटियों को बारी-बारी से कुए में फेंका, फिर मां ने लगा ली फांसी


शव निकालते ग्रामीण

**घटना के पीछे वजह घरेलू कलह मानी जा रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्यों के लिए खेत का कुआं काल बन गया। एक महिला ने पहले अपनी 4 मासूम बेटियों को कुए में फेंका और बाद में खुद भी पेड़ पर फंदा बनाकर झूल गई। जिसने भी इस घटना को के बारे में सुना दहल उठा। मामला केसली थाना क्षेत्र के टाडा चौकी के खमरिया गांव का है। पुलिस के अनुसार खमरिया निवासी 30 वर्षीय सविता लोधी ने पारिवारिक कलह से अपनी चार बेटियों को कुए में फेंककर खुद ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बेटियों में सबसे बड़ी की उम्र 7 साल है और सबसे छोटी बेटी की उम्र 5 महीने थी। सविता ने कलेजे पर पत्थर रखकर पहले मासूमों ▶▶ शेष पेज 4 पर

## भोपाल में 30-31 मार्च को युवा विधायकों का सम्मेलन

# मप्र-छग और राजस्थान के 70 से ज्यादा विधायक होंगे शामिल

**सम्मेलन का उद्देश्य संसदीय प्रणाली विधायी प्रक्रियाएं और नेतृत्व कौशल पर विचार विमर्श करना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


विधानसभा

मध्य प्रदेश विधानसभा के विधान परिषद भवन में 30 और 31 मार्च को युवा विधायक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम विशेष रूप से युवा विधायकों के प्रशिक्षण और अनुभव साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इसमें विधायकों को नीति निर्माण, स्थानीय प्रशासनिक कार्य और संसदीय कार्यशैली के बारे में गहन जानकारी मिलने का मौका मिलेगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने कहा कि इस सम्मेलन में तीनों राज्यों के ▶▶ शेष पेज 4 पर

**लोकसभा अध्यक्ष सहित कई हस्तियां हो सकतीं हैं शामिल**

सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्षों को भी विशेष आमंत्रण ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आरएसएस में सांगठनिक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी, हरियाणा की बैठक में रखा जाएगा प्रस्ताव

## आज से शुरू होगी हरियाणा में पानीपत के समालखा गांव में बैठक, 15 तक चलेगी

# अब होंगे राज्य और संभाग प्रचारक प्रांत स्तर की व्यवस्था होगी 'खत्म'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में अब अलग-अलग प्रांत प्रचारकों की जगह एक राज्य प्रचारक का दायित्व होगा। क्षेत्र प्रचारकों की संख्या भी कम हो सकती है। जिला, तहसील, ब्लॉक और गांवों तक कार्यकर्ताओं को ज्यादा अधिकार दिए जाएंगे। वहीं प्रांत की जगह अब संभाग प्रचारक का दायित्व होगा, ये एक संभाग यानी कमिश्नरी के प्रचारक होंगे। ये विभाग प्रचारक और राज्य प्रचारक के बीच की इकाई होंगे। दरअसल, आरएसएस अपने सांगठनिक ढांचे में बड़ा बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में इस सांगठनिक ढांचे में प्रस्तावित बदलावों पर मुहर लग सकती है। बदलाव का प्रस्ताव हरियाणा में पानीपत के समालखा गांव में 13, 14 और 15 मार्च ▶▶ शेष पेज 4 पर


फाइल फोटो

### फिलहाल बड़े राज्य कई प्रांतों में बंटे हैं

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंदर अब तक राज्य कोई इकाई नहीं थी। बड़े राज्य कई प्रांतों में बंटे हैं। इनके प्रांत प्रचारक जमीनी और शीर्ष कार्यकर्ताओं के बीच कड़ी का काम करते थे। अब प्रांत की जगह एक राज्य प्रचारक होगा। इनके ऊपर क्षेत्र प्रचारक बने रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, अभी देशभर में 11 क्षेत्र हैं। इनमें 11 क्षेत्र प्रचारक हैं। नई व्यवस्था में क्षेत्रों की संख्या घटाकर 9 करने का प्रस्ताव है। लिहाजा क्षेत्र प्रचारकों की संख्या भी घटेगी।*

### संभागों की संख्या और उनके पदाधिकारी बढ़ेंगे

*उच्च पदाधिकारियों की संख्या घटेगी, संभाग स्तर पर नए पदाधिकारी, प्रचारक नियुक्त होंगे। अभी जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर संघ कार्यकर्ता तो हैं, लेकिन उन्हें प्रांत स्तर के पदाधिकारियों के भरोसे रहना पड़ता था। अब ये कार्यकर्ता संभाग प्रचारकों के संपर्क में रहेंगे। संघ भी इन कार्यकर्ताओं को ज्यादा शक्तियां देगा। अभी जिला स्तर पर कार्यकर्ता को क्या दायित्व दिया जाएगा, इस पर भी चर्चा होगी। जिला स्तर तक प्रचारक होंगे या सहायक प्रचारक जैसा कोई दायित्व मिलेगा।*

सॉफ्टवेयर की दिक्कत से ऑनलाइन नहीं हो रही सिलेंडर की बुकिंग, उपभोक्ता परेशान

# खाद्य एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों ने लिया जायजा, कहा-मंडीदीप में गैस सिलेंडर का भरपूर स्टॉक, उपभोक्ता किसी के बहकावे में न आएं

## ब्लैकर और रीलबाज से उपभोक्ताओं में फैली असमंजस की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में भी घरेलू गैस के लिए नागरिक अफवाहों का शिकार हो रहे हैं। नगर की एजेंसी में गैस सिलेंडर के पर्याप्त स्टॉक हैं, लेकिन ब्लैक में और कालाबाजारी करने वाले दलालों के कारण यहां गैस की कीमत में बढ़ोतरी देखी जा रही है। हकीकत ये है कि गैस सिलेंडर का स्टॉक पर्याप्त मात्रा है। एक और जहां खाद्य विभाग, प्रशासनिक अधिकारी नागरिकों को गैस की टंकी दिलाने में भरकस प्रयास कर रहे हैं, वहीं उपभोक्ता रीलबाजों के चक्कर में अफवाह का शिकार हो रहे हैं। नतीजन गैस एजेंसी में सुबह से ही लोगों की भीड़ देखी जा रही है। वहीं गुरुवार को मंडीदीप में खाद्य एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी द्वारा अलग-अलग जगहों में गैस टंकी के स्टॉक की जांच की, इस दौरान उन्हें गोदामों में घरेलू गैस सिलेंडर का भरपूर स्टॉक होना पाया। अधिकारियों ने कहा उपभोक्ता किसी के बहकावे में न आएं। ऑनलाइन सिलेंडर की बूकिंग करें आप को सिलेंडर मिल जाएगा। अभी साफ्टवेयर में दिक्कत आ रही है, जल्द ही समस्या ठीक हो जाएगी।

### अफवाह फैलाकर 1000 रुपए की गैस की टंकी मिल रही 1700 रुपए में


गैस एजेंसी के गोदाम का अवलोकन करते अधिकारी।


गैस एजेंसी पर पहुंचकर जानकारी लेते एडीएम।

### ऑनलाइन बुकिंग करने पर उपभोक्ताओं के घर पर पहुंच जाएगा सिलेंडर


गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की लगी कतार।

**सुबह आठ बजे से उपभोक्ता लग रहे लाइन में**

मंडीदीप में उपभोक्ताओं के द्वारा गैस न मिलने के अफवाह से सुबह से ही गैस एजेंसी में भीड़ देखने को मिल रही है। एजेंसी में सुबह 8 बजे से उपभोक्ता लाइन लगाकर कर खड़े हो जाते हैं। गैस उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग में सर्वर बंद होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रशासन ने सभी एजेंसी के गोदाम का किया निरीक्षण

गैस की किल्लत को देखते हुए गौहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रताप सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी शीला सुराणा, समेत पूरा अमला नगर के तीनों गैस एजेंसी के गोदाम का निरीक्षण किया, जहां स्टॉक और लोगों के बुकिंग में हो रही असुविधा को जांचा और परखा।

### बुकिंग कर अपना गैस सिलेंडर ले उपभोक्ता

नगर में कुछ लोगों के रीलबाजी के कारण उपभोक्ता असमंजस में है। घरेलू गैस गोदाम में भरपूर स्टॉक है, उपभोक्ता किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आएं, अपने गैस की ऑनलाइन बुकिंग करें और सिलेंडर प्राप्त करें।

लोकेश बीरचंदानी, मालिक, लोकेश एचपी गैस एजेंसी मंडीदीप।

### घरेलू गैस सिलेंडर का भरपूर स्टॉक

मंडीदीप में आज खाद्य एवं प्रशासनिक विभाग द्वारा अलग-अलग जगहों में गैस टंकी के स्टॉक की जांच की गई। घरेलू गैस सिलेंडर का भरपूर स्टॉक है, अफवाह पर ध्यान न दें।

प्रताप सिंह, खाद्य अधिकारी,

## खबर संक्षेप



### आरती यादव को जन्म दिवस की दी बधाई

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति की अध्यक्ष आरती यादव, मानसी मित्तल, अनुराधा विजयवर्गीय, सपना रैकवार, प्रियंका गुप्ता ने पूजा पाठ कर गायत्री माता से आशीर्वाद प्राप्त किया और सभी मिलकर नगर में महिला शक्ति को आगे बढ़ाने की योजना बनाई। इस अवसर पर आरती यादव को उनके जन्मदिन की बधाई थी।

### झूलेलाल के अवतरण दिवस पर शोभायात्रा

**औबेदुल्लागंज।** भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर भव्य आयोजन करने के लिए सिंधी



समाज के लोगों ने बैठक आयोजित की। बैठक में समाज के लोगों ने 20 मार्च को भगवान झूलेलाल की अवतरण दिवस पर अभिषेक, पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभा यात्रा निकालने की तैयारी पर चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश वासवानी, उपाध्यक्ष भुरामल आडवाणी, सचिव रतन मेघानी, कोषाध्यक्ष साजन वासवानी, मनोज मेघानी एवं मीडिया प्रचार प्रसार प्रभार कमलेश मेघानी, सोनू वासवानी, रवि वासवानी उपस्थित रहे।

### नगर परिषद के अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा गर्म

**औबेदुल्लागंज।** नगर में चाय पान की दुकान पर राजनीतिक चर्चा गरम है कि इस बार नगर नगर परिषद का अध्यक्ष पद पिछड़ा वर्ग पुरुष होने की संभावना है। अगर पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष पद आरक्षित हुआ तो सबसे वजनदार दावेदार वचन लोधी, सुनील सेरिया, राजेश खटीक, राजाराम यादव खिल्लीखेड़ा, दुर्गेश यादव, रामकिशोर नंदवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता कन्हैया नंदवंशी के बड़े पुत्र भूपेंद्र नन्वंशी, पार्षद दीपू परमार, गजेंद्र नागर, विक्रांत राय, मनोज चौरसिया इन सभी के नाम चर्चा में है। अनिल अरोरा कहते हैं कि अगर पिछड़ा वर्ग आरक्षित हुआ तो सोनू चौकसे का टिकट पक्का है।

### किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित जिंसी पुलिस चौकी के पीछे रहने वाले किशोर अब्दुल रहमान (17) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार शाम उसने सोडा पीया था। रात में उल्टी हुई सुबह तक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां दो दिन तक चले इलाज के बाद बुधवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 9483 | | |
| दिन: | 260 | 88 | 134 |
| रात: | 357 | 52 | 679 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 390 | 20 | 136 |
| रात: | 370 | 04 | 590 |

आत्महत्या से पहले किया मैसेज, पत्नी के कारण मर रहा हूं

# पत्नी से प्रताड़ित क्रेन ऑपरेटर ने लगाई फांसी, जान से मरवाने की देती थी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित जगदीशपुर गंज मोहल्ला में बुधवार शाम क्रेन ऑपरेटर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले उसने अपने भाई व पत्नी को मैसेज किया था। मैसेज में लिखा था कि मैं अपनी पत्नी के कारण में मर रहा हूं।

परिजन का कहना है कि पत्नी आए दिन उससे विवाद करती थी और मायके जाकर बैठ जाती थी। उसने धमकी भी दी थी कि सरेराह कटवा कर फिकवा दूंगी। आरोप है कि पत्नी के अलावा सास व बड़ी सास भी कॉल पर मृतक से गाली-गलौज कर झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रही थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गंज मोहल्ला जगदीशपुर निवासी केशव धानक (27) क्रेन ऑपरेटर था। करीब 4 साल पहले उसने बंगरसिया में रहने वाली युवती से शादी की थी। परिजन का आरोप है कि शादी के बाद भी केशव की पत्नी मोबाइल पर अन्य लोगों से बात करती थी। उसे केशव ने दूसरे व्यक्ति से बात करते देख लिया था। तभी से दोनों के बीच विवाद चला आ रहा था। विवाद के चलते पत्नी आए दिन मायके जाकर बैठ जाती थी। कई दिनों तक वह लौटती नहीं थी। केशव की सास व पत्नी की बड़ी बहन भी कॉल कर उसे प्रताड़ित करती थीं। उस पर फर्जी केस दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी देती थीं। आए दिन की प्रताड़ना और अभद्र व्यवहार से दुखी होकर बुधवार शाम करीब पौने छह बजे केशव धानक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### मृतक के चाचा ने पुलिस को सौंपा चार ऑडियो क्लिप, जांच में जुटी

मृतक के चाचा विनोद ने बताया कि पुलिस को चार ऑडियो क्लिप दिए हैं। उन सभी में केशव की पत्नी, उसकी मां व बड़ी बहन केशव के साथ गाली-गलौज कर रही हैं। पत्नी सरेराह कटवा कर फिकवा देने की धमकी दे रही है। महिला संबंधी गंभीर अपराध में झूठा मुकदमा कायम करा कर जेल भिजवाने की धमकी भी देती नजर आ रही हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। ऑडियो क्लिप को भी जांच में शामिल किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकेगा।

## एलएलबी की पढ़ाई कर रही छात्रा ने घर में फांसी लगाकर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित ई-सेक्टर में गुरुवार सुबह एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जुड़वा बहन ने घर के हाल में उसे फंदे पर लटका देखा। फंदे से उतारकर परिजन उसे पास के अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन का कहना है कि उनकी बेटी होनहार थी, लेकिन कुछ दिनों से उसका पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। वह करीब एक महीने से उसने कॉलेज जाना छोड़ दिया था। पुलिस के मुताबिक ई-सेक्टर अयोध्या नगर निवासी शिव थापा प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। पत्नी बुटिक में काम करने जाती हैं। उनकी दो जुड़वा बेटियां थीं। उनसे छोटा एक बेटा है। एक बेटी अंकिता थापा (17 साल 8 माह) एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार रात खाना खाकर दोनों बहनें सोने चली गई। माता-पिता ऊपर वाले कमरे में थे। सुबह करीब चार बजे अंकिता की बहन की नींद खुली तो उसने उसे हाल में लैपटॉप चलाते देखा। अंकिता अक्सर रात में लैपटॉप चलाती थी। जुड़वा बहन उसे जबरन सुलाने के लिए ले गई। सुबह करीब सात बजे नींद खुली तो उसने हाल में अंकिता को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजनों की नींद खुल गई थी। एएसआई मनोज कुशवाह का कहना है कि अंकिता होनहार थी लेकिन कुछ दिनों से उसका मन पढ़ाई में नहीं लग रहा था। उसने पहले सेमेस्टर की परीक्षा भी नहीं दी थी। करीब एक माह से वह कॉलेज भी नहीं जा रही थी। उसका मोबाइल भी एक-डेढ़ महीने से बिगड़ा पड़ा था। हालांकि माता-पिता उसे समझाइश भी देते थे लेकिन अंकिता ने कभी ऐसी कोई बात अथवा परेशानी का जिक्र नहीं किया, जिससे आत्महत्या करने जैसे कदम का अंदेशा हो।

**अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित ई-सेक्टर का मामला**

लोगों ने पीछा कर दबोचा, पुलिस को सौंपा

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर के घर में घुसे चोर, छत से कूदकर भागे

**चोरों ने घर से चोरी किया मोबाइल व चेन-अंगूठी रास्ते में फेंक दिए थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित सावन नगर हलालपुर बस स्टैंड के पास रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर के घर में घुसे दो चोर छत से कूदकर भागने लगे। उन्होंने पीछा कर लोगों की मदद से आरोपियों को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

आरोपियों ने अलमारी से एक मोबाइल, सोने की चेन और एक अंगूठी चोरी की थी। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सावन नगर हलालपुर लालघाटी निवासी रवि गंगवानी (40) सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। विगत 10 मार्च की रात करीब 8 बजे उनकी मां मीनाक्षी मंदिर गई हुई थीं। रवि, पत्नी निकिता के साथ घर के मुख्य गेट पर ताला लगाकर किसी काम से बाहर गए थे। करीब आधा घंटे बाद गंगवानी दंपती घर लौटे तो घर के अंदर कमरे का दरवाजा खुला मिला। तभी ऊपर के कमरे से अलमारी खुलने की आवाज आई। रवि गंगवानी ने आवाज लगाई कौन है। इस बीच दो अज्ञात युवक छत का दरवाजा खोलकर नीचे कूद गए। रवि गंगवानी ने नीचे उतरते हुए आवाज लगाई और उनका पीछा करने दौड़े। तभी वह भागते-भागते रास्ते में एक महिला सहाना से टकरा गए। उसकी गोद में बच्चा था। रवि गंगवानी गिरते-गिरते बचे। उसके बाद रवि ने अपने भाई कपिल और सहाना के भाई तथा आसपास के लोगों की मदद से दोनों युवकों को आरके होटल के पीछे दबोच लिया।

### दोनों चोर सीहोर के रहने वाले हैं

पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम आमिर व फरहान दोनों निवासी सीहोर का होना बताए। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और युवकों को हिरासत में ले लिया। तभी रवि की पत्नी निकिता ने आकर बताया कि अलमारी में रखा एक मोबाइल, एक सोने की चेन व एक सोने की अंगूठी नहीं है। आमिर व फरहान की तलाशी लेने पर उनके पास सामान नहीं मिला। उन्होंने बताया कि भागते समय चोरी किया सामान रास्ते में फेंक दिया था।

## इकलबाड़ा, बिनेका, बोरदा में नवीन अटल पंचायत भवन का भूमिपूजन


भूमिपूजन करते मंडल कार्यकर्ता।

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा के निर्देश अनुसार गुरुवार को जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज की ग्राम पंचायत इकलबाड़ा में लगभग 37 लाख 50 हजार रुपए तथा ग्राम बिनेका, बोरदा में लगभग 37 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनने वाले नवीन अटल पंचायत भवन का औबेदुल्लागंज मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन भवनों के निर्माण से पंचायतों के प्रशासनिक कार्यों में सुविधा बढ़ेगी तथा क्षेत्र की आम जनता को शासकीय सेवाएं और योजनाओं का लाभ अधिक सुगमता से प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर जिला जनपद सदस्यों की अध्यक्ष सुलेखा चौहान, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, अशोक यादव, रामपाल सिंह चौहान, इकलबाड़ा के सरपंच भल्लावी माधव यादव, गजेंद्र नागर, बाबूलाल चौहान, रामकिशोर चौहान, जनपद सीईओ निखिलेश कटारे, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, मनोज चौरसिया, सरपंच अनीता भल्लावी आदि लोग भूमि पूजन में शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाई 1008 आदिनाथ भगवान की जयंती पूजा कर भक्तांबर पाठ किया

**औबेदुल्लागंज।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री 1008 आदिनाथ भगवान की जयंती महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर और संस्थापक हैं, जिनका जन्म अयोध्या में महाराज नाभिराय और माता मरूदेवी से हुआ था। उन्होंने मानव सभ्यता को कृषि, व्यापार, लेखन और राजनीति की शिक्षा देकर 'युग प्रवर्तक' की भूमिका निभाई। उन्होंने राज्य त्यागकर कैलाश पर्वत पर मोक्ष प्राप्त किया।

इस अवसर पर सुबहा रेलवे रोड स्थित जैन मंदिर एवं मेन रोड स्थित जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन विधान किया गया। शाम को मंदिर में भक्तांबर के 48 काव्य पढ़कर 48 दीप प्रज्वलित कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीचंद जैन, रूपेश पवन जैन, रवि जैन, अनुराग नीती जैन, इंद्रा तरुण जैन, इंजी मुकेश जैन, कविता जैन, मनोज सुषमा जैन, आशारानी, प्रदीप शिरोमणि जैन, मीना ऋषभ जैन, सुनील समता जैन, संगीता जैन सहित जैन समाज के अन्य लोग उपस्थिति थे।

मातृशक्ति संस्थान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन

## कथा में आध्यात्मिक संदेशों को सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर


भागवत कथा के दौरान पहुंचे गणमान्य लोग।

संत नगर स्थित मातृशक्ति संस्थान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक आचार्य कृपा शंकर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों के माध्यम से धर्म, भक्ति और संस्कारों का महत्व समझाया।

आचार्य कृपा शंकर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि माता-पिता से बढ़कर इस संसार में कोई दूसरा हितैषी नहीं होता। वे अपने बच्चों के सुख-दुख में जीवन भर साथ खड़े रहते हैं और बिना किसी स्वार्थ के उनका पालन-पोषण करते हैं। इसलिए हर संतान का कर्तव्य है कि वह अपने माता-पिता का सम्मान करे और उनकी सेवा को अपना धर्म माने। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान करता है, उस पर भगवान की विशेष कृपा बनी रहती है। गुरुवार को कथा वाचन करते हुए आचार्य ने श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए भक्तों को सत्य, प्रेम, करुणा और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके मधुर वचनों और आध्यात्मिक संदेशों को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पूरे मनोयोग के साथ कथा का रसपान किया। प्रथम आरती में विशेष रूप से प्रियंक कानूनगो कैबिनेट मंत्री, भारत सरकार, अनिल पचौरी, जगदीश यादव राजेश हिंगोरानी, कमल विधानी, राज मनवानी, सुरेश वासवानी, नवरंग धाकड़, राधे महाराज, पंडित रवि पटेरिया, कमल मनसुखानी, रानू चौहान, राजू अहिरवार, भरत सेन ने शामिल होकर व्यास पीठ का पूजन किया।

## मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार का मुआवजा

**भोपाल।** निजी कंपनी के सहायक प्रबंधक की सारंगपुर इलाके में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मृत्यु के मामले में जिला न्यायालय में प्रस्तुत किए गए क्लेम प्रकरण में जिला न्यायाधीश प्रहलाद सिंह कैमेथिया ने मृतक के परिजनों को 1 करोड़ 13 लाख 29 हजार 306 रूपए की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से दिए जाने के आदेश सड़क दुर्घटना करने वाले वाहन के स्वामी ,चालाक और न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड अरोरा हिल्स भोपाल को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से एलबी यादव अधिवक्ता ने जिला न्यायालय में क्लेम का प्रकरण प्रस्तुत किया था। 40 वर्षीय राम आसरे शर्मा 5 अगस्त 2023 को रात्रि 11:30 बजे कार चलाते हुए जा रहा था। आराध्या रेस्टोरेंट के सामने सारंगपुर में रांग साइड से ट्रक के चालक ने कार में टक्कर मार दी थी।

अयोध्या नगर, अवधपुरी, बागसेवनिया में बढ़ी झपटमारी की वारदात

# राजधानी में झपटमार सक्रिय... बुजुर्ग महिलाओं को कर रहे टारगेट, पुलिस नहीं कर रही एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में झपटमारी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। दो पहिया वाहन से झपटमारी करने वाले झपटमार अयोध्या नगर, अवधपुरी और बागसेवनिया में लगातार झपटमारी की वारदात कर रहे हैं।

इसके विपरित थाना पुलिस एफआईआर दर्ज करने की बजाय सीधे झपटमारों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। ऐसा ही मामला अयोध्या नगर में आया, जहां झपटमारी की घटनाओं की शिकायत करने पहुंचे फरियादियों को जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का हवाला दिया गया और अयोध्या नगर पुलिस ने झपटमारों को गिरफ्तार कर झपटमारी की घटनाओं का खुलासा कर दिया। झपटमारों ने अवधपुरी और बागसेवनिया में भी झपटमारी की घटनाएं की थी। एक ताजा मामला अवधपुरी थाना क्षेत्र में आया है। यहां भेल की रिटायर्ड महिला कर्मचारी के गले से चेन झपट ली। झपटी गई चेन की कीमत 75 हजार रुपए बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शारदा शर्मा (61) रीगल होम्स अवधपुरी में रहती हैं और शासकीय विभाग से रिटायर्ड हैं। बुधवार दोपहर वह स्कूटर लेकर बाजार गई थीं। दोपहर करीब सवा 1 बजे वह स्कूटर से घर लौट रही थी। अवधपुरी स्थित बी-सेक्टर के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन झपटकर भाग निकले। झपटी गई चेन की कीमत 75 हजार रुपए है। सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके की घेराबंदी की, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। अब पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### सीसीटीवी कैमरों से लुटेरों की तलाश

इधर, चूनाभट्टी थानांतर्गत ईश्वर नगर में रहने वाले पीतर हटीला (48) बीते रविवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे बाबा नगर से पैदल अपने घर लौट रहे थे। चूनाभट्टी चौराहा पहुंचने पर उनके बेटे का फोन आया तो वह मोबाइल पर बातचीत करते हुए चलने लगे। इसी दौरान सर्वधर्म कालोनी की तरफ से आ रहे स्कूटर सवार तीन लड़के उनके पास पहुंचे। स्कूटर पर बीच में बैठे युवक ने पीतर के हाथ पर झपट्टा मारकर उनका मोबाइल फोन छीन लिया। इस दौरान पीतर ने उनकी पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन तीनों बदमाश स्कूटर लेकर मौके से भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत 11 हजार रुपए बताई गई है। घटना के बाद वह घर पहुंचे, लेकिन किसी को बताया नहीं। अगले दिन बेटे को घटना की जानकारी दी और बाद में थाने जाकर झपटमारी की शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार उक्त मामले में दो नाबालिग और उनके साथी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि पुलिस ने झपटमारों की गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी है।

# रमजान माह के 20 रोजे पूर्ण अब तीसरे अशरे की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



रमजान के 20 रोजे पूरे हो चुके हैं, अब तीसरे अशरे का आगाज हो चुका है। इसके साथ ही नगर की मस्जिदों में युवा एहतेकाफ में इबादत के लिए बैठ गए हैं। बता दें कि रमजान के आखिरी दस दिनों (अशरा) में सांसारिक मोह-माया छोड़कर मस्जिद में रहकर अल्लाह की इबादत करना। इसे 'सुन्नत-ए-मुअक्कदा' (विशेष सुन्नत) माना जाता है, जिसमें व्यक्ति मस्जिद (महिलाओं के लिए घर का कोना) में ठहरकर नमाज, कुरान की तिलावत और दुआ में लीन हो जाता है।

पूरा समय कुरान का पाठ, तस्बीह (अल्लाह का जिक्र) और नमाज में बिताना, कम बोलना और सिर्फ अच्छी बातें करना। एतिकाफ करने वाले को भोजन या पानी मुहैया कराना बहुत पुण्य का काम है। इस दौरान व्यापार, मोबाइल या दुनियावी कामकाज पूरी तरह बंद कर दिए जाते हैं। इसके लिए औबेदुल्लागंज नगर की मस्जिदों में भी युवा बैठ कर इबादत ओर दुआ कर रहे हैं। इस अवसर पर जामा मस्जिद ईमाम हाफिज नदीम, अफजाल हसन, सदर गुड्डू, सलीम बाबा, अमीन, महफूज़, मजीद, आमिर ममनून, आसिफ पठान, नईम, अफसर, रईस खान, आमीन, महफूज, राशिद खान आदि का सहयोग रहा।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 13 मार्च 2026

रमज़ान मुबारक
इफ्तार शुक्रवार:6:34 बजे
सहरी शनिवार: 4: 52 बजे



LPG संकट की आहट

## कम नहीं हो रही एलपीजी गैस सिलेंडर के लिए लोगों की मशक्कत, घरों में चूल्हा जलने का संकट हुआ खड़ा

# छठवें दिन भी सिलेंडर की बुकिंग अटकी, जिंसी और करोंद की एजेंसियों पर हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि टीम ▶▶भोपाल

इजराइल, अमेरिका और ईरान में चल रहे युद्ध को लेकर प्रदेश में छठवें दिन भी लोगों को घरेलू गैस सिलेंडरों के लिए मशक्कत करना पड़ी, बावजूद इसके उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिल पाए हैं। इधर लोगों के घरों में चूल्हा जलने का संकट खड़ा हो गया है, जिसकी वजह से लोगों को ब्लैक में तीन हजार रुपए का सिलेंडर तक खरीदना पड़ रहा है। बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं देने पर गुरुवार को जिंसी स्थित प्रदीप इंडेन गैस एजेंसी पर तीन सौ से अधिक लोग जमा हो गए। घबराए एजेंसी संचालक ने पुलिस बुलाकर सिलेंडर की सप्लाई की है। इधर, करोंद स्थित हैप्पी इंडेन गैस एजेंसी पर भी लोगों ने सिलेंडर नहीं देने पर हंगामा कर दिया, जिससे संचालक को पुलिस बुलानी पड़ी। इधर, कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्र में गैस एजेंसियों की निगरानी करने की जिम्मेदारी दी है।

इंडियन ऑयल कंपनी की नोडल अधिकारी शिवानी का कहना है कि उपभोक्ता बुकिंग कर सकते हैं, जिसके सर्वर में कोई दिक्कत नहीं है। उपभोक्ताओं को अगले ढाई दिन में सिलेंडर घर पहुंचाया जाएगा। जबकि हकीकत यह है कि गैस सिलेंडरों की किल्लत होने की वजह से लोगों को कालाबाजारी वाले महंगे दामो के सिलेंडर खरीदना पड़ रहे हैं। अफसरों के दावे के बाद भी गुरुवार देर रात तक सिलेंडरों की बुकिंग नहीं हो सकी, जिसकी वजह से लोगों को ब्लैक में सिलेंडर लेने के लिए अधिक दाम चुकाना पड़े। इधर अपर कलेक्टर सुमित पांडे का कहना है कि जिन लोगों के सिलेंडर की बुकिंग हो रही है, उन्हें सिलेंडर दिया जा रहा है।

### भारत, एचपी, इंडेन की बुकिंग फेल ब्लैक में मिल रहा 3 हजार में सिलेंडर

### अफसरों का दावा, बुकिंग होगी, ढाई दिन में घर पहुंचाएंगे सिलेंडर

### रिफलिंग सेंटर पर छापा, महिलाओं ने किया हंगामा


जिंसी की प्रदीप इंडेन गैस एजेंसी पर हंगामा करते लोग।

गुरुवार को जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने गांधी में लईक के गैस रिफलिंग सेंटर पर छापा मारकर 15 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। अफसर जब सिलेंडर जब्त करने लगे तो यहां एक दर्जन से अधिक महिलाओं ने अफसरों को घेर लिया। उनका कहना था कि सिलेंडरों की किल्लत चल रही है ऊपर से सिलेंडर जब्त कर रहे हैं। टीम ने गांधी नगर पुलिस को बुलाकर सिलेंडर जब्त किए हैं। इधर बुधवार को भी करोंद स्थित सात दुकान में गैस रिफलिंग के दौरान सिलेंडर फट गया था, जिसके बाद निशातपुरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज किया है।

### कमर्शियल सिलेंडर की भी कालाबाजारी

होटलों को चार दिन से कमर्शियल सिलेंडर पूरी तरह बंद करने के बाद कमर्शियल सिलेंडरों की कालाबाजारी भी बढ़ गई है। एक दिन पहले 24 सौ रुपए में मिलने वाला कमर्शियल सिलेंडर गुरुवार को तीन हजार रुपए तक में बेचा गया। इधर घरेलू गैस सिलेंडर के लिए लोगों को दोगुना तक दाम देना पड़ रहे हैं।

### एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूटा

बुकिंग नहीं होने के बाद शहर की गैस एजेंसियों के बाहर ऑफलाइन गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ रही है। करोंद निवासी सुभाष नागले ने बताया कि गैस कनेक्शन में एक ही सिलेंडर है। अब समझ नहीं आ रहा घर में खाना कैसे बनाया जाए। इधर, कई उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने पहले ही गैस सिलेंडर बुक करा दिया था, लेकिन इसके बावजूद डिलीवरी नहीं हो पाई।

### बुकिंग नहीं होने की ढेरों शिकायतें

भारत, इंडेन और एचपी गैस का सर्वर ठप होने से कई जगह घरेलू गैस की बुकिंग बंद होने की शिकायतें आई हैं। खाद्य विभाग के अफसरों के फोन दिन भर सिलेंडरों की बुकिंग नहीं होने को लेकर फोन घनघनाते रहे।

### रमजान में रोजेदार महिलाओं की बढ़ी परेशानी

रमजान के महीने में गैस की किल्लत से रोजेदार महिलाओं की परेशानी बढ़ गई है। महिलाओं का कहना है कि फोन से गैस बुकिंग नहीं हो रही और एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल रहा। रोजों के बीच गैस के लिए भटकना पड़ रहा है।

## भोपाल में एलपीजी संकट से होटल-रेस्टोरेंट वाले परेशान, कई बना रहे इंडक्शन पर खाना


टीटी नगर दशहरा मैदान में सिलेंडर लेने के लिए लोगों की कतार।

राजधानी भोपाल में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता नहीं होने का असर सीधे होटल-रेस्टोरेंट कारोबार पर दिखाई देने लगा है। शहर में कई चाय-नाश्ते की दुकानें अस्थाई रूप से बंद हो गईं, तो वहीं कई रेस्टोरेंट और छोटे होटल मजबूरी में इंडक्शन कुकिंग की ओर शिफ्ट होते दिखे। घरेलू सिलेंडर के लिए भी शहर की गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं, जहां लोग घंटों इंतजार कर रहे हैं। इतना ही नहीं, गैस बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं भी एलपीजी गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है तो बुकिंग नंबर पर ठप पड़े होने से गैस सिलेंडर की बुकिंग नहीं हो रही है।

भोपाल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार शहर में 1500-2000 से ज्यादा होटल-रेस्टोरेंट हैं, जहां रोजाना 2000-2500 कमर्शियल सिलेंडर उपयोग किए जाते हैं। कई होटल संचालकों के पास सिर्फ 24 घंटे का स्टॉक बचा है। उसके बाद बंदी तय। कुछ जगहों पर लकड़ी-कोयला चूल्हा या डीजल भट्टी का सहारा लिया जा रहा है, लेकिन यह महंगा और असुविधाजनक है। रमजान और शादी-विवाह सीजन में कैटरिंग और इवेंट्स पर बड़ा और बुरा असर पड़ेगा, जिसके दुष्प्रभाव से कई बुकिंग कैंसिल होने की आशंका है।

### मुनाफाखोरी और अवैध रीफिलिंग का चल रहा खेल

राजधानी भोपाल सहित समूचे प्रदेश में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर को लेकर हाहाकार मचा हुआ है तो वहीं अब एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में भी प्रभावित होने लग गई है। जिससे कई लोगों की रसोई ठंडी पड़ रही हैं। इस बीच युद्ध के कारण बिगड़ी सप्लाई चेन का बहाना बनाकर मुनाफाखोरी और कालाबाजारी का खेल शहर में शुरू हो गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर महंगाई और घटतौली दोनों की दोहरी मार पड़ रही है। ईरान-इजरायल संघर्ष के चलते कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई बंद होने के बाद एलपीजी गैस सिलेंडर की बुकिंग सॉफ्टवेयर क्रेश होने के बाद मुनाफाखोरी और कालाबाजारी करने वाले लोग सक्रिय हो गए हैं। मुनाफाखोर लोग भरे हुए एलपीजी सिलेंडर से अवैध रिफलिंग के जरिए गैस निकाल रहे हैं और उपभोक्ता को सिलेंडर में गैस की घटतौली कर चूना लगा रहे हैं।

### दुकान बंद होने से परिवार के गुजारे का संकट : जाटव

न्यू मार्केट में फास्ट फूड की दुकान चलाने वाले प्रीतम सिंह जाटव ने बताया कि उनकी दुकान का सिलेंडर खत्म हो गया और नया सिलेंडर मिल नहीं रहा है। दुकान बंद करने की नौबत आ गई है। हम पिछले 20 साल से दुकान चला रहे हैं और इसी से हमारे परिवार का गुजारा होता है। सिलेंडर खत्म होने से सामान भी खराब होने की कगार पर है। अगर गैस नहीं मिली तो दुकान बंद करनी पड़ेगी। ऐसे में परिवार का पालन-पोषण और बच्चों की पढ़ाई कैसे होगी, यह चिंता सताने लगी है।

### आखिरी चाय पिलाकर एक हफ्ते के लिए दुकान बंद

न्यू मार्केट में चाय की दुकान चलाने वाले संजीव कुमार जायसवाल ने भी इसी तरह की परेशानी बताई। कहा कि आखिरी सिलेंडर खत्म हो गया। कल से गैस नहीं है, इसलिए मजबूरी में दुकान एक हफ्ते के लिए बंद करनी पड़ रही है। अगर जल्द गैस नहीं मिली तो आर्थिक स्थिति और बिगड़ जाएगी। परिवार गांव चला गया है, लेकिन दुकान बंद होने से बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा।

### पिछले दो दिन में बुकिंग तीन गुना तक बढ़ी

गैस एजेंसी संचालक आरके गुप्ता का कहना है कि पिछले दो दिनों में सिलेंडर की बुकिंग अचानक बढ़ गई है। पहले जहां लोग होम डिलीवरी का इंतजार करते थे, वहीं अब खुद एजेंसी पहुंचकर सिलेंडर लेने लगे हैं। एजेंसी संचालकों के मुताबिक सामान्य दिनों की तुलना में सिलेंडर की बुकिंग दो से तीन गुना तक बढ़ गई है, इसी कारण एजेंसियों पर भीड़ दिखाई दे रही है।

### शादी सीजन पर संकट और कमर्शियल सप्लाई ठप

भोपाल एलपीजी डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन के आरके गुप्ता ने कहाकि कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई पूरी तरह रुक गई है। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय पर पड़ा है। मौजूदा हालातों को देखते हुए कंपनियों ने घरेलू गैस बुकिंग के नियम भी सख्त कर दिए गए हैं। अगली बुकिंग के लिए कम से कम 25 दिन का अंतर अनिवार्य कर दिया गया है।

## गैस सिलेंडरों की कमी का असर ट्रेनों पर भी...वंदे भारत के मेन्यू से रोटी-पराठा गायब, शताब्दी में नहीं दिया जा रहा गर्म खाना

### आने वाले समय में यात्रियों को पैकेज्ड फूड से चलाना होगा काम

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कमी का असर अब रेल सेवाओं पर भी दिखाई देने लगा है। भोपाल से चलने वाली वीआईपी ट्रेनों के मेन्यू पर इसका असर देखने को मिल रहा है। रेल यात्रियों द्वारा इस मामले को लेकर लगातार शिकायत कर खाने में एक दो आइटम गायब होने के साथ अब गर्म खाना नहीं परोसा जा रहा है। तो वहीं आईआरसीटीसी के अधिकारियों का कहना है कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है। यात्रियों को मेन्यू के हिसाब से ही खाना परोसा जा रहा है। तो वहीं रेलवे सूत्रों के अनुसार गैस की ऐसे ही किल्लत रही,तो आने वाले दिनों में यात्रियों को पैकेज्ड फूड ही परोसा जाएगा। ऐसे ही काम चलाना पड़ेगा।


वंदेभारत एक्सप्रेस के इस पैकेट में रोटी की जगह चावल दिए गए।

### आरकेएमपी वंदे भारत व शताब्दी एक्सप्रेस के यात्रियों ने की शिकायत

आरकेएमपी वंदे भारत व शताब्दी के यात्रियों द्वारा गर्म खाना नहीं परोसे जाने को लेकर शिकायत की जा रही है। ग्वालियर से भोपाल आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रियों को नियमित रूप से मिलने वाला गर्म खाना उपलब्ध नहीं कराया जा सका। इसकी जगह यात्रियों को पैक्ड फूड दिया जा रहा है।

### वंदे भारत में सिर्फ चावल, पनीर और दही परोसा गया

रेल यात्रियों के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस में पहले की मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं परोसा जा रहा है। यात्रियों का कहना है कि गुरुवार को गाड़ी संख्या 20911 इंदौर-नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस में सफर करने वाले यात्रियों को रोटी व परांठा और एक सब्जी कम दी गई। ट्रेन के सी-6 कोच में सफर कर रहे सर्वेश कुमार ने रेलवे से शिकायत करते हुए कहा कि मैंने वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा की और यात्रा के दौरान दोपहर का भोजन परोसा गया, वह अधूरा था। केवल चावल, पनीर और दही परोसा गया, जो अपेक्षित पूरा नहीं है। इसी तरह मांसाहारी भोजन में पनीर परोसा गया था। मेन्यू के अनुसार रोटी व पराठा नहीं दिया। तो वहीं एक सब्जी भी कम दी गई।

### बेस किचन में गैस की किल्लत

सूत्रों के अनुसार ग्वालियर में रेलवे बेस किचन है। इसमें रेलवे के 3000 से अधिक यात्रियों के लिए रोजाना खाना बनाता है। यहां पर गैस की किल्लत का असर देखने को मिल रहा है। किचन से वंदे भारत एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो एक्सप्रेस, शताब्दी और तेजस एक्सप्रेस जैसी प्रीमियम ट्रेनों को खाना सप्लाई की जाती है। गैस की किल्लत की वजह से खाने के मेन्यू पर आने वाले दिनों में असर देखने को मिल सकता है। हालांकि रेलवे की ओर से इंडक्शन और माइक्रोवेव के इस्तेमाल पर जोर दिया है।

## दूध बेचने लाइसेंस जरूरी, उपकरणों की होगी निगरानी

**भोपाल।** प्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी। इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही। प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा।

## निगम की 40 साल पुरानी 5 दुकानों के छज्जे भरभराकर गिरे

### जवाहर चौक पर हादसा...गनीमत रही दुकानदार और किसी ग्राहक को नहीं आई चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

जवाहर चौक स्थित नगर निगम की पांच दुकानों के गुरुवार दोपहर छज्जे अचानक भरभराकर गिर गए, जिससे वहां मौजूद दुकानदार और ग्राहकों में दहशत फैल गई। सीमेंट के छज्जे गिरने की वजह से वहां धूल का गुबार उठने लगा, जिसके बाद दुकानदार और ग्राहकों ने वहां से भागकर जान बचाई। गनीमत रही कि मलबे की चपेट में कोई नहीं आया। इन दुकानों में मोहम्मद नईम की बाइक रिपेयरिंग सेंटर, अनूप सिंह राठौर की फोटो फ्रेम की दो दुकानें, कलीमुद्दीन की सीसीटीवी आइटम्स और सतीश यादव की स्पोर्ट्स आइटम्स की दुकानों के छज्जे गिरे हैं। छज्जा गिरने से दुकानों के बाहर रखा सामान टूट गया।

### मुख्य सड़क पर चल रहे मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान ड्रिलिंग से होता है कंपन


दुकानों का छज्जा गिरने के बाद नुकसान को देखते लोग।

दुकानदारों का आरोप है कि दुकानों के ठीक सामने मुख्य सड़क पर मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण चल रहा है। रात के समय ड्रिलिंग से कंपन होता है। दुकानदारों का मानना है कि कंपन की वजह से दुकानों की नींव और छज्जे कमजोर हो गए थे, जो गुरुवार को ढह गए।

### दुकानदारों ने की मरम्मत की मांग

दुकानदार मो. नईम का कहना है कि गुरुवार को दुकान के बाहर रिपेयरिंग के लिए गाड़ियां लगी हुईं थीं। छज्जा गिरने से सुधरने के लिए आईं गाड़ियों को नुकसान हुआ है। यह नगर निगम की दुकानें हैं, जो करीब 40 साल पुरानी हैं।



## औरस एकेडमी में छात्र की पिटाई का वीडियो वायरल, पैरेंट्स में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित औरस एकेडमी में छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। विवाद छात्रों के बीच हुआ था और टीचर ने बीच बचाव के बीच एक छात्र से मारपीट कर दी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

पुलिस ने उक्त मामले में जांच की और वीडियो के आधार पर टीचर को बुलाया था। साथ ही कोचिंग संचालक को भी बुलाया, लेकिन परिजन ने शिकायत दर्ज करने से इंकार कर दिया। लिहाजा पुलिस ने किसी तरह का कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया है। प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में टीचर द्वारा छात्र से मारपीट की घटना होने से अभिभावकों में भय बना हुआ है।

यह घटना क्लास के दौरान हुई, जब दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद एक शिक्षक ने छात्र को थप्पड़ और मुक्के मार दिए। क्लास में मौजूद किसी छात्र ने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों और छात्रों में नाराजगी देखने को मिली।

लोगों ने कोचिंग संस्थानों में छात्रों के साथ होने वाले व्यवहार पर सवाल उठाए। जानकारी के बाद एमपी नगर पुलिस ने जांच शुरू की और कोचिंग प्रबंधन से पूछताछ की। हालांकि पीड़ित छात्र के परिवार ने औपचारिक शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया। इस कारण पुलिस की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अभिभावकों में भय बना हुआ है।

### निगम ने बोट क्लब पर बड़े तालाब के एफटीएल के पचास मीटर के क्षेत्र में बना दीं 26 दुकानें

## बोट क्लब के रंजीत लेक व्यू, जॉक, विंड्स एंड वेब और लहर रेस्टॉरेंट भी 50 मीटर की जद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

बड़े तालाब को बचाने के लिए सीमांकन का काम जारी है। टीटी नगर एसडीएम की टीम ने वन विहार के पास से सर्वे शुरु किया, जिसकी शुरुआत में नगर निगम द्वारा लीज पर दिए गए जॉक रेस्टॉरेंट पर लाल निशान लगाया गया है। रेस्टॉरेंट का चार हजार वर्गफीट एरिया पचास मीटर के दायरे में आया है। इसके साथ लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेक व्यू का निर्माण पचास मीटर के दायरे में किया गया है। टीम ने बोट क्लब की बाउंड्री को एफटीएल मानते हुए सर्वे किया है। इधर नगर निगम के फूड जोन में बनी 26 दुकानें भी पचास मीटर की जद में आई हैं।

### टीम ने चौथे दिन प्रेमपुरा क्षेत्र के बोट क्लब पर किया सीमांकन


बोट क्लब पर रंजीत होटल में कार्रवाई करती टीम।

### जॉक रेस्टोरेंट और रंजीत होटल के दस्तावेज किए जब्त

नायब तहसीलदार सुनीता तहलवार का कहना है कि बोट क्लब पर अधिकतर अतिक्रमण नगर निगम के हैं। जॉक और होटल रंजीत प्राइवेट रूप से संचालित किए जा रहे हैं। जिसकी परमिशन और दस्तावेज लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक करीब अस्सी अतिक्रमण तालाब के फुल टैंक लेबल से पचास मीटर के दायरे में आए हैं। गुरुवार को टीम जब बोट क्लब पहुंची, तो वहां विंड्स एंड वेब की नपती में चार हजार वर्गफीट एरिया और रेस्टॉरेंट का टॉयलेट, स्टोर रूम जद में आया है।

### गेम जोन, कचरा कैफे बनाया

टीम ने एफटीएल के पचास मीटर सर्वे में बोट क्लब के सामने बने गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कांपलेक्स, लहर जिम, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्टोरेंट को अतिक्रमण में दर्ज किया है। इसके साथ तालाब के एफटीएल पर रेस्टोरेंट का निर्माण भी किया गया है।


बोट क्लब पर 50 मीटर के दायरे में आया जॉक रेस्टोरेंट।



विंड एंड वेव्स रेस्टोरेंट पर कार्रवाई करती टीम।

### 36 साल पहले मिली होटल की परमिशन

रंजीत लेकव्यू होटल के प्रोपराइटर का कहना है कि हमनें वर्ष-1989 में होटल की बिल्डिंग परमिशन ली थी, जिसके बाद वर्ष-2000 में होटल की शुरुआत की गई थी। होटल ग्राउंड फ्लोर के साथ तीन मंजिला बनी हुई है।

## पेज एक का शेष

### 40 देशों से ले रहे क्रूड ...

सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और जरूरतमंदों की रसोई में किसी भी तरह की कमी न हो। घरेलू सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और डिलीवरी साइकिल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कार्गो को यूनाइटेड स्टेट्स, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस से मंगाया जा रहा है। लाइबेरिया ध्वज वाला शेनलॉन्ग नाम का सुएजमैक्स टैंकर 1,35,335 मीट्रिक टन से ज्यादा सऊदी क्रूड ऑयल लेकर बुधवार को मुंबई पहुंचा है। यह जहाज दो हफ्ते से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष के बाद होर्मुज से गुजरकर भारत पहुंचने वाला पहला बड़ा क्रूड टैंकर है। ये जहाज रास तनूरा बंदरगाह से 1 मार्च को लोड होकर निकला था और 8 मार्च को होर्मुज से गुजरा। इस दौरान जहाज ने ट्रैकिंग सिस्टम को कुछ समय के लिए बंद कर दिया था, ताकि विवादित इलाके में सुरक्षित गुजर सके। गृह मंत्रालय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय से संपर्क साधा है। तीनों विभाग मिलकर फैक्ट चेक करने और सही सूचना देने के काम में जुटे हैं। इस बीच हालात संभालने के लिए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ मीटिंग की है। ऐसा इसलिए ताकि कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके और अफवाहों से उपजे हालातों से भी निपटने में मदद मिले।

### नरेंदर भी गायब... सिलेंडर...

कहना है कि देश के कई हिस्सों में सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इस पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और सरकार इस पर जवाब देने के लिए तैयार है। एलपीजी संकट को लेकर संसद परिसर में राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सांसदों ने नरेंदर भी गायब, सिलेंडर भी गायब जैसे नारे लगाए और सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

### संघर्ष के चलते...

होंगे। उन्होंने कहा कि किसी को भी परेशान होने की जरूरत नहीं है और सभी के हितों की रक्षा की जाएगी। तमिलनाडु में एनडीए की मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह अपील की। इसके अलावा होम मिनिस्ट्री की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। ऐसा इसलिए ताकि एलपीजी सप्लाई पर नजर रखी जा सके और जमाखोरी करने वालों पर एक्शन हो।

### सरकार के ...

- प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस प्रमुखों के साथ मीटिंग की
- ताकि कानून व्यवस्था को बनाए रखा जा सके और अफवाहों से उपजे हालातों से भी निपटने में मदद मिले

### आय के आधार पर ...

अभिभावकों की सैलरी के आधार पर नहीं किया जा सका। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अपने फैसले में सरकार की अपील को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि क्रीमी लेयर दर्जा का निर्धारण करते समय माता-पिता या अभिभावकों के पदों और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। बेंच ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाई कोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी उम्मीदवारों को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें गलत तरीके से क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। अदालत ने साफ किया कि अधिकारियों ने उम्मीदवारों को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया। जस्टिस महादेवन ने फैसले में लिखा कि कोई उम्मीदवार क्रीमी लेयर में आता है या नहीं, इसका फैसला केवल आय के आधार पर नहीं हो सकता।

### इंदौर के किशोर ...

माता-पिता के पास जा रहा हूं। परिजनों ने किशोर के लापता होने पर थाने में रिपोर्ट लिखवाई। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। यह घटना इंदौर की कृष्णपुरा कॉलोनी में हुई। जांच में पता चला कि किशोर ने देहरादून जाने वाली ट्रेन भी गूगल पर सर्च की। इसके बाद अब वहां की पुलिस को भी बच्चे की तस्वीर व अन्य दस्तावेज भेजकर अलर्ट कर दिया गया है। बच्चे ने अपने एक साथी से घर से निकलने के लिए पांच सौ रुपए लिए थे। पत्र में यह भी जिक्र किया कि उसके दोस्त को 500 रु. लौटा देना।

### दीक्षा भगोरे को पंधाना ...

भगोरे ने सरकारी जमीनों पर कब्जे करवाए हैं। साथ ही आदिवासियों के साथ अन्याय किया है। जिन लोगों ने जाति प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन किए थे, उन्हें बिना कारण बताए रिजेक्ट कर दिया गया। जिन्होंने इसके खिलाफ अपील की, उनके जाति प्रमाण पत्र बना दिए गए। पंधाना विधायक छाया मोरे की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे के खिलाफ कार्रवाई की गई। उनकी जगह पूर्व में पदस्थ रहे डिप्टी कलेक्टर दिनेश सांवले को पंधाना एसडीएम का चार्ज दिया गया है। आरोप है कि जितने भी जाति प्रमाण-पत्र के आवेदन एसडीएम के पास गए, उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया। इन आवेदनों की संख्या करीब 1400 है।

### 4 बेटियों को बारी-बारी ...

को खेत पर कुए में फेंका, जब उसने देखा कि सभी डूब गईं तो फिर, खुद भी जान दे दी। ग्रामीणों ने जो कहानी सुनाई उसमें सविता का पति चंद्रभान लोधी ट्रक चलाता है और वह महीनों तक वह घर नहीं आता है। जिसकी वजह से महिला परेशान रहती थी। घरेलू कलह इसमें बड़ी वजह मानी जा रही है, फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गांव वालों की मदद से बच्चियों के शव निकलवाए। ग्रामीणों ने गोता लगाकर बच्चियों के शव को खोज कर बाहर निकाला। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची थी।

### मप्र-छग और राजस्थान ...

लगभग 70 से 80 युवा विधायक भाग लेंगे। राजस्थान और छत्तीसगढ़ से आने वाले विधायकों की लिस्ट पहले ही मांगी जा चुकी है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार सम्मेलन में शामिल होने वाले सभी विधायक 45 वर्ष से कम उम्र के होंगे, ताकि युवा प्रतिनिधियों के बीच विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान हो सके।

### लोकसभा अध्यक्ष ...

भेजा गया है। आयोजकों का कहना है कि वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति सम्मेलन को अनुभव और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिहाज से महत्वपूर्ण बनाएगी। कार्यक्रम स्थल, बैठकों का शेड्यूल और प्रतिभागियों के आवागमन की योजना पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में सत्र, परिचर्चा और अनुभव साझा करने वाले कार्यक्रम होंगे।

### अब होंगे राज्य और...

को होने वाली बैठक में पेश होगा। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में सभी सुझावों के साथ एक प्रस्ताव बनेगा, जिसे सितंबर 2026 की बैठक में पारित किया जाएगा। फिर जनवरी-फरवरी 2027 तक सभी जगह लागू किया जा सकता है। सूत्रों की माने तो 'पूरी मशक्कत का सिर्फ इतना मतलब है कि संघ रिजल्ट और टारगेट ओरिएंटेड बने। प्रचारकों के हिस्से में उतनी आबादी और क्षेत्र होगा, जितने में वो आसानी से फोकस कर सकें।

# करंसी कन्वर्ट कराने का झांसा देकर 1 लाख 36 हजार की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर अज्ञात सायबर जालसाज के लिए धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। फरवरी में करंसी कन्वर्ट के नाम पर युवती के साथ ऑनलाइन ठगी हुई थी। युवती को एक हजार डॉलर की जरूरत थी। बदले में आरोपी ने गूगल-पे पर यूपीआई आईडी भेजकर 1 लाख 36 हजार ट्रांसफर करा लिए, लेकिन उसके बाद भी डॉलर नहीं दिए। पुलिस के अनुसार फ्लैट नंबर 6, फोर्थ फ्लोर भोपाल अपार्टमेंट शाहजहांनाबाद निवासी सना यूसुफ (33) ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि उसे डॉलर की जरूरत थी। उन्होंने टेलीग्राम पर बीटीसी माइनिंग ग्रुप में एक विज्ञापन देखा। ग्रुप के एक सदस्य ने कहा कि एक डॉलर 91 रुपए में दिया जाएगा। डॉलर की जरूरत होने पर सना यूसुफ ने उससे बात की। ग्रुप मेंबर ने अपना नाम राज बताया और अपने साथी का नाम विवान बताया। राज ने अपना मोबाइल नंबर भी बताया। सना यूसुफ ने उससे वाट्सएप पर बात की। राज ने उन्हें विवान का नंबर दिया और कहा कि भोपाल में उसका एक दोस्त है। अगर आप उससे डॉलर लाते हो तो मुझे दे देना। वह तुरंत तुम्हें पैसे भेज देगा। कुछ समय बाद विवान का फोन आया और उसने पूछा कि उसे कितने डॉलर देने हैं। उसने बताया कि उसे एक हजार डॉलर देना हैं। फिर वाट्सएप पर राज ने कहा कि आपको यूपीआई आईडी भेजा है।

**उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर**
**प्रत्यर्थी को अपील की सूचना (नोटिस)**
**(अधिनियम क्रमांक 5, सन् 1908 का आदेश इकतालिस, नियम 14)**
**अपील क्रमांक MA/1297/2014**

Process Id : 75159/2026
Respondent No.1 On admission Fixed for 30-03-2026 For Publication
MOHD. FAHIM अपीलार्थी
ANWAR ALI प्रत्यर्थी

सन् 2011 के MACC क्रमांक 1419 सन् 2011 में न्यायालय MEMBER, MACT SHRI B.K. DEIVEDI, BHOPAL (MADHYA PRADESH) की डिक्री/आदेश, दिनांक 13-01-2014 के विरूद्ध अपील।

प्रति,
ANWAR ALI S/O MUBARAK ALI, H.NO. 55 KAPIL NAGAR P.S. NISHATPURA, DISTRICT- BHOPAL, MADHYA PRADESH प्रत्यर्थी, अपील की सुनवाई का दिनांक, कृपया सूचित करें कि ऊपर वर्णित अपील श्री Appellnt द्वारा प्रस्तुत की गई और इस न्यायालय में पंजीवित की गई है तथा इस न्यायालय द्वारा अपील की सुनवाई का दिनांक 30-03-2026 नियत की गई है। आपत्तियां, प्रति आपत्तियां, यदि कोई हो, इस सूचना (नोटिस) के प्राप्त होने के दिनांक से एक महीने के भीतर फाइल की जानी चाहिए।, कागजात तथा दस्तावेज फाइल करने का दिनांक, कृपया इस बात से भी सूचित हो कि आपसे यह भी अपेक्षित है कि आप दिनांक 30-03-2026 को या उससे पहले ऐसे कागजात और दस्तावेजों की, जो आप कागजातो करने का दिनांक की पुस्तक में शामिल करना चाहते हैं, एक सूची अपने स्वयं के खर्च से तैयार करके इस न्यायालय में परिदत्त करें। सूची में ऐसे कागजात और दस्तावेजों का उल्लेख करना आवश्यक नहीं है जिन्हें इस न्यायालय के नियमों के अधीन शामिल किये जाने की बाध्यता है।, सूची निम्नलिखित फार्म में होना चाहिये:- कागज का विवरण (दिनांक सुभेदक चिह्न तथा पृष्ठ संख्या (1) पूरा शामिल किया जाना है या उसका एक भाग शामिल किया जाना है (यदि कोई एक भाग शामिल किया जाना हो, तो पंक्तियों आदि का उद्धरण देते हुए स्पष्ट रूप से विनिर्दिष्ट करें) (2) कागजात की पुस्तक का पृष्ठ (कार्यालय में भरा जाय) (3) यदि आप कागजात की पुस्तक में कोई कागज शामिल नहीं करना चाहते हो, तो यह अपेक्षित है कि आप उक्त दिनांक 30-03-2026 को या उसके पहले एक रिक्त सूची फाइल करें। आपको अपील की सुनवाई के लिए नियत दिनांक को तैयार रहना चाहिए, किन्तु यदि न्यायालय के काम-काज के कारण अपील उस दिनांक को न्यायालय में न सुनी जा सके तो वह उसके बाद यथासाध्य शीघ्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी। यदि आपकी ओर से आप स्वयं, आपका वकील या इस अपील के संबंध में आपके लिए कार्य करने के लिये विधिवत् प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं हुआ, तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी जायेगी और निर्णय दिया जायेगा। अपील से संयत निचले न्यायालयों में अभिलेख इस न्यायालय में प्राप्त हो गए है और निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं। आज दिनांक ....... को मेरे हस्ताक्षर और उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की मुहर से दिया गया।

**प्रधान सहायक, न्यायिक शाखा**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**
**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू. एस.-293 मण्डल द्वारा श्री निकेश साहू आत्मज स्व. श्री सुरेश साहू के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 10/11/2017 को पंजीकृत है। श्री निकेश साहू द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री नदीम अहमद खान आत्मज श्री मतीन अहमद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 29/08/2023 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। उसके पश्चात श्री नदीम अहमद खान द्वारा उक्त सम्पत्ति सुश्री प्रियंका गुप्ता पुत्री श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06/01/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। क्रेतागण / विक्रेता एवं विक्रेता के मुख्तारआम द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री निकेश साहू से श्री नदीम अहमद खान के पक्ष एवं श्री नदीम अहमद खान से सुश्री प्रियंका गुप्ता पुत्री श्री विष्णु प्रसाद गुप्ता से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाहीं की जा रही हैं। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक जूनि. एम.आई.जी. (डुप्लेक्स) 677 जी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री रमेश कुमार गंगवानी आत्मज श्री जेठानन्द गंगवानी एवं श्री गोपाल दास बजाज आत्मज श्री मनमोहन दास बजाज के नाम भाडाकय आधार पर हस्तान्तरण आदेश क. 3258-62 दिनांक 31/12/2015 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27/01/2023 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बृजेश के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17/02/2026 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सुनीता पत्नी श्री बृजेश के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

**जाहिर सूचना**
**मकान नं. 31, महात्मा गांधी वार्ड, नगरपालिका नूरपुरा के पीछे, शुजालपुर, तह. व जिला शुजालपुर (म.प्र.)**

मेरे पक्षकार DMI हाऊसिंग फाईनेंस प्रा. लि., शाखा जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल, की ओर से सर्वसाधारण को सूचित हो कि श्रीमती रुक्साना बी पत्नी रियाज अली ने अपनी एक संपत्ति जो कि मकान नं. 31, महात्मा गांधी वार्ड, नगरपालिका नूरपुरा के पीछे, शुजालपुर, वार्ड नं. 11, तह० व जिला शुजालपुर (म.प्र.) में स्थित है, को मेरे पक्षकार बैंक के पास बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया है। उक्त संपत्ति की नाप 850 वर्गफिट होकर चतुर्सीमायें पूरब- रास्ता, पश्चिम तस्लीम का भवन व नगरपालिका, उत्तर- याकूब खान का भवन व दक्षिण में-आबिद खान का भवन है। यह कि उक्त संपत्ति श्रीमती रुक्साना बी को एक पंजीयत सह-स्वामित्व विलेख के माध्यम से प्राप्त हुई है जो कि उप-पंजीयक कार्यालय, शुजालपुर, जिला शाजापुर में ई-पंजी नं. MP18IGR18582026A100182665 पर दि. 16/02/26 को पंजीकृत है। उक्त सह-स्वामित्व विलेख की मूल प्रति मेरे पक्षकार बैंक के पास जमा होगी। साथ ही संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज जैसे कि समस्त अनुमतिया, अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नामांतरण पत्र इत्यादि मेरे पक्षकार बैंक के पास सुरक्षित रखे गए हैं। यदि उक्त सम्पति में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी इत्यादि का किसी भी प्रकार का ऋण, भार, दान, बंधक या कोई हित हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का अनुबंध हो तो, वह व्यक्ति, इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेजी प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि उक्त समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान कर देंगे तथा अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली कोई भी आपत्ति या विवाद न तो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा एवं न ही मान्य होगा।

**अभिषेक पंसारी अधिवक्ता**
कार्यालय, दुकान संख्या 02, जिला बार कैंटीन, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 मो. 9993186085

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



हरिभूमि समाचार है सही, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर



सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा
आफिस: आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330
R- 12/03/26 to24/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यकता**

ट्रक 6 चक्का, 10 चक्का, 14 चक्का लोकल चलाने के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है। वेतन 30,000/- संपर्क- बसना मो. 91091-91899, 94252-13622.

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
– व्यावस्थापक

**पश्चिम मध्य रेल**
**No JBP/C/NFR/E-Tender/26 Date 09.03.2026**

मडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **क्र. 1, श्रेणी:** रीवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में रेल कोच रेस्टोरेंट, **निविदा सं. :** MSS-JBP-REWA-RCR-119-26-1, **कार्य का विवरण :** रीवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में रेल कोच रेस्टोरेंट, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 12.03.2026 15.30, **क्र. 2, श्रेणी:** MYR स्टेशन पर ROMT आधारित रिटायरिंग रूम, **निविदा सं. :** PnU-JBP-MYR-WRL-32-25-1, **कार्य का विवरण :** रिटायरिंग रूम एवं डॉरमेट्री सुविधाओं के नवीनीकरण, संचालन, रखरखाव एवं हस्तांतरण का अनुबंध, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 16.03.2026 15.30, **क्र. 3, श्रेणी:** KTE स्टेशन पर ROMT आधारित वेटिंग रूम, **निविदा सं. :** PnU-JBP-KTE-WRL-29-25-1, **कार्य का विवरण :** कटनी स्टेशन पर AC वेटिंग रूम का उन्नयन, रखरखाव एवं संचालन का कार्य, आधुनिक सुविधाओं, मल्टीपर्पस स्टॉल एवं टूरिस्ट कियोस्क सहित, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 16.03.2026 15.40, **क्र. 4, श्रेणी:** विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु निविदा।, **निविदा सं. :** ADVT-EBW-155494-3-26-1, **कार्य का विवरण :** ट्रेन संख्या 22189/90 JBP-REWA, 11265/66 JBP-ABKP एवं 11651/52 JBP-SGRL में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का उपयोग वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु विनाइल रैपिंग के माध्यम से, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 18.03.2026 15.30, **क्र. 5, श्रेणी:** विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु निविदा।, **निविदा सं. :** ADVT-EBW-288200-1-26-1, **कार्य का विवरण :** ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का उपयोग वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु विनाइल रैपिंग के माध्यम से, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 18.03.2026 15.40, **क्र. 6, श्रेणी:** विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु निविदा।, **निविदा सं. :** ADVT-EBW-127872-4-26-1, **कार्य का विवरण :** ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का उपयोग वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु विनाइल रैपिंग के माध्यम से, **निविदा समाप्ति दिनांक व समय :** 18.03.2026 15.50। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई–बोली सूचना मडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**// कार्यालय प.ह.न.-18 मुख्यालय- लांबाखेडा रा.नि.मं. ईटखेड़ी सड़क तहसील -हुजूर जिला - भोपाल //**

रा.प्र.क्र. -/अ-27/2024-25
ग्राम का नाम लांबाखेडा
प.ह.न. - 18 तहसील हुजूर जिला भोपाल
-: सूचना पत्र :-

एतद द्वारा सूचित किया जाता है की आवेदक श्री इकबाल सिंह पिता स्व. श्री कुलवंत सिंह निवासी-ग्राम लांबाखेड़ा भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा ग्राम लांबाखेडा प.ह.न. 18 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नंबर 247/1/3/2, 247/2/2/2/1/1 कुल रकबा 1.2140 हे. भूमि भूमि के बटवारे एवं नक्शा बटान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का खाता विभाजन एवं प्रस्तावित नक्शा बटान (फर्द बटवारा) मेरे द्वारा दिनांक 18/03/26 को समय 12:30 Pm बजे स्थल पर किया जावेगा। सहखातेदार होने के कारण एवं उक्त बटवारा एवं प्रस्तावित नक्शा बटान से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में बटवारा एवं प्रस्तावित नक्शा बटान कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी।
आज दिनांक 10/03/26 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**हल्का पटवारी**
**रा.नि.मं. - ईटखेड़ी सड़क**
**तहसील हुजूर जिला - भोपा**

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6163



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य, ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

**शब्द पहेली- 6162 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | य | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | य | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | य | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 6173

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### वीवो वॉय51 प्रो 5जी वाला नया स्मार्टफोन लांच

**नई दिल्ली।** वीवो इंडिया ने अपने वाय सीरीज में नया स्मार्टफोन वीवो वाय51 प्रो 5जी लांच किया। नया वाय51 प्रो उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं। यह स्मार्टफोन ऐसा अनुभव देता है जो रोजमर्रा की तेज़ और बदलती दिनचर्या के साथ कदम मिलाकर चलता है।लंबे समय तक चलने वाली परफॉर्मेंस, स्मूथ मल्टीटास्किंग और रोजमर्रा के आसान इस्तेमाल पर खास ध्यान देते हुए यह डिवाइस वीवो की उस सोच को दिखाता है।

### सैमसंग ने स्मार्टफोन एम17ई 5जी पेश किया

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड,ने अपने गैलेक्सी एम17ई 5जी की सारी खूबियों की जानकारी दी है। यह फोन 17 मार्च को लांच किया जाएगा। तेजी से बदलती डिजिटल जीवनशैली में युवा यूजर्स को ऐसे डिवाइस की जरूरत होती है जो उनके काम करने, संवाद करने और कंटेंट उपभोग करने के तरीके के साथ तालमेल बिठा सकें। गैलेक्सी एम17ई 5जी एक शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद बैटरी, कुशल प्रोसेसिंग, इनेबल्ड कैमरे और इंटेलिजेंट सॉफ्टवेयर को जोड़कर एक संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करता है।

### बिरला इंस्टीट्यूट और हेक्सालॉग के बीच एमओयू

**नई दिल्ली ।** ग्रेटर नोएडा स्थित बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी ने सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उद्योग से जुड़ी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हेक्सालॉग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ तीन साल का एमओयू किया है। इस साझेदारी के तहत बिमटेक कैंपस में सप्लाई चेन एवं लॉजिस्टिक्स के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से एआई इन लॉजिस्टिक्स, सप्लाई चेन एनालिटिक्स और डिजिटल फ्रेट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में उद्योग-उन्मुख माइक्रो-क्रेडेंशियल्स और सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।

## आयुर्वेदिक अनुसंधान को मिली एक नवीन दिशा

# पंतजलि अनुसंधान संस्थान में अत्याधुनिक जेब्राफ्रिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरिद्वार

भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धंवंतरि स्वरुप, आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया। यह जेब्राफिश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र मंप एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी। मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण जेब्राफिश और ड्रोसोफिला जैव चिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं। ज़ेब्राफ़िश की प्रारंभिक विकास के चरण में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव डिसीज़ मेकेनिज्म, टॉक्सिकोलॉजी और दवा खोज अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं।


उद्घाटन अवसर पर पूजा-पाठ

### भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है: बालकृष्ण

इस अवसर पर संबोधित करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित करना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि जेब्राफिश और ड्रोसोफिला मॉडल आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी पारदर्शी संरचना वैज्ञानिकों को जीव के अंदर होने वाली जैविक प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर प्रदान करती है।

### पंतजलि अनुसंधान में विभिन्न जीव मॉडल्स पर व्यापक शोध कार्य

*पंतजलि अनुसंधान संस्थान में पूर्व से ही विभिन्न जीव मॉडल्स पर व्यापक शोध कार्य किया जा रहा है। जेब्राफिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला इन सभी क्षेत्रों के वैज्ञानिकों को एक साझा मंच प्रदान करेगी, जिससे आयुर्वेदिक औषधियों के प्रभावों का समग्र अध्ययन किया जा सकेगा। पतंजलि द्वारा स्थापित इस नवीन जेब्राफिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला द्वारा संस्थान भारतीय पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के माध्यम से वैश्विक स्तर पर अनुसंधान और नवाचार को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है।*

## कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बाधित होने से कैटरर्स परेशान

# कैटरर्स बोले- लकड़ी और डीजल की भट्टी पर खाना बनाना 'सुरक्षित' नहीं

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

राजधानी भोपाल में ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध का असर अब सीधे तौर पर दिखाई देने लगा है। इसका प्रभाव आम लोगों के जनजीवन पर भी पड़ता नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा असर इन दिनों शादियों पर पड़ रहा है। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा के अनुसार देर रात हुई शादियों और आज होने वाली शादियों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी हो गई है। इसके चलते कैटरर्स को लकड़ी की भट्टी और डीजल की भट्टी पर खाना बनाना पड़ रहा है।


फाइल फोटो

### लकड़ी की भट्टी पर मुख्य भोजन बनाना मुश्किल

भोपाल में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की खपत प्रतिदिन करीब 10 हजार सिलेंडर की है। एक बड़ी शादी में करीब 35 से 50 सिलेंडर, जबकि छोटी शादियों में 10 से 15 सिलेंडर तक की जरूरत पड़ती है। विवाह मुहूर्त के दिनों में शहर में करीब 25 हजार शादियां होती हैं। ऐसे में इस महीने होने वाली शादियों के लिए बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है। शहर के कैटरर्स का कहना है कि लकड़ी की भट्टी पर मुख्य भोजन तो किसी तरह बन सकता है, लेकिन कई अन्य व्यंजन बनाना मुश्किल हो जाएगा।

### गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएंगे तो ही काम करेंगे और ऑर्डर लेंगे

उन्होंने कहा कि राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के कई बड़े कैटरर्स ने 15 मार्च तक की शादियों के ऑर्डर तो स्वीकार किए हैं, लेकिन अब उनके सामने कमर्शियल गैस सिलेंडर का संकट उत्पन्न होने से उनके द्वारा लकड़ी और डीजल की भट्टी का उपयोग किया जा रहा है। वहीं अप्रैल में पडने वाले चार बड़े विवाह मुहूर्तों को लेकर कैटरर्स ने असमंजस जताया है। उनका कहना है कि डीजल की भट्टी का ज्यादा उपयोग करना सुरक्षित नहीं है। बताया जा रहा है कि केटर्स अब सर्शत काम कर रहे हैं उनके द्वारा जिस घर में शादी है, उनसे यह कहा जा रहा है कि वे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएंगे तो ही काम करेंगे और ऑर्डर लेंगे। कई कैटरर्स ने नई बुकिंग लेने से भी इनकार कर दिया है और कुछ जगह ऑर्डर रद्द करने की स्थिति बन रही है।

## महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने ओजा 2130 ट्रैक्टर सीरीज की निर्माण क्षमता बढ़ाई

**मुंबई।** महिंद्रा ग्रुप का हिस्सा और भारत का नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड, महिंद्रा ट्रैक्टर्स, अपनी भविष्य के लिए तैयार 'ओजा' रेंज के ओजा 2130 सीरीज की सप्लाई और निर्माण क्षमता बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। 30 एचपी श्रेणी में यह सीरीज तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है- ओजा 2130-प्रोजा, ओजा 2130 लार्ज टायर (9.5गुणा18 टायर के साथ) औरओजा2130 नैरो ट्रैक एफआर (फॉरवर्ड प्लस रिवर्स) शटल के साथ। ओजा2130 सीरीज के माध्यम से महिंद्रा का उद्देश्य उन्नत तकनीक, बेहतर प्रदर्शन और बहुउद्देशीय समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी, अंगूर के बाग, इंटरकल्चरल खेती, गन्ना और कपास जैसी कई तरह की कृषि गतिविधियों के लिए भरोसेमंद ट्रैक्टर प्रदर्शन मिल सके और प्रगतिशील किसानों की बदलती जरूरतें पूरी हो सकें। मजबूत कोर तकनीकों पर आधारित ओजा प्लेटफॉर्म प्रदर्शन और उपयोगकर्ता अनुभव को काफी बेहतर बनाता है। अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पावर-टू-वेट रेशियो के साथ ओजा 2130 सीरीज़ विभिन्न खेती कार्यों के लिए अधिक शक्ति और फुर्ती प्रदान करती है। स्टैंडर्ड 4डब्लयूडी अलग-अलग तरह की जमीन पर बेहतर पकड़ और उत्पादकता सुनिश्चित करता है।

## डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना पर हुई चर्चा

# अधिकारियों ने किसानों के सामने स्पष्ट किया खनन पट्टे का फ्रेमवर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना से संबंधित प्रस्तावित खनन पट्टे पर चर्चा करने के लिए मध्य प्रदेश के रामपुर बघेलान में बीते दिनों आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्र के किसान, जिले के अधिकारी और कंपनी के प्रतिनिधि एकत्रित हुए। इस दरमियान अधिकारियों ने किसानों के सामने डालमिया सीमेंट की आगामी परियोजना खनन पट्टे का फ्रेमवर्क स्पष्ट किया।

इस मौके पर उप संभागीय मजिस्ट्रेट और अन्य सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में हुई बैठक में खनन पट्टों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे को समझाने और किसानों की चिंताओं को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। किसानों ने कहा कि वे उन पुरानी प्रणालियों से अधिक परिचित थे जहां कलेक्टर गाइडलाइन दरों के आधार पर एकमुश्त भुगतान के जरिए भूमि का अधिग्रहण किया जाता था। किसानों प्रस्तावित वार्षिक मुआवजा मॉडल के बारे में सवाल उठाए और इसे लागू करने के तरीके पर स्पष्टता मांगी। जिसके जवाब में अधिकारियों ने खनिज (परमाणु और हाइड्रोकार्बन ऊर्जा खनिजों के अलावा) रियायत नियमावली, 2016 (एमसीआर, 2016) के प्रावधानों के बारे में बताया कि खनन पट्टे राज्य सरकार द्वारा दिए जाते हैं जबकि भूमि का स्वामित्व किसान के पास ही रहता है। रूपरेखा को रेखांकित करते हुए एक अधिकारी ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भूमि का स्वामित्व किसान के पास ही रहेगा। अधिकारियों ने कहाकि इस फ्रेमवर्क के तहत भूस्वामियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक मुआवजा मिलता है, जिसमें फसल की पैदावार और बाजार की कीमतों के आधार पर वार्षिक संशोधन के प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त, भूमि के गाइडलाइन मूल्य से जुड़ी एक अलग राशि क्षति मुआवजे के रूप में हर साल एक समर्पित खाते में जमा की जाती है। यह राशि ब्याज के साथ जुड़ी होती है और खनन पट्टे की अवधि समाप्त होने पर किसान को भुगतान की जाती है।


बैठक

### किसानों को वित्तीय रूप से सुरक्षित रखने प्रणाली में उपाय शामिल : मुखर्जी

डालमिया सीमेंट के उप कार्यपालक निदेशक अरिंदम मुखर्जी ने कहा कि इस दृष्टिकोण का उद्देश्य खनन और भूमि उपयोग से जुड़ी पुरानी चिंताओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि खनन 15-20 वर्षों तक चलता है और कई मामलों में जमीन खुदी हुई छोड़ दी जाती है। सरकार किसानों के लिए इस स्थिति में सुधार करना चाहती है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि भूमि से उनकी आय जारी रहे और किसी भी नुकसान की पूरी भरपाई की जाए। मुखर्जी ने कहा कि किसानों को वित्तीय रूप से सुरक्षित रखने के लिए इस प्रणाली में सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसान भूमि को पट्टे पर देते हैं, तो वे अपनी वर्तमान कृषि आय से काफी अधिक कमा सकते हैं। औसतन यह लगभग 93,000 रुपए प्रति एकड़ बैठता है, जबकि वर्तमान में कई किसान खेती से प्रति एकड़ 25,000–30,000 रुपए कमाते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी के कैमिस्ट्री डिपार्टमेंट द्वारा एमपीसीएसटी के सहयोग से नेशनल साइंस डे मनाया गया :



**भोपाल।** अभियांत्रिकी रसायन विज्ञान विभाग, लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी (एलएनसीटी) द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा उत्प्रेरित और समर्थित था। प्रथम दिवस उत्सव की शुरुआत पोस्टर प्रतियोगिता और मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों के ज्ञान का परीक्षण किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा 'विज्ञान शपथ' भी ली गई। कार्यक्रम में डॉ. नीना अरोड़ा (प्रोफेसर, श्री सत्य साईं महिला महाविद्यालय, भोपाल) ,पर्यावरण और कार्बनिक रसायन विज्ञान की विशेषज्ञ डॉ. अरोड़ा, डॉ. अनीता शिंदे (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, आईईएचई , भोपाल), डॉ. प्रतिभा सक्सेना (प्रोफेसर, एलएनसीटी विवि) आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। इसके अलावा डॉ. अशोक राय, डॉ.वीके साहू, डॉ. अमितबोध उपाध्याय, डॉ. अरविंद सिंह, एचओडी, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वय अभियांत्रिकी रसायन विज्ञान विभाग की डॉ. अंजली तिवारी, डॉ. लीशा कुरुप और डॉ. संगीता धोटे द्वारा किया गया।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने भोपाल में नई शाखा खोली



**भोपाल।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने राजधानी भोपाल एक नई शाखा खोलकर अपनी उपस्थिति को और अधिक सुदृढ़ किया है। भोपाल अंचल की इस नई शाखा एमपी नगर जोन-I का उद्घाटन शैलेष कुमार पारख, महाप्रबंधक एवं अचल प्रमुख, बैंक ऑफ बडौदा ने किया। इस अवसर पर भोपाल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक दीपेश कुमार एवं उप क्षेत्रीय प्रमुख राजेश बैरागी सहित विभिन्न स्टाफ सदस्यों एवं ग्राहकों ने प्रतिभागिता की। नई शाखा के उद्घाटन के साथ ही बैंक ऑफ बड़ौदा की मध्य प्रदेश में कुल शाखाओं की संख्या 267 हो गई है। बैंक का उद्देश्य स्थानीय समुदायों की विविध वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना है तथा व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए अनुकूलित उत्पादों और सेवाओं की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराना है। यह विस्तार बैंक की सुदृढ़ विकास कार्यनीति और देशभर में अपनी उपस्थिति को और अधिक मजबूत करने के दृष्टिकोण के अनुरुप है।

### एनआईएफ ग्लोबल के छात्रों ने प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता



**भोपाल।** इंटीरियर और फैशन डिजाइन शिक्षा में एक प्रमुख संस्थान, एनआईएफ ग्लोबल भोपाल के छात्रों ने प्रतिष्ठित सोसाइटी इंटीरियर्स डिजाइन प्रतियोगिता 2026 में शानदार सफलता हासिल करके भोपाल का नाम रोशन किया है। यह सम्मान 28 फरवरी को मुंबई के ताज सांताक्रूज में आयोजित एक समारोह में दिया गया। देश का एक जाना-माना प्रकाशन, सोसाइटी इंटीरियर्स, लंबे समय से प्रसिद्ध आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और उभरते हुए छात्र डिजाइनर्स के काम को पहचानता और सम्मानित करता रहा है। यह पुरस्कार एक प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है जो डिजाइन क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और नेतृत्व को पहचानता है। वेस्ट जोन आवासीय श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार एनआईएफ ग्लोबल भोपाल के तीसरे वर्ष के इंटीरियर डिजाइन छात्रों- युवराज सिंह, दिव्यम भदौरिया, आर्ची जैन और यशा शाल्वार को मिला। महीनों की कड़ी मेहनत, लगन और मेंटर (मार्गदर्शक) आर्किटेक्ट रश्मि जोशी की मदद के बाद, उनके कॉन्सेप्ट एलिसियन आर्क की जूरी के अनुभवी आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स ने सराहना की। इसके अलावा, दूसरे वर्ष के इंटीरियर डिजाइन छात्रों ने भी इसी प्रतियोगिता में बड़ी सफलता हासिल की। वेस्ट जोन उत्पाद डिजाइन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार निमित कृपलानी और अक्षिता दिवगैया को मिला।

### मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद 'बिजनेस भूषण' पुरस्कार से सम्मानित




**मुंबई।** मालाबार ग्रुप के चेयरमैन,एमपी अहमद को लोकमत महाराष्ट्रियन ऑफ द ईयर अवाड्र्स 2026 में प्रतिष्ठित बिजनेस भूषण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और वैश्विक स्तर पर ज्वेलरी रिटेल क्षेत्र के साथ-साथ समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित इस भव्य समारोह में राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं। पुरस्कार वितरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया। इस अवसर पर लोकमत के चेयरमैन विजय दरड़ा, कई मंत्री, अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। एमपी अहमद को यह सम्मान उनके उल्लेखनीय उद्यमी सफर और मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स को वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर तथा भारतीय मूल का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेलर बनाने में निभाई गई भूमिका के लिए दिया गया।

# ईरान-इजराइल-अमेरिका तनाव का असर भोपाल के बाजारों में, दाल-मसाले और ड्राई फ्रूट्स महंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मध्य पूर्व में चल रहे ईरान–इज़रायल–अमेरिका तनाव का असर अब राजधानी भोपाल के बाजारों में भी दिखाई देने लगा है। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हालात और सप्लाई प्रभावित होने के कारण कई खाद्य वस्तुओं के दामों में तेजी दर्ज हो रही है। दालों के बाजार में भी तेजी का माहौल बना हुआ है।

हरी मूंग करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 100 रुपए, चना 150 रुपए, मूंग मोगर लगभग 125 रुपए तथा चना दाल करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल तक तेज बताई जा रही है। वहीं तुअर दाल के भाव में भी करीब 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मसालों के थोक व्यापारी अनिल कुकरेजा ने बताया कि मसालों के बाजार में भी तेजी देखने को मिल रही है। मिर्ची लगभग 50 रुपये प्रति किलो और धनिया करीब 40 रुपए प्रति किलो तक महंगा हो गया है। थोक ड्राई फ्रूट व्यापारी किशोर राजदेव के अनुसार ड्राई फ्रूट्स के दामों में भी तेजी आई है। पिस्ता करीब 250 रुपए प्रति किलो, अंजीर 100 रुपए प्रति किलो, केसर लगभग 20 हजार रुपए प्रति किलो और दालचीनी करीब 5 रुपए प्रति किलो तक महंगी हो चुकी है। इस संबंध में भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू ने बताया कि पिस्ता, अंजीर, दालचीनी सहित कई ड्राई फ्रूट्स ईरान के रास्ते भारत आते हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय हालात का सीधा असर इनके दामों पर पड़ा है। वहीं भारत से जाने वाले कुछ उत्पादों के दामों में गिरावट भी देखी जा रही है। खोपरा पाउडर करीब 50 रुपए, मखाने 100 रुपए तथा हरी इलायची लगभग 200 रुपए प्रति किलो तक सस्ती हुई है।

### अधिकांश पैकेजिंग आइटम महंगे हो गए

*पैकेजिंग व्यापार से जुड़े मोतीलाल आडवाणी ने बताया कि क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने से कच्चा माल महंगा हो गया है, जिसके कारण पैकेजिंग से जुड़े सामानों के रेट में करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसके चलते प्लास्टिक से बने अधिकांश पैकेजिंग आइटम महंगे हो गए हैं। खाद्य तेल के ब्रोकर रमाकांत तिवारी एवं खाद्य तेल एवं शक्कर संगठन ने बताया कि खाद्य तेलों के बाजार में भी तेजी देखने को मिल रही है। सोयाबीन तेल के भाव में पिछले करीब 15 दिनों में लगभग 14 रुपए प्रति किलो तक की तेजी दर्ज की गई है। वहीं मूंगफली तेल के 15 लीटर जार की कीमत करीब 2120 रुपए से बढ़कर 2650 रुपए तक पहुंच गई है। सरसों तेल की मांग कम होने से इसके रेट फिलहाल स्थिर बने हुए हैं।*

# दीपक गर्ग ने सीआईआई महाराष्ट्र के नए अध्यक्ष, कार्यभार संभाला




एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) महाराष्ट्र परिषद का अध्यक्ष दीपक गर्ग, उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक,सैनी हेवी इंडस्ट्री इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 2026-27 के लिए नियुक्त किया गया है, जबकि आरती कुचिभटला, प्रबंध निदेशक और भारत में सरकारी सलाहकार और रणनीतिक साझेदारी प्रमुख, एक्सेंचर को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

भारत की आर्थिक प्रगति में महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए, नए नेतृत्व का लक्ष्य व्यावसायिक विकास, नीतिगत समर्थन, डिजिटल परिवर्तन और उद्योग-सरकार सहयोग को गति देना है। गर्ग के नेतृत्व में राज्य के औद्योगिक और आर्थिक ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें विनिर्माण प्रतिस्पर्धा, बुनियादी ढांचा विकास, नवाचार, स्थिरता और समावेशी विकास पर जोर दिया जाएगा, जिससे महाराष्ट्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। सीआईआई महाराष्ट्र राज्य परिषद के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहाकि महाराष्ट्र हमेशा से भारत के औद्योगिक और आर्थिक विकास का केंद्र रहा है।

### टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस का लांच हुआ 'शुभ फ्लेक्सी पेंशन' प्लान

**मुंबई।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान के साथ इस सपने को सच कर दिया है। यह एक ऐसा समाधान है जो आपको आत्मविश्वास, लचीलापन और पूरी आर्थिक सुरक्षा के साथ रिटायर होने में मदद करता है। बढ़ती उम्र और इलाज के बढ़ते खर्चों के बीच, पैसों की चिंता अब एक हकीकत है। पारंपरिक 'डेट ओरिएंटेड' पेंशन प्लान सुकून तो देते हैं, लेकिन उनमें आपकी इनकम कभी बढ़ती नहीं। दूसरी ओर मार्केट इंडेक्स से जुड़े निवेश बढ़त तो दिलाते हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं होती। शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान आपको देता है जीवनभर की गारंटीड इनकम और साथ ही मार्केट से मिलने वाले मुनाफे की संभावना, जिसमें 40 फीसदी तक इक्विटी निवेश की शक्ति शामिल है। टाटा एआईए लाइफ के 'अपॉइंटेड एक्चुअरी' क्षितिज शर्मा ने कहाकि भारत में रिटायरमेंट की प्लानिंग अब बदल रही है। शुभ फ्लेक्सी पेंशन प्लान' हमारा इसी का जवाब है, जो ग्राहकों को गारंटीड इनकम और अपनी संपत्ति को बढ़ाने का अवसर दोनों एक साथ देता है।

### लॉड्र्स मार्क्स और सीएमईटी की साझेदारी से तैयार होगा ब्रेस्ट कैंसर डिटेक्शन डिवाइस

**मुंबई।** लॉड्र्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने ब्रेस्ट कैंसर का जल्दी पता लगाने के लिए एआई-पावर्ड, रेडिएशन-फ्री ब्रेस्ट स्क्रीनिंग वियरेबल डिवाइस बनाने के लिए सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक टेक्नोलॉजी के साथ एक टेक्नोलॉजी ट्रांसफर एग्रीमेंट किया है। नए ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में चीन और यूएस के बाद भारत दुनिया भर में तीसरे नंबर पर है, और देश में सभी महिला कैंसर में से 26फीसदी से ज़्यादा इसी बीमारी के कारण होते हैं। 2024 में ग्लोबल ब्रेस्ट कैंसर मार्केट की वैल्यू यूएसडी 4,882.14 मिलियन थी और 2035 तक 9.22 फीसदी के सीएजीआर पर यूएसडी 12,880.85 मिलियन तक पहुंचने का अनुमान है। ग्रैंड व्यू रिसर्च ने डायग्नोस्टिक्स को शुरुआती पहचान की मांग के कारण प्रमुख सेगमेंट के रूप में हाईलाइट किया है, जबकि फ्यूचर मार्केट इनसाइट्स का अनुमान है कि 2025 में स्क्रीनिंग और डायग्नोस्टिक्स मार्केट यूएसडी 5.05–5.86 बिलियन होगा।

### भारतीय व्यवसायों के लिए 2 हजार करोड़ से अधिक का अमेज़न बिजनेस ने उपलब्ध कराया वित्तीय लाभ

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु


मित्रंजन भदुरी

भारतीय व्यवसायों ने अमेजन बिजनेस से 2,000 करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल किया। माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशंस तक सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉड्र्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला। इस मूल्य का एक बड़ा हिस्सा अमेजन बिजनेस पर मिलने वाली सीमलेस जीएसटी-कम्प्लायंट इनवॉइसिंग से भी आया है, जिसने बिजनेस प्रोक्योरमेंट में लंबे समय से जरूरी पारदर्शिता लाई है। हालांकि पहले ऑफलाइन चैनलों में जीएसटी इनवॉइस हासिल करना अक्सर मुश्किल और असंगत होता था। अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहाकि हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है: कम संसाधनों में अधिक काम करना। अमेजन बिजनेस इस अंतर को कम करता है, जिससे एमएसएमई और बड़े कॉरपोरेशन्स को समान रूप से सेलेक्शन, कॉम्पिटिटिव प्राइसिंग और डिजिटल प्रोक्योरमेंट की सुविधा मिलती है। 2025 में हमारे ग्राहकों द्वारा हासिल किए गए 2,000 करोड़ से अधिक के मूल्य से यह स्पष्ट होता है कि जब संगठन बिखरी हुई ऑफलाइन खरीद से हटकर एक स्ट्रक्चर्ड, ट्रांसपेरेंट और डेटा-ड्रिवन अप्रोच अपनाते हैं तो वास्तविक लाभ सामने आता है।

### केनस्टार ने पेश किया 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर

**गुरुग्राम।** केनस्टार ने बिजली की बचत और कूलिंग के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है। कंपनी ने भारत के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एयर कूलर लांच किए हैं, जिन पर 5 साल की पक्की वारंटी दी जा रही है। इस नई शुरुआत के साथ केनस्टार ऐसा पहला ब्रांड बन गया है जो सर्टिफाइड बिजली बचत को लंबी वारंटी के भरोसे के साथ जोड़ रहा है। इससे ग्राहकों को कम बिजली बिल, दमदार परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली कूलिंग का फायदा मिलेगा। लांच के साथ ही केनस्टार ने एक खास कैंपेन भी शुरू किया है, जिसमें बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और पत्रलेखा नज़र आ रहे हैं। इस कैंपेन के जरिए 'भारत का पहला 5-स्टार और 5 साल की वारंटी' का मैसेज बहुत ही आसान और दिलचस्प तरीके से लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

## चिंतन

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती

> कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल




और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं। इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्‌घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्‌घाटित हुआ था कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें, जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जहां भी खोजोगे वहां प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
दर्शन

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडऩे लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।

# गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
प्रेरणा

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों,चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों,चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो,कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं,उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी,घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

## स्टेज म्यूजिकल 'विक्ड' का प्रदर्शन

मुंबई। गुरुवार को मुंबई के नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र के ग्रैंड थिएटर में मीडिया के सामने रिहर्सल के दौरान कलाकारों ने स्टेज म्यूजिकल 'विक्ड' के दृश्यों और संगीत प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया।



## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-आतिश गौतम, रोहतक*

## ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।

**- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष**


### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेज़ी से पूरे हो सकें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### घरेलू गैस की किल्लत




जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का खामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज




पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है। यहां उसने ना तो सऊदी अरब को इस्लामिक एकता की सीख दी और ना ही ईरान से समझौते की अपील की। उसने सीधे तौर पर सऊदी अरब का साथ दिया है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद ही इस्लामिक मुल्क पहुंच गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा चिंता पर बात की थी। उसके इस रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है।

## ऑफ बीट

# ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य

हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है।



उत्तराखंड में गंगा के पावन पशिचमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्‌घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है तथापि ऋषिकेश स्थित तपोवन एक ऐसा दिव्य क्षेत्र है जो मानो मुक्ति का खुला द्वार है। यहां विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितृगण सदा तृप्त रहते हैं। सौमित्रि तीर्थ, जिसे लक्ष्मण तीर्थ भी कहा जाता है, में स्नान करने से वाजपेय यज्ञ के तुल्य फल की प्राप्ति होती है। आगे शिव तीर्थों में स्नान करने वाला भक्त शिवलोक और ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। इस प्रकार तपोवन केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि लोक और परलोक के कल्याण का सेतु है। यह तीर्थ हमें सिखाता है कि भक्ति, तप और विनम्रता से ही मनुष्य अपने दोषों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त कर सकता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# एजेंटिक एआई के दौर में प्रवेश कर चुकी है जनरेटिव एआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हेल्थकेयर में एआई डायग्नोस्टिक एक्यूरेसी को बेहतर बनाने के साथ ड्रग डिस्कवरी, पर्सनलाइज्ड ट्रीटमेंट तथा क्लिनिकल डिसीजन मेकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में प्रिडिक्टिव मेंटेनेंस,और ऑटोनोमस रोबोटिक्स के माध्यम से एआई उत्पादकता और दक्षता को बढ़ाने में सहायक है। एआई के वर्तमान और भविष्य के उपयोगों पर चर्चा के दौरान यह जानकारी दी ए-स्टार्स इंस्टीट्यूट फॉर इंफोकॉम रिसर्च, सिंगापुर की प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. सविथा रामास्वामी ने, जो गुरुवार को स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रही थीं।

*स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का शुभारंभ*

*नवोन्मेष 2026 में देश-विदेश के वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों ने बताए एआई के नवीन आयाम*




### सेफ मोशन और प्रेडिक्टिव मोशन प्लानिंग हैं अत्यंत महत्वपूर्ण घटक

प्रमुख वक्ता के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु के प्रोफेसर डॉ. सुरेश सुंदरम ने एआई इन ऑटोनोमस व्हीकल्स की चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। स्वायत्त वाहनों के विकास में सेफ मोशन प्लानिंग और प्रेडिक्टिव मोशन प्लानिंग महत्वपूर्ण घटक हैं, जिनसे वाहन सड़क की परिस्थितियों का पूर्वानुमान लगाकर सुरक्षित निर्णय ले सकते हैं। सबसे बड़ी चुनौती अनिश्चितता है, क्योंकि सड़क परिवेश में अप्रत्याशित परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। ऐसे में रीइन्फोर्समेंट लर्निंग आधारित प्लानिंग तकनीकें स्वायत्त वाहनों को लगातार सीखने और बेहतर निर्णय लेने में सक्षम बनाती हैं।

### विभिन्न परिस्थितियों में मल्टी-सेंसर है आवश्यक

*डॉ. सुंदरम ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑन-रोड एनवायरनमेंट अत्यंत जटिल होता है और ऐसी स्थिति में कोई एक सेंसर सभी परिस्थितियों के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। इसलिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार मल्टी-सेंसर सिस्टम का उपयोग आवश्यक होता है, जहां अलग-अलग सेंसर विभिन्न प्रकार की सूचनाएँ प्रदान करते हैं।*

दुष्यंत संग्रहालय में व्याख्यान माला एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

# भूलने में ही भलाई है, पास रखना बुराई को भी, एक बड़ी बुराई है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुक्तिबोध सृजन पीठ द्वारा दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित दो दिवसीय व्याख्यान एवं काव्य पाठ का आयोजन गुरुवार को बड़े ही उम्दा ढंग से हुआ। घनश्याम मैथिल अमृत के संचालन में आयोजित गोष्ठी में राजेंद्र शर्मा अक्षर ने पढ़ा -भूलने में ही भलाई है, पास रखना बुराई को भी, एक बड़ी बुराई है। कवि गोकुल सोनी की पंक्तियां थी, जिसका समय से सरोकार नहीं है,कहने को कुछ भी हो, लेकिन फनकार नहीं है।




### हंसी जोर से होलिका खतरे में अब घाट....

नवगीतकार मनोज जैन ने पढ़ा, कटने-बंटने की भाषा है जिनकी वाणी में, विष के पत्थर खोल रहे हैं वह सब पानी में। वरिष्ठ कवियत्री ममता वाजपेई की पंक्तियों को खूब सराहा गया -फागुन ने दस्तक दी टेसू के द्वार पर,आंखों ही आंखों में मीठी मनुहार पर। घनश्याम मैथिल अमृत की पंक्तियां थी -होली में जब रख दिया हरे पेड़ को काट, हंसी जोर से होलिका खतरे में अब घाट।

महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव 'इंद्राणी समारोह' का समापन

# शास्त्रीय नृत्यों के त्रिवेणी संगम में साकार हुई नारी शक्ति

*मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम से स्त्री की आंतरिक शक्ति को दर्शाया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव 'इंद्राणी समारोह' का समापन गुरुवार शाम हुआ। तीन दिनी समारोह की समापन संध्या पर नारायणी नृत्य प्रस्तुति ने नारी शक्ति के विभिन्न रुपों से अवगत कराया। मोहिनीअट्टम, कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम नृत्य से सजी इस प्रस्तुति में स्त्री की आंतरिक शक्ति, आत्मनिर्भरता और समाज में उनके योगदान को दर्शाया। नारी शक्ति के प्रतीक संग शक्ति और भक्ति के रुप में मां दुर्गा के स्वरुपों को दर्शाती 'नारायणी' प्रस्तुति में कविता शाजी व शिष्याओं ने मोहिनीअट्टम, टी. लक्ष्मी रेड्डी- दिल्ली ने कुच्चिपुड़ी और नीरजा सक्सेना ने भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया।








### ढोल, पेपा और गोगोना की धुन पर हुआ बिहू नृत्य

वहीं असम से आईं बिक्रमा खाखलयरी एवं साथी द्वारा बिहू नृत्य की प्रस्तुति दी गई। अंत में प्रतिभा रघुवंशी एवं साथी ने मटकी नृत्य की प्रस्तुति दी । मालवा के इस लोक नृत्य को ढोल या ढोलक को एक खास लय जो मटकी पर किया जाता है, घूंघट डालकर किए जाने वाले इस नृत्य को करने वाली महिलाएं पहले गीत की कड़ी उठाती है, फिर आसपास की महिलाएं समूह में कड़ी को दोहराती हैं।

### विवाह के दौरान करते हैं 'जघरणा' नृत्य

*वहीं लोक नृत्य शैली में जम्मू एवं कश्मीर से आई आशा कोतवाल एवं साथी द्वारा जघरणा नृत्य की प्रस्तुति दी। पारंपरिक डोगरी लोक नृत्य 'जघरणा' मुख्य रूप से विवाह के दौरान दुल्हन के घर की 15-20 महिलाओं द्वारा किया जाता है। जिसमें नृत्य और गीत के माध्यम से भावनाएं व्यक्त होती हैं। डोगरी नृत्य में लोकगीतों, पारंपरिक वाद्ययंत्रों और रंग-बिरंगे परिधानों का सुंदर समन्वय देखने को मिला।*



बीएनआई भोपाल की वीकली मीटिंग

# महिला उद्यमियों को बिजनेस नेटवर्किंग का प्लेटफॉर्म मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और बिजनेस नेटवर्किंग की संभावनाओं को मजबूत करने गुरुवार को वूमेन आंत्रप्रेन्योर्स के लिए वीकली मीटिंग का आयोजन बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) की ओर से हुआ। जिसमें शहर की 50 महिला उद्यमियों ने सक्रिय रुप से भागीदारी की। इस महिला आंत्रप्रेन्योर्स को बीएनआई के रेफरल बेस्ड नेटवर्किंग सिस्टम और बिजनेस डेवलपमेंट की रणनीतियों से अवगत कराया। इस अवसर पर बीएनआई भोपाल चैप्टर के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रदीप करम्बेलकर, प्रेसिडेंट अरुण बागदरे, जनक भट्ट, अनुराग माहेश्वरी और आरती सिन्हा ने बिजनेस ग्रोथ के विभिन्न आयामों पर मार्गदर्शन दिया।

### बिजनेस विस्तार का प्रभावी माध्यम है

प्रदीप करम्बेलकर ने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती सेल्स और मार्केटिंग नेटवर्क का अभाव होता है। करीब 95% महिला आंत्रप्रेन्योर्स सेल्स टीम के बिना संचालित करती हैं। ऐसे में रेफरल नेटवर्किंग बिजनेस विस्तार का प्रभावी माध्यम बन सकता है। बीएनआई नेटवर्क उद्यमियों को भरोसेमंद बिजनेस कम्युनिटी से जोड़ता है, जहां सदस्य एक-दूसरे को रेफरल के माध्यम से नए लोगों से जोड़ते हैं जिससे बिजनेस अपॉच्युनिटीज विकसित होती हैं।

**महिला पॉलिटेक्निक व एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज का वार्षिक उत्सव**

# सुरों से सजा 'अभिरंग', 'मेरे सपनों की दुनिया' से 'शंखनाद 26' का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव 'अभिरंग-2026' में बुधवार का दिन कॉलेज कैंपस के लिए कला और खेल के अद्भुत समन्वय का गवाह बना। जहां एक ओर ऑडिटोरियम सुरों से गुलजार रहा, वहीं दूसरी ओर इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन और टेबल टेनिस के कोर्ट पर छात्राओं के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण केंद्र में सुरों से सजी शाम से श्रोताओं का मन मोह लिया।




पुरस्कार पाकर खुश हुईं छात्राएं।




### छात्राओं ने बिखेरा जादुई आवाज का जादू

एकल गायन प्रतियोगिता में डॉ. विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपनी जादुई आवाज का जादू बिखेरा। जिसमें तुझसे नाराज.... गीत गाकर सुभाना ने प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं पलचिन बघेल ने मेरे ढोलना..... गीत से द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं इक्षा कारपेंटर अगर तुम साथ हो.. से तीसरे स्थान पर रहीं। शिखा भकोरिया ने पंजाबी गाने, सोहा खान ने मोह-मोह के धागे, दीप्ति शिखा यादव ने बघेली लोकगीत और ऊर्जा जैन ने कभी जो बादल जैसे गानों की यादगार प्रस्तुतियां दीं।

## एसवी पॉलिटेक्निक में चित्रों संग गीत संगीत से सजी सभा




वहीं, एसवी पॉलिटेक्निक कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'शंखनाद 2026' में गुरुवार को मेरे सपनों की दुनिया विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने रंगों और रेखाओं के माध्यम से अपनी कल्पनाशक्ति को कागज पर उकेरा। इसी क्रम में स्टेज सिंगिंग और इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग प्रतियोगिताओं भी आयोजित हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को सुरमय बना दिया।

**बांसुरी संग ऑक्टोपैड की धुन ने बांधा समा**

कार्यक्रम में दृष्टि आर्या ने अम्बर सरिया गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जबकि शैलेन्द्र कच्छवाह ने तेरा मेरा है प्यार अमर और सिद्धांत चौहान ने होशवालों को खबर क्या गजल प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शन पाण्डेय ने मन मेरा गीत से समां बांधा। वाद्य संगीत में सत्यम चौरे ने बांसुरी की मधुर धुन प्रस्तुत की, वहीं ऑक्टोपैड पर मिलन धोटे की प्रस्तुति ने पूरे कैंपस में उत्साह का माहौल बना दिया।





बीएसएस में दो दिनी 'संबल 2026'

# न्याय सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के सोशल वर्क डिपार्टमेंट ने मप्र पुलिस के साथ मिलकर दो दिवसीय संबल 2026 का आयोजन किया, जिसमें मप्र के 61 सामाजिक संगठन और पूरे प्रदेश के अलग-अलग जिलों से लगभग डेढ़ सौ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। संबल कार्यक्रम में न्याय सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व पर सामाजिक संगठनों और पुलिस व्यवस्था ने एक ही मंच पर सोशल वर्क इन जस्टिस सेक्टर पर बात की। दो दिवसीय कार्यक्रम में अनेक सत्रों में कई विषयों पर बातचीत हुई। कानूनी सहायता, कानून प्रवर्तन, महिला सुरक्षा, बाल संरक्षण और सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत अनेक केस स्टडीज जब साझा की गईं तो वर्तमान हालतों के साथ समाज के सकारात्मक परिवर्तन का रूप दिखाई दिया।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम के प्रथम दिन मुख्य अतिथि अनिल कुमार आईपीएस, स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा, अरविंद श्रीवास्तव एडिशनल सेक्रेटरी सालसा, मोनिका शुक्ला आईपीएस एडिशनल पुलिस कमिश्नर, डॉ सारिका सिंह कोडी इंस्टिट्यूट कनाडा, डॉ नीलम सुख रामानी जामिया मिलिया इस्लामिया और अनुराग सोनवलकर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

एक दूसरे को गुलाल लगाकर लिया व्यंजनों का लुत्फ

# रॉयल राजपूताना क्लब का होली और महिला दिवस सेलिब्रेशन



*होली मिलन में मस्ती करतीं क्लब की सदस्याएं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल राजपूताना क्लब द्वारा होली मिलन और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं की मौजूदगी में आयोजित इस कार्यक्रम में जहां एक ओर महिलाओं ने रंग और गुलाल एक दूसरे को लगाया तो वहीं होली के पारम्परिक व्यंजन का भी लुत्फ भी उठाया।

# स्वदेशी उत्पादन और कौशल विकास से राष्ट्र बनेगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय मजदूर संघ, जिला भोपाल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ठेंगड़ी भवन (प्रदेश कार्यालय) में एक संगोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सूचना आयुक्त डॉ. वंदना गांधी, स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत प्रमुख एवं समाजसेवी सीमा भारद्वाज, मध्य भारत प्रांत सह-समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान-लघु उद्योग भारती प्रतिभा शुक्ला तथा भारतीय मजदूर संघ प्रदेश मंत्री मेघा दुबे डॉ. ब्रीज त्रिपाठी, माया यादव और अचला मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया गया।

*ठेंगड़ी भवन में बीएमएस की संगोष्ठी आयोजित*

*सीमा बोलीं- युद्धकालीन परिस्थितियों में स्वदेशी की महत्वपूर्ण उपयोगिता*




### गांव को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास: प्रतिभा

प्रतिभा शुक्ला ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के तहत 20 गांवों को गोद लेकर किसानों को अपने अनाज से विभिन्न उत्पाद बनाकर गांव को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ब्रज त्रिपाठी ने किया तथा मेघा दुबे ने आभार व्यक्त किया। समापन पर विद्यार्थी फाल्गुनी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत की प्रस्तुति दी।

### सूचना आयुक्त डॉ. वंदना ने बताई समाज, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका

सगोष्ठी में अपने संबोधन में डॉ. वंदना गांधी ने प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय तक समाज और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका पर प्रकाश डाला। स्वदेशी जागरण मंच की महिला प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में जब अनेक देश युद्ध जैसी स्थितियों से गुजर रहे हैं, तब स्वदेशी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादन और कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर सभी की सहभागिता से राष्ट्र को मजबूत किया जा सकता है।

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ जीव-जंतु अपने रहने के लिए ऐसे आवास बनाते हैं, जिन्हें देखकर तुम दंग रह जाओगे! तुम यही सोचोगे कि इन्होंने इतनी अमेजिंग होम मेकिंग इंजीनियरिंग आखिर सीखी कहां से? जानो, ऐसे ही कुछ जंतुओं के अनोखे घरों के बारे में।

# इंजीनियरिंग का कमाल हैं इन जंतुओं के अनोखे घर



## रूफस हॉर्नेरो मिट्टी के ओवन जैसा घोंसला

**दक्षिण अमेरिका** में पाया जाने वाला पक्षी रूफस हॉर्नेरो, अपने मिट्टी से बने घर के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। बच्चो, इस पक्षी की कलाकारी देखकर तुम दंग रह जाओगे। रूफस कीचड़, गोबर और सूखी घास को मिलाकर एक गोल घर बनाता है। इसका आकार पुराने जमाने के मिट्टी के ओवन जैसा दिखता है, इसलिए इसे 'हॉर्नेरो' कहा जाता है। स्पेनिश में 'हॉर्नो' का मतलब ओवन होता है। जब यह मिट्टी का घोंसला धूप में सूखकर सख्त हो जाता है, तो यह कंक्रीट जैसा मजबूत हो जाता है। भारी बारिश और तेज हवाएं भी इसे नहीं तोड़ पातीं। यह घोंसला शिकारियों से सुरक्षा के लिए एक किले की तरह काम करता है। इसका द्वार भूल-भुलैया जैसा होता है। इसके घोंसले का दरवाजा सीधा अंदर नहीं खुलता। इसके अंदर एक घुमावदार दीवार होती है, जो अंग्रेजी अक्षर 'पी' आकार का रास्ता बनाती है। यह दीवार ठंडी हवा को सीधे अंदर जाने से रोकती है। साथ ही सांपों जैसे शिकारियों के लिए बच्चों तक पहुंचने से सुरक्षित रखती है। रूफस हॉर्नेरो, अकसर बिजली के खंभों, ऊंचे पेड़ों या इमारतों के कोनों पर अपना घर बनाते हैं। *



## बोवर बर्ड इंटीरियर डिजाइनिंग की मिसाल

**ऑस्ट्रेलिया और** न्यू गिनी में पाए जाने वाले बोवर बर्ड का अपना घर बनाने का तरीका बड़ा ही अनोखा होता है। बोवर बर्ड अपना बोवर यानी घर बनाने के साथ-साथ उसमें इंटीरियर डिजाइन भी करता है। उसे सजाता है, संवारता है। दिलचस्प बात यह है कि यह बोवर इनका असली घोंसला या आवास नहीं होता है। मादा पक्षी अंडे देने के लिए अलग घोंसला बनाती है। नर बोवर बर्ड, यह सुंदर महलनुमा घर केवल मादा को प्रभावित करने के लिए बनाता है। नर पक्षी टहनियों को जमीन में गाड़कर दो समानांतर दीवारें बनाता है, जो एक गलियारे जैसी दिखती हैं। बोवरबर्ड की कुछ प्रजातियां तो टहनियों से ऊंचे 'मेहराब' भी बनाती हैं। बोवर बर्ड अपनी सजावट के लिए बहुत चूजी होते हैं। साटन बोवर बर्ड को नीला रंग इतना पसंद है कि वह अपने घर के सामने नीले फूल, नीले पंख और यहां तक कि इंसानों द्वारा फेंकी गई नीली प्लास्टिक की बोतल के ढक्कन और पेन जैसी चीजें भी इकट्ठा करते हैं। कुछ बोवर बर्ड अपनी चोंच से फलों के रस या लकड़ी के कोयले को चबाकर 'पेंट' तैयार करते हैं और अपने घर की दीवारों को रंगते हैं। ये पक्षी अपने आंगन में पत्थरों और वस्तुओं को इस तरह क्रम में सजाते हैं (बड़ी चीजें पीछे, छोटी आगे) कि जब मादा बीच में खड़ी होती है, तो उसे नर पक्षी और उसका घर ज्यादा बड़ा और भव्य दिखाई देता है। इस तकनीक को 'फोर्स्ड पर्सपेक्टिव' कहा जाता है। *



## डाइविंग बेल स्पाइडर पानी के तल पर हवेली

**यह दुनिया** की एकमात्र ऐसी मकड़ी है, जो अपना पूरा जीवन पानी के नीचे बिताती है। यूरोप और एशिया के देशों में नदी-तालाबों के तल पर रहने वाली इस मकड़ी के द्वारा बनाई गई 'पानी के नीचे की हवेली' की तकनीक किसी चमत्कार से कम नहीं लगती है। यह मकड़ी पानी के नीचे पौधों के बीच रेशम का एक जाल बुनती है। फिर वह सतह पर जाकर अपने शरीर के पिछले हिस्से और पैरों पर लगे घने बालों की मदद से हवा का एक बुलबुला फंसाकर नीचे लाती है। इस हवा को वह अपने जाल के नीचे छोड़ देती है, जिससे वह एक बेल (घंटी) की तरह फूल जाता है। यह बुलबुला एक 'फिजिकल गिल' की तरह काम करता है। यह पानी से ऑक्सीजन सोखता है और कार्बन डाई-ऑक्साइड को बाहर निकालता है। इस वजह से मकड़ी को बार-बार हवा लेने के लिए सतह पर नहीं जाना पड़ता। इसी हवा भरे बुलबुले के अंदर यह मकड़ी सोती है, खाना खाती है और अंडे देती है। उसका यह घर तैरकर ऊपर न चला जाए, इसके लिए वह इसे रेशमी धागों से जलीय पौधों से मजबूती से बांध देती है। शिकार करने के लिए यह मकड़ी बस अपने पैरों को बुलबुले से बाहर निकालती है और पास से गुजरने वाले कीड़ों को पकड़ लेती है। *



## कोरल पॉलिप्स विशाल-मजबूत कॉलोनियां

**कोरल पॉलिप्स,** समुद्र के वे अदृश्य कलाकार होते हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी और सुंदर जीवित प्रवाल भित्तियां (कोरल रीफ) बनाते हैं। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि चावल के दाने जितने छोटे जीव अंतरिक्ष से दिखने वाले ऊंचे 'पहाड़' खड़े कर देते हैं। प्रत्येक कोरल पॉलिप अपने चारों ओर कैल्शियम कार्बोनेट (चूना पत्थर) का एक कठोर कवच बनाता है। जब ये पॉलिप मर जाते हैं, तो उनके कठोर कंकाल वहीं रह जाते हैं, और नए पॉलिप उनके ऊपर अपना घर बनाना शुरू कर देते हैं। हजारों सालों की इस प्रक्रिया से विशाल कोरल रीफ का निर्माण होता है। *





## प्रेयरी डॉग्स जमीन के भीतर अंडरग्राउंड सिटी

**बच्चो, नाम** से कंफ्यूज मत होना! प्रेयरी डॉग्स असल में डॉगी नहीं, बल्कि गिलहरी परिवार के सदस्य हैं, जो जमीन के नीचे अद्भुत अंडरग्राउंड शहर बसाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी इंजीनियरिंग इतनी सटीक होती है कि इंसानी शहरों का ड्रेनेज सिस्टम भी इसके सामने फेल हो जाए। इनके बनाए विशाल 'टाउन' केवल एक बिल नहीं, बल्कि हजारों मील में फैले भूमिगत शहर जैसे होते हैं। टेक्सास (अमेरिका) में एक बार 25,000 वर्ग मील में फैला इनका एक टाउन पाया गया था, जिसमें लगभग 40 करोड़ प्रेयरी डॉग्स रहते थे। ये शहर पीढ़ियों तक चलते हैं। इनके घर में अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग कमरे होते हैं, जैसे- बच्चों के लिए 'नर्सरी', सोने के लिए 'बेडरूम', खाना रखने के लिए 'स्टोर रूम' और यहां तक कि कचरे के लिए अलग जगह होती है। प्रवेश द्वार के पास एक 'लिस्निंग पोस्ट' भी होता है, जहां से वे शिकारियों पर नजर रखते हैं। प्रेयरी डॉग्स अपने बिल के मुहानों को अलग-अलग ऊंचाई पर बनाते हैं। इससे दबाव में अंतर पैदा होता है, जिससे ताजी हवा अपने आप सुरंगों के अंदर घूमती रहती है। यह एक बेहतरीन वेंटिलेशन इंजीनियरिंग का उदाहरण है। ये बिल के प्रवेश द्वार पर मिट्टी के ऊंचे टीले बनाते हैं। ये टीले न केवल इन्हें ऊंचाई से शिकारियों को देखने में मदद करते हैं, बल्कि बारिश के पानी को सुरंग के अंदर जाने से भी रोकते हैं। *



कविता / शादाब आलम

## क्या कहने चावल के



एआई इमेज

क्या कहने चावल के भाई
कम है, जितनी करो बड़ाई।
इसे दूध के साथ मिलाकर
मजा बहुत आता है खाकर।
अगर राजमा चावल पाऊं
तीन प्लेट भरकर मैं खाऊं।
बने पुलाव जब घर में अपने
कोना-कोना लगे महकने।
कढ़ी और चावल की जोड़ी
नहीं किसी ने अब तक तोड़ी।
घूम-घूम कर बेचे भोले
बड़े गजब के चावल छोले।
जब नानी के घर जाता हूं
रोज दही चावल खाता हूं।
आज बनी है घर में तहरी
सुनकर खुश हो गई सुनहरी।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## मजेदार कहानियां

बच्चो, हाल में छपकर आई 'होलू का दिमाग चलता है' सात मजेदार कहानियों की किताब है। पहली कहानी 'होलू का दिमाग चलता है' में तुम जिज्ञासु-नटखट होलू के एक से बढ़कर एक काल्पनिक और गुदगुदाते प्रश्नों को पढ़कर हंसे बिना नहीं रहोगे। 'हवा ने चांटा मारा' अर्श से हवा की काल्पनिक बातचीत पर आधारित कहानी है। बोलने में अटकने वाली मुन्नी क्यों उदास हो जाती है, कैसे फिर से खिलखिलाने लगती है? इसे तुम 'भाड़ में जाए' कहानी में पढ़ सकते हो। 'मैं लौट आया' सपने में पक्षी बनकर उड़ते हुए पड़ोसी देश की यात्रा करने वाले बच्चे की प्यारी सी कहानी है। यह कहानी अलग-अलग देशों के बीच होने वाली शत्रुता पर भोले-भाले सवाल पूछती है। किताब की अन्य कहानियां भी बहुत रोचक और सीख देने वाली हैं। *



**किताबः** होलू का दिमाग चलता है, **लेखकः** दिविक रमेश
**मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** अनबाउंड स्क्रिप्ट, दिल्ली

अपनी सहेली रूठ जाए तो दिल में टीस होगी ही। अंकिता अपनी सहेली अबीहा से रूठ गई। लेकिन कुछ देर बाद अबीहा ने जो किया, अंकिता की सारी नाराजगी पल भर में दूर हो गई। एक प्यारी-मीठी कहानी।

## रूठ गई सहेली



छोटी कहानी
सिराज अहमद

आज अंकिता अपनी सबसे प्यारी दोस्त अबीहा से रूठ गई थी। वजह बहुत छोटी थी, पर उसका असर बड़ा हो गया। सुबह स्कूल में अंकिता थोड़ी देर से पहुंची, तब तक अबीहा ने सोचा कि शायद वह आज नहीं आएगी, छुट्टी पर है। इसलिए उसने अपनी दूसरी क्लासमेट को अपने बगल में बैठा लिया।

थोड़ी देर बाद अंकिता आ गई। उसने अबीहा के बगल में दूसरी लड़की को बैठे देखा तो उसका चेहरा उतर गया। अंकिता को लगा कि अबीहा ने उसकी जगह किसी और को दे दी। उसने कुछ कहा नहीं, लेकिन मन ही मन अबीहा से नाराज हो गई। लंच टाइम हुआ तो दोनों, जो हमेशा साथ बैठकर खाना खाती थीं, आज अलग-अलग बैठी थीं। अबीहा को यह बहुत बुरा लग रहा था। उसे अपनी दोस्त की चुप्पी काटने लगी। तभी उसे कुछ याद आया। अबीहा ने टिफिन खोला, अंदर मीठे परांठे थे, वही जो अंकिता को बहुत पसंद थे। जैसे ही परांठों की खुशबू फैली, अंकिता की नाक फड़क उठी। वह खुद को रोक न सकी। झटपट उठी, अबीहा की टिफिन की ओर बढ़ी और हंसते हुए बोली, 'यह मेरे हिस्से का परांठा है!'

अबीहा ने हंसकर कहा, 'ये लो, पहले तुम खा लो।' अंकिता ने एक टुकड़ा खाया और हंसते हुए क्लास में दौड़ पड़ी। उसके पीछे-पीछे अबीहा भी दौड़ने लगी। क्लास की बाकी बच्चियां हंस-हंसकर लोट-पोट हो गईं।

कुछ देर बाद दोनों थककर साथ बैठ गईं। टिफिन के परांठे बांटकर खाने लगीं। गुस्सा कहीं उड़ गया था। मीठे परांठों की खुशबू ने एक बार फिर उनकी दोस्ती में मिठास घोल दी थी। *




एआई इमेज



कहानी
क्षमा शर्मा

आदित्य और अंशु के पास एक कैरम बोर्ड था। अकसर शाम को बाहर खेलने जाने से पहले दोनों कैरम खेलते थे। बहुत बार वे बाहर न जाकर सिर्फ कैरम ही खेलते रहते थे। एक बार कैरम की गोटियों में आपस में बहस हो रही थी कि अगर वे न हों तो कोई कैरम खेल ही नहीं सकेगा। गुलाबी रंग की रानी गोटी यानी क्वीन इन सब की बातें सुन इतरा कर बोली, 'बड़ी चली हो महारानी बनने। जानती नहीं कि तुम सबकी रानी तो मैं ही हूं। मैं न होऊं तो तुम सब कुछ नहीं कर सकोगी।'

एक गोटी जो लड़ाकू थी, वह झिड़ककर बोली, 'तुम तो बस दिखाने भर की रानी हो। अपने बल पर तो अकेली बोर्ड से बाहर भी नहीं निकल सकतीं। हमेशा अपने पीछे हम में से कोई एक चाहिए कवर करने के लिए।'

'अरे रहने दो! अपने आप ही पिछलग्गू बनी चली आती हो मेरे पीछे। ना भी आओ तो मेरा क्या बिगड़ेगा? रहूंगी तो मैं रानी ही।' रानी की अकड़ भरी बात सुनकर बाकी गोटियों को बहुत गुस्सा आया। सबने मन ही मन तय किया कि रानी को सबक सिखा कर रहेंगे। अब जैसे ही दो बच्चे कैरम खेलने बैठते, गोटियां फटाफट बाहर निकलने लगतीं। लेकिन जैसे ही रानी बाहर निकलती बाकी गोटियां जैसे बोर्ड पर जम जातीं। चाहे जितना स्ट्राइकर मारो, वे टस से मस न होतीं। इससे बच्चे बार-बार रानी गोटी को बोर्ड पर पटकते, जिससे उसे चोट भी लगती। वह दर्द से कराहती। बाकी गोटियां इस दशा पर मुस्कुरातीं, 'अरे! रानी है, कर लेगी न सब अपने आप।'

इन सब गोटियों में एक गोटी ऐसी भी थी, जिसे रानी को देख तकलीफ होती। एक दिन उसने अपनी सहेली गोटियों से कहा, 'हम सबने रानी को बहुत सजा दे ली। लेकिन अब इस लड़ाई को खत्म कर देना चाहिए, क्योंकि यह भी तो हो सकता है कि हमसे खेलने वाले बच्चे हमारी हरकतों से तंग आकर दूसरी गोटियां ले आएं और हमें कूड़ेदान में फेंक दिया जाए। तब हम सबका क्या होगा, तुमने सोचा है? यहां तो हम सब आराम से रहते हैं। गर्मी, सर्दी, बरसात सबसे बचे रहते हैं। बाहर की दुनिया कैसी होगी, क्या पता? कूड़ेदान में से उठाकर किसी ने हमें आग में जला दिया तो..., तब हमारा क्या होगा? आखिर बनी तो हम लकड़ी से ही हैं।' उस गोटी की बातें सुन कर सारी गोटियां सोच में पड़ गईं। सबने देखा कि रानी गोटी के आंसू बह रहे थे। वह बोली, 'वैसे तो मैं रानी हूं, लेकिन मुझे यह बात क्यों समझ में नहीं आई कि गलती मेरी ही थी। घमंड में आकर मैंने अपनी सभी सहेलियों का अपमान किया। सबको मुसीबत में डाल दिया। सॉरी फ्रेंड्स।'

रानी ने यह कहा तो सारी गोटियां खुशी से उछलने लगीं। वे कूद-कूद कर बोर्ड के ऊपर नाचने लगीं। एक-दूसरे को जोक्स सुनाने लगीं और हंस-हंस कर लोट-पोट होने लगीं। उन्हें लगा कि इतनी हंसी तो जीवन में उन्होंने पहली बार सुनी है।

अगले दिन जब आदित्य और अंशु कैरम खेलने लगे तो गोटियों में होड़ लग गई। वे सबकी सब रानी से पहले ही बोर्ड से बाहर जाने की तैयारी करने लगीं। बच्चों को भी आज खेलना बहुत अच्छा लगा। एक गोटी बाहर निकलती तो वे जोर से तालियां बजाते। ऐसा लग रहा था, जैसे सारी गोटियां भी ताली बजा रही हैं। *

कैरम की रानी गोटी (क्वीन) और अन्य गोटियों में ऐसा घमंड जागा कि दोनों अपना-अपना महत्व जताते हुए बोलीं कि वे ना हों तो कैरम खेलना मुमकिन नहीं। तभी एक समझदार गोटी ने ऐसा कुछ कहा कि रानी गोटी और अन्य सभी गोटियां अपनी बहस भूलकर आपस में घुल-मिल कर हंस-हंस कर नाचने लगीं। आखिर उस समझदार गोटी ने ऐसा क्या कहा?

## नाचने लगीं गोटियां



## जीके क्विज-196



1. दिल्ली का नया लेफ्टिनेंट गवर्नर किसे नियुक्त किया गया है?
2. हाल ही में किस देश की क्रिकेट टीम को हराकर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप जीता?
3. चेस के 93 वें ग्रैंड मास्टर बनने वाले इंडियन चेस प्लेयर का नाम क्या है?
4. विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
5. महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश किस स्थान पर दिया था?
6. हमारे पड़ोसी देश भूटान की राजधानी का क्या नाम है?
7. सती प्रथा समाप्त करने में किस समाज सुधारक का महत्वपूर्ण योगदान था?
8. भारतीय संसद के उच्च सदन को किस नाम से जाना जाता है?
9. फ्लाइंग सिख के नाम से किस इंडियन एथलीट को जाना जाता है?
10. टाइटन किस ग्रह का उपग्रह है?

बच्चो, जीके क्विज-196 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-195 का उत्तर :** 1.केरलम, 2.सचिन तेंदुलकर, 3.रॉब जेटन , 4. 20 मार्च, 5.नारंगी, 6.कार्बन डाई ऑक्साइड, 7.किडनी, 8.हीलियम, 9.आर्कटिक महासागर, 10.समुद्रगुप्त

**जीके क्विज-195 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कुणाल-रोहतक, आस्था-दिल्ली, अजय-सिरसा, प्रवीण-ईमेल से, रमेश-रायगढ़, तेजस-रायपुर, सुमन-महेंद्रगढ़, मुकेश-जींद, चंचल-दिल्ली, किशन-बिलासपुर, सचिन-रोहतक

## रंग भरो-197

**रंग भरो-197** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





काशवी, रायपुर



वेदिका, कोरबा



प्रगति, बिलासपुर



कुंजल, रायपुर



रिधान, अंबिकापुर



प्रभु, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आशना-जांजगीर, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, पयोनिधि-अंबिकापुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, रोशनी-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, तेजस-बिलासपुर, सुमन-हिसार

## रंग भरो 198



बच्चो, यहां एक छोटे-से एक्वेरियम में मछली को चारा डालती एक लड़की का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# देश के लिए बलिदान देने वालों का सम्मान करो, वॉर मेमोरियल से आपको परेशानी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई देहरादून में वॉर मेमोरियल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद हुए लोगों का सम्मान करें। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आपको वॉर मेमोरियल के निर्माण से आपको क्या दिक्कत हहो रही है। सुप्रीम कोर्ट उत्तराखंड हाईकोर्ट द्वारा जनवरी में सुनाए गए आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा थी। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने जनवरी में एक पिटीशन खारिज कर दी थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि देहरादून जिले में जिस जमीन पर वॉर मेमोरियल 'सैन्य धाम' बनाया जाना था, वह फॉरेस्ट लैंड है और इसलिए उस पर कंस्ट्रक्शन के लिए इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।

## देहरादून में वॉर मेमोरियल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शख्स, सीजेआई ने लगाई फटकार

### पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए?



पिटीशनर की तरफ से पेश वकील ने दावा किया कि वहां वॉर मेमोरियल भी ठीक से नहीं बनाया जा रहा है। बेंच ने कहा कि ये सभी शरारत से बनाई गई रिट पिटीशन हैं और वकील से पूछा कि पिटीशनर पर कितनी कॉस्ट लगाई जानी चाहिए? पीठ ने कहा कि वह 1 लाख रुपए के जुर्माने के साथ पिटीशन खारिज कर देगी। इसके बाद पिटीशनर की ओर से पेश वकील ने पिटीशन वापस लेने की इजाजत मांगी, जिसे बेंच ने मान लिया। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा और मामले को एक महीने बाद के लिए सूचीबद्ध किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि नोटिस जारी करें।

### बेंच ने कहा- शो कॉज नोटिस जारी करेंगे

याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट को इस पिटीशन को बहुत ज्यादा कॉस्ट लगाकर खारिज कर देना चाहिए था। सीजेआई ने कहा कि हम उसे (पिटीशनर) शो कॉज नोटिस जारी करेंगे। उसे आकर बताने दें और हम इस बात की जांच करेंगे कि वह किसके कहने पर यह पिटीशन फाइल कर रहा है।

डीजीपी की नियुक्ति मामले में सीजेआई भड़के

## पश्चिम बंगाल सरकार डीजीपी को राज्यसभा भेजने में व्यस्त लग रही



पश्चिम बंगाल में डीजीपी की नियुक्ति से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सूर्यकांत ने बड़ी टिप्पणी की है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार राज्यसभा में डीजीपी को भेजने में ज्यादा व्यस्त है। दरअसल, पश्चिम बंगाल के पूर्व डीजीपी राजीव कुमार टीएमसी के सदस्य के रूप में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 5 फरवरी, 2026 को कहा था कि राज्य दो साल के तय समय वाले रेगुलर पुलिस डाइरेक्टर-जनरल के अपॉइंटमेंट से बच रहे हैं और इसके बजाए अपनी पसंद के एक्टिंग पुलिस चीफ चुन रहे हैं, जो 20 साल पुराने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन है। कोर्ट ने 2006 में प्रकाश सिंह केस में एक फैसले में यह साफ कर दिया था कि डीजीपी के ऑफिस को पॉलिटिकल या दूसरे बाहरी दबावों से अलग रखा जाना चाहिए और सरकारों को पॉलिटिक्स और लॉ एनफोर्समेंट को मिलाने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

सांसद पर सीजेआई ने ली चुटकी

## ओह... तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगीं?



*सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने गुरुवार को सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी वर्चुअली पेश हुईं, तो यह देखकर सीजेआई मुस्कुरा उठे। उन्होंने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि ओह तो अब आप वर्चुअली पेश होने लगी हैं। आप तो हमेशा हमारी मदद के लिए यहां फिजिकली मौजूद रहती थीं। इस पर सीनियर एडवोकेट गुरुस्वामी ने कहा, नहीं मीलॉर्ड... सिर्फ इस बार के लिए। मैं दिल से माफी मांगती हूं। इस पर सीजेआई ने मुस्कुराते हुए कहा कि नहीं-नहीं। यह ठीक है। सीजेआई के अलावा जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली भी मौजूद थे।*

## खबर संक्षेप

### प्लांट में प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या

**बदायूं।** यहां हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट के प्रबंधक और उप प्रबंधक की हत्या कर दी गई। हमलावर ने गुरुवार दोपहर प्लांट में घुसकर वारदात को अंजाम दिया।



प्लांट के प्रबंधक सुधीर गुप्ता और उप प्रबंधक हर्षित मिश्रा पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं।बताया जा रहा है कि 2-3 गोलियां दोनों को मारी गई हैं।

### कोर्ट ने सावरकर टिप्पणी केस में राहुल को दी राहत

**नासिक।** कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी के खिलाफ सावरकर पर 2022 में की गई टिप्पणी को लेकर दर्ज मानहानि मामले को नासिक की एक आपराधिक अदालत ने बंद कर दिया है। यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुई थी।केस देवेंद्र भूटाडा, नासिक स्थित निर्भया फाउंडेशन के अध्यक्ष ने दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था टिप्पणियां अपमानजनक थीं।



### रवि ने ली बंगाल के राज्यपाल पद की शपथ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल आरएन रवि ने गुरुवार को कोलकाता स्थित लोकभवन में 22वें राज्यपाल के रुप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। उन्हें सॉजय पॉल ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्य की सीएण ममता बनर्जी सहित कई वरिष्ठ नेता और अधिकारी मौजूद रहे। यहां के लोकभवन में समारोह सुबह करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुआ।



### मुझे सिर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही

**मुंबई।** निर्देशक और स्क्रिप्ट राइटर सनोज मिश्रा का दावा है कि उन्हें सिर तन से जुदा करने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह बात कही है। मिश्रा ने ही प्रयागराज महाकुंभ से खूबसूरत आंखों के कारण चर्चा में आईं मेला विक्रेता मोनालिसा को एक्टिंग डेब्यू कराया। मोनालिसा ने एक मुस्लिम युवक से शादी रचाई है।



### योग दिवस की तैयारियां शुरू, आयोजन आज

**नई दिल्ली।** मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान 13 मार्च को विज्ञान भवन में योग महोत्सव-2026 का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के लिए 100 दिन शेष रहने की शुरुआत का प्रतीक होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयुष मंत्रालय ने विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर 100 दिन शेष अभियान की शुरुआत की है।



## लोकसभा अध्यक्ष बिरला अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद आसंदी पर बैठे ▶▶ सांसदों को हिदायत दी और बोले-

# भारत के लोकतंत्र और उसके संविधान पर सभी को गर्व होना चाहिए, सदन में अनुशासन और मर्यादा का पालन करना जरूरी


▶▶ *सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार रखें*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के बुधवार को ध्वनिमत से खारिज होने के बाद गुरुवार को अध्यक्ष के आसन पर बैठे। उन्होंने कहा कि भारत के संसदीय इतिहास में तीसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर संकल्प आया और इस पर दो दिनों तक 12 घंटे से अधिक चर्चा हुई।

उनका हमेशा प्रयास रहा है कि सदन के भीतर प्रत्येक सदस्य नियमों और प्रक्रियाओं के तहत अपने विचार व्यक्त कर सके और सभी को पर्याप्त अवसर मिले। बिरला ने कहा कि भारत के लोकतंत्र और उसके संविधान पर सभी को गर्व होना चाहिए। सदन में सहमति और असहमति की एक महान परंपरा रही है। मैंने हमेशा कोशिश की है कि सदन में संतुलन बना रहे और सभी की आवाज सुनी जाए। संसद में सभी के लिए नियम समान हैं और किसी को भी नियमों से ऊपर नहीं माना जा सकता।बिरला ने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को भी सदन में बोलने से पहले नोटिस देना पड़ता है।

### संसद में सभी के लिए नियम समान चाहे वे प्रधानमंत्री ही क्यों न हों?



### *नियमों से परे किसी को बोलने का अधिकार नहीं*

*स्पीकर ने स्पष्ट किया कि नियमों से परे जाकर किसी को बोलने का अधिकार नहीं दिया जा सकता और सदन केवल प्रक्रिया के अनुसार ही चलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि चेयर के पास ऐसा कोई बटन नहीं होता जिससे किसी सांसद का माइक बंद या चालू किया जा सके। सदस्य तभी बोल सकते हैं जब उनकी बारी आती है।*

### *मैं संसद में संवैधानिक गरिमा के लिए प्रतिबद्ध*

*बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि संसद में सभी सदस्यों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाता है और सदन की कार्यवाही हमेशा नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार चलती है। बिरला ने कहा कि वे उन सभी सांसदों के आभारी हैं, जिन्होंने उनकी कार्यप्रणाली से जुड़े मुद्दे उठाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संसद में संवैधानिक गरिमा और मर्यादा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विपक्ष के इस आरोप पर कि उन्हें सदन में बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया गया, लोकसभा की कार्यवाही तय नियमों और प्रक्रियाओं के तहत चलती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सदस्य को सदन में बोलने से पहले स्पीकर की अनुमति लेना अनिवार्य होता है।*

### विपक्ष ने कई बार नियमों का पालन नहीं किया

बिरला ने कहा कि संसद में कोई भी फोटो, दस्तावेज, उद्धरण या छपी हुई सामग्री सदन में पेश करने से पहले स्पीकर की अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने संकेत दिया कि विपक्ष ने कई बार इन नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण उन्हें कठिन फैसले लेने पड़े। सांसदों के निलंबन को लेकर उठे सवालों पर ओम बिरला ने कहा कि वे किसी भी सदस्य को निलंबित करना नहीं चाहते, लेकिन कभी-कभी सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे फैसले लेने में दुख होता है, लेकिन यह भी देखना चाहिए कि आखिर निलंबन की नौबत क्यों आती है। जब संसद के नियमों का उल्लंघन होता है, तब मुझे अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है।

### स्पीकर के पास सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की शक्ति

उन्होंने बताया कि नियम 377 के तहत स्पीकर के पास सदन में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की शक्ति होती है। विपक्ष की महिला सांसदों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए स्पीकर ने कहा कि जब कुछ सांसद तख्तियां लेकर ट्रेजरी बेंच की ओर बढ़े, तब संसद की गरिमा की रक्षा के लिए उन्हें कार्रवाई करनी पड़ी।ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने हमेशा सदन की गरिमा बढ़ाने और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने की कोशिश की है और आगे भी इसी भावना के साथ काम करते रहेंगे।

राहुल पर निशिकांत का बड़ा आरोप

### रूस, अमेरिका, चीन तीनों भारत पर हमला करेंगे तब ठंडक पहुंचेगी



भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी पर बहुत बड़ा हमला बोला है। उन्होंने राहुल पर आरोप लगाया है कि जब रूस, अमेरिका और चीन मिलकर भारत पर हमला कर देंगे तो उनके कलेजा को ठंडा पहुंचेगा, क्योंकि इससे भारत को तोड़ने वाला जॉर्ज सोरोस का एजेंडा सफल हो जाएगा। दुबे ने राहुल की ओर से लगातार प्रधानमंत्री और उनकी सरकार पर आरोप लगाने और तंज भरने के बाद उन पर इस तरह से पलटवार किया है। राहुल लगातार 'मोदी कंप्रोमाइज्ड' वाला एजेंडा चला रहे हैं और अब कहने लगे हैं कि पश्चिम एशिया संकट से वह लोगों को नहीं घबराने को कह रहे हैं और खुद ही घबराए हैं कि संसद भी नहीं आते।

राहुल ने उठाया एलपीजी व तेल का मुद्दा

### गैस और ईंधन बड़ी समस्या बना, हमारी ऊर्जा से समझौता किया गया, पुरी का भी लिया नाम



लोकसभा में राहुल गांधी ने अमेरिकी यौन अपराधी एपस्टीन फाइल्स का जिक्र कर दिया और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी पर निशाना साधा। इस पर बिरला ने कड़ी आपत्ति जताई। राहुल ने इस दौरान एपस्टीन फाइल्स का जिक्र करते हुए कहा कि पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी खुद को एपस्टीन का दोस्त बताते हैं। बिरला ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नियमों के हिसाब से बोलें। राहुल ने कहा कि यह एक पहेली रही है और मैं इसे समझने की कोशिश कर रहा था। अब मुझे लगता है कि मैंने इसे सुलझा लिया है और यह पहेली समझौते की है। राहुल ने कहा कि हमारे यहां एक सज्जन बैठे हैं, जो तेल मंत्री है।. उन्होंने खुद कहा है कि वह एपस्टीन के दोस्त हैं। राहुल के इतना कहते ही हंगामा शुरू हो गया। बिरला ने भी आपत्ति जताई। राहुल ने हंगामे के बीच कहा कि मैं देश के हित, तेल सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा की बात कर रहा हूं। मेरे पास एक डॉक्यूमेंट है जिसमें एग्रेसिव फंडिंग का जिक्र है। बिरला ने राहुल को टोकते हुए कहा कि आपने जिस विषय पर नोटिस दिया है, उस पर ही बोलिए। उससे अलग मुद्दे पर बोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। सदन ऐसे नहीं चलेगा।

### मानसिकता बदलें, भारत के लोग सुरक्षित रहें

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि गैस और ईंधन एक बड़ी समस्या बनने वाले हैं क्योंकि हमारी ऊर्जा सुरक्षा से समझौता हुआ है। उन्होंने कहा कि यह ईरान के होर्मुज क्षेत्र से तेल के जहाजों को आने की अनुमति देने या न देने से भी बड़ा मुद्दा है। बकौल राहुल गांधी पश्चिम एशिया में हो रहा युद्ध मूल रूप से वर्तमान विश्व व्यवस्था के बारे में है। अस्थिर समय को देखते हुए हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि संभावनाओं पर गहराई से विचार करे, जिससे देश के लोगों को नुकसान न उठाना पड़े।

### भारत के लोग सुरक्षित रहने चाहिए

ऊर्जा सुरक्षा पर चिंता और इस मुद्दे पर सियासत के आरोपों को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि वेकोई राजनीतिक बयान नहीं दे रहे हैं। यदि समस्या ईरान के स्तर पर भी हल हो जाए, तब भी यह संकट दूर नहीं होगा। दुनिया की संरचना बदल रही है। पीएम मोदी को यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत के लोग सुरक्षित रहें। उम्मीद है कि सरकार विपक्ष की बात सुनेगी।

राष्ट्रपति ने वैश्विक सम्मेलन में कहा

## कृषि और खाद्य क्षेत्र में महिलाओं को ज्यादा भूमिका मिलनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि कृषि एवं कृषि-खाद्य क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को नीति निर्माण, निर्णय-प्रक्रिया और नेतृत्व पदों पर अधिक भूमिका मिलनी चाहिए। उन्होंने इस क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला में लैंगिक असमानता को खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने 3 दिवसीय 'महिलाएं एवं कृषि-खाद्य प्रणाली' वैश्विक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की सफलता की कहानियों को व्यापक रूप से प्रकाशित किया जाना चाहिए, ताकि समाज उनके योगदान के बारे में जाने। मुर्मू ने भारत द्वारा अपनाए गए महिला-नेतृत्व वाले विकास के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की हर स्तर पर भागीदारी बढ़ाने से समावेशी कृषि वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। महिला किसानों को लक्षित सहायता देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

युद्ध के बीच कांग्रेस के दो नेता आपस में भिड़े, थरूर बोले

## विचार भले अलग हों, लेकिन भारत के हितों को देखना 'मोरल सरेंडर' नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





ईरान जंग के बीच एक ओर जहां कांग्रेस सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े कर रही है तो इसी मसले पर पार्टी के दो नेता आमने-सामने हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने तगड़ा जवाब दिया है। हालांकि कांग्रेस के कुछ नेताओं की ओर से कुछ समय पहले ही कहा गया कि अय्यर अब पार्टी का हिस्सा नहीं है। इस बीच लगातार उनकी ओर से पार्टी के नेताओं पर उनका हमला जारी है। अय्यर ने थरूर को पत्र लिखा था, जिसका जवाब दिया है।

### *किसी की नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं*

*थरूर ने अय्यर को संबोधित पोस्ट में लिखा है कि लोकतंत्र की खूबी यही है कि लोग अलग-अलग राय रख सकते हैं। असहमति होना गलत नहीं है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि कोई विदेश नीति को थोड़ा अलग तरीके से देखता है, उसकी नीयत या देशभक्ति पर सवाल उठाना ठीक नहीं है।*

### *दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर रखी*

*थरूर ने लिखा कि मैंने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मामलों को भारत के राष्ट्रीय हित के नजरिए से देखा है। मेरे लिए भारत की सुरक्षा, भारत की अर्थव्यवस्था और दुनिया में भारत की इज्जत सबसे ऊपर है। भारत के हितों को रखकर फैसला लेना कोई 'मोरल सरेंडर' नहीं है।*

## विदेशी साधकों ने किया योग




**ऋषिकेश।** गुरुवार को परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश में अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के दौरान विदेशी योग साधकों ने योग किया।

आधार अनिवार्य तत्काल टिकट पर सुनवाई

## जवाब न देने पर हाईकोर्ट सख्त रेलवे बोर्ड को लगाई फटकार

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल हाईकोर्ट ने गुरुवार को रेलवे बोर्ड को सख्त फटकार लगाई क्योंकि बोर्ड ने कई महीने बीत जाने के बावजूद तत्काल टिकट बुकिंग में आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है या नहीं इस पर जवाब नहीं दिया। कोर्ट की बेंच के मुख्य न्यायाधीश सौमेन सेन और न्यायमूर्ति श्याम कुमार वीएम ने बोर्ड के अधिवक्ता द्वारा तीन सप्ताह और समय मांगने पर नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने कहा इतना सरल मुद्दा होने के बावजूद आप इतना समय ले रहे हैं। यदि आप जवाब नहीं दे सकते, तो हम खुद इस मुद्दे का निर्णय कर सकते हैं। कोर्ट ने मामले को 3 सप्ताह के लिए स्थगित किया। यह आदेश एक सार्वजनिक हित याचिका पर आया है, जिसमें केंद्र के उस सर्कुलर को चुनौती दी गई थी, जिसमें तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान था।

यूपी की बहू बनी मोनालिसा, छह माह में प्यार परवान चढ़ा

# फरमान से की शादी, बताया यह 'लव जिहाद' नहीं

▶▶ *महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल ने केरल में की शादी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाकुंभ से चर्चा में आई वायरल गर्ल मोनालिसा ने अपने बॉयफ्रेंड फरमान खान से शादी कर ली है। यह शादी केरल के एक मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई। मोनालिसा के पति फरमान खान उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं। फरमान के पिता एक साधारण किसान हैं। शादी के बाद यह मामला सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग इसे मोनालिसा को निजी फैसला बता रहे हैं तो कुछ इस शादी पर सवाल उठा रहे हैं।

### शादी को लेकर उठे सवाल



मोनालिसा की इस शादी को लेकर विवाद भी शुरू हो गया है। उनके परिवार ने इस विवाह पर नाराजगी जताई है। वहीं, मोनालिसा को अभिनय का मौका देने वाले निर्देशक सनोज मिश्रा ने इसे 'लव जिहाद' तक करार दिया है। विवाद बढ़ने के बाद मोनालिसा ने केरल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

### *मोनालिसा बोलीं- शादी हिंदू रीति-रिवाजों से की*

*प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोनालिसा ने कहा कि उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से हुई है और इसमें किसी तरह का 'लव जिहाद' नहीं है। उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करती हैं और हर धर्म को बराबर मानती हैं। मोनालिसा ने बताया कि उनके परिवार वाले उनकी शादी बुआ के बेटे से कराना चाहते थे, वह रिश्ते में उनका भाई लगा, ऐसे में उन्हें वह रिश्ता पसंद नहीं था। इसलिए उन्होंने अपनी पसंद से फरमान खान से शादी करने का फैसला लिया।*

### *धर्म परिवर्तन नहीं किया*

*मोनालिसा के पति फरमान खान ने भी कहा कि दोनों में से किसी ने भी धर्म परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि प्यार में धर्म बदलना जरूरी नहीं होता। फरमान ने यह भी बताया कि उन्होंने शादी को रजिस्टर करा लिया है। मोनालिसा ने अपनी उम्र 18 वर्ष बताते हुए कहा कि वह बालिग हैं और अपनी इच्छा से शादी की है। उन्होंने केरल पुलिस का सहयोग करने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने बताया कि उनके पिता भी केरल पहुंचे लेकिन वह शादी में शामिल नहीं हुए हैं।*

# इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकाने को निशाना बनाया
# ईरान का पलटवार, तेल और गैस रिफाइनरी, ईंधन टैंकों पर किया हमला


ईरान की मिसाइलों के हमले को इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर रोकती सैन्य प्रणाली

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

## ईरान का इजराइल की बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमला

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने हाल के हमलों में ईरान के परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम से जुड़े एक अहम ठिकाने को निशाना बनाया है। 'एक्स' पर जारी बयान में इजराइली सेना ने बताया कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेहरान से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित पारचिन सैन्य परिसर के तालेगान ठिकाने पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की महत्वपूर्ण क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा था।

ईरान की सेनाओं ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर में तेल और गैस रिफाइनरी तथा ईंधन टैंकों के खिलाफ ड्रोन/ मिसाइल हमला किया। उन्होंने बताया गया कि यह इजराइल द्वारा उनके ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले के जवाब में किया गया प्रतिकार है। इस हमले को बाजान ग्रुप की रिफाइनरी पर निशाना बनाकर किया गया, जो इजराइल का एक बड़ा तेल प्रसंस्करण केंद्र है। ईरान की सेना ने देश के पश्चिमी प्रांत इलाम के ऊपर इजराइल के एक हर्मेस ड्रोन को मार गिराया है। वहीं, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा।



### यूएन सुरक्षा परिषद में ईरान के हमलों पर निंदा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों और जॉर्डन पर ईरान के हमलों की निंदा करने वाला प्रस्ताव पारित किया और ईरान से तुरंत हमला रोकने की मांग की। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों की भी निंदा की गई है। अमेरिका की अध्यक्षता वाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने 13 मतों के साथ इस प्रस्ताव को को पारित किया। चीन और रूस ने मतदान से बचाव किया, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को रोकने के लिए अपने वीटो अधिकार का प्रयोग नहीं किया। भारत सहित 130 देशों ने समर्थन किया।

### पीएम मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियन से की फोन पर बात

जंग के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेश्कियन से पहली बार फोन पर वार्ता की है। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर शांति और स्थिरता के लिए संवाद और कूटनीति पर प्रतिबद्धता जाहिर की। क्षेत्र में तनाव में वृद्धि, नागरिकों की जान-माल की हानि तथा नागरिक ढांचागत सुविधाओं को हुए नुकसान को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा भारतीयों की सुरक्षा और संरक्षा तथा माल एवं ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं बनी हुई हैं। उन्होंने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### ईरान चालाकी रोके, वरना समाप्त कर देंगे: ट्रंप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वे कुछ चालाकी करेंगे, तो अमेरिका उस देश को समाप्त कर देगा।




उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और अगर फिर से शुरू होता है, तो ईरान को और भी मार पड़ेगी। हमने कम अवधि वाला अभियान चलाया है, क्योंकि हमें कुछ लोगों को हटाने की जरूरत महसूस हुई। अगर उन्होंने कुछ भी गलत किया, तो यह ईरान का अंत होगा और आप कभी उसका नाम नहीं सुनेंगे। हम कई मायनों में जीत चुके हैं।

### हमारे पास अमेरिका के लिए हैं कई सरप्राइज: अराघची

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका हमारे तेल और परमाणु स्थलों के खिलाफ योजना



बना रहा है, ताकि महंगी कीमतों के बड़े झटके को नियंत्रित किया जा सके। ईरान पूरी तरह से तैयार है। हमारे पास भी यूएस के लिए बहुत सारी रोचक चीजें हैं। हम अपने अधिकारों की रक्षा करने, राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा को आगे बढ़ाने और ईरान की इस्लामिक क्रांति के बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झंडा उठाने वालों के हाथों से झंडा कभी न गिरे।


तेल पर 'बवाल'
बुधवार देर रात इराक के बसरा के पास खोर अल-जुबैर बंदरगाह पर ईरानी हमले से एक तेल टैंकर में आग लग गई

## खबर संक्षेप

### क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि उसने तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित अपने प्रणोदन परिसर में नोजल सुरक्षा प्रणाली और बहु-तत्व इग्नाइटर का इस्तेमाल करते हुए 22 टन थ्रस्ट स्तर पर अपने क्रायोजेनिक इंजन (सीई20) का समुद्र तल पर सफलतापूर्वक परीक्षण (हॉट टेस्ट) किया है। इससे पहले, समुद्र तल परीक्षण 19 टन थ्रस्ट स्तर पर किए जा रहे थे।

### आतंकी संगठन से जुड़े 6 संदिग्ध लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक बार फिर आतंकी कनेक्शन का खुलासा हुआ है। थाना मसूरी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संदिग्ध रूप से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी सोशल मीडिया के जरिए जैश-ए-मोहम्मद और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े वीडियो देखते थे और उन्हें शेयर करते थे।

### बीएसएफ डीआईजी के काफिले पर हमला



**शिलांग।** मेघालय के गारो हिल्स क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डीआईजी के काफिले में शामिल एक वाहन को कुछ लोगों ने आग लगा दी और बीएसएफ के जवानों पर हमला किया जिसमें वे घायल हो गए। घटना बुधवार शाम को उस समय हुई जब वे तुरा कस्बे में बैठक से लौट रहे थे।

## दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश भारत से खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइलें
# इंडोनेशिया ने किया 3800 करोड़ रुपए का सैन्य समझौता, रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी ताकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। फिलीपींस के बाद अब दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने का समझौता किया है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत ने इसकी पुष्टि की। इस समझौते के साथ इंडोनेशिया, फिलीपींस के बाद ब्रह्मोस खरीदने वाला दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा देश बन गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर भारत-इंडोनेशिया के बीच हुई इस डील की कीमत 450 मिलियन डॉलर यानी 3,800 करोड़ रुपए है। इंडोनेशिया ने कहा कि यह सौदा उसके हथियारों के आधुनिकीकरण और तटीय सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।

### तटीय रक्षा मजबूत होगी


गणतंत्र दिवस पर ब्रह्मोस मिसाइलों का प्रदर्शन फाइल फोटो

प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत के मुताबिक, इंडोनेशिया ने भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद में साझेदारी की है। यह हमारे शस्त्रों के आधुनिकीकरण, विशेष रूप से तटीय रक्षा को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। यह खरीद रक्षा क्षेत्र में जकार्ता-नई दिल्ली की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करती है। इस नई प्रणाली से राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### कई देशों ने ब्रह्मोस में दिखाई दिलचस्पी

रूस की मदद से 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत विकसित ब्रह्मोस मिसाइल को खरीदने के लिए कई अन्य देशों ने भी रुचि दिखाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, वियतनाम भी 700 मिलियन डॉलर की संभावित डील को अंतिम रूप देने के काफी करीब है। इसके अलावा थाईलैंड, सऊदी अरब, यूएई, ओमान, मिस्र और कुछ लैटिन अमेरिकी देश भी भारत के साथ ब्रह्मोस सौदे को लेकर बातचीत के चरणों में हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर में दिखाई थी क्षमता

भारत में बनी ब्रह्मोस मिसाइलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम तक पहुंचाया था। पहलगाम हमले के बाद ब्रह्मोस मिसाइल ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया। उस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल और एमआरएसएएम (बराक-8) का इस्तेमाल किया है।

### 800 किमी की मारक क्षमता

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। यह 3,700 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से लक्ष्य को टारगेट कर सकती है। इसकी रेंज तकरीबन 800 किलोमीटर तक है। यह अपने साथ 200 से 300 किलोग्राम तक वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। इसे जमीन, समुद्र और एयर से लॉन्च किया जा सकता है। यह दुश्मन के रडार से बचने के लिए बेहद कम ऊंचाई पर उड़ने में सक्षम है।

## वायुसेना की ताकत का किया प्रदर्शन
# एयर चीफ मार्शल ने मिग-29 लड़ाकू विमान से भरी उड़ान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

भारत की वायु सेना का सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन करने के लिए भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को मिग-29 यूपीजी मल्टी-रोल लड़ाकू विमान को अकेले उड़ाया। एपी सिंह ने एक प्रमुख सीमावर्ती बेस से उड़ान भरी। विमान के लैंड करने का वीडियो भी सामने आया है। एयर चीफ ने बेस पर भारतीय वायु सेना के पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की। उन्होंने भारतीय वायु सेना की ऑपरेशनल तैयारी, लड़ाकू क्षमताओं और फ़ॉरवर्ड बेस पर मिशन की तैयारी पर जोर दिया। मिकोयान मिग-29 सोवियत यूनियन का बनाया हुआ एक दो-इंजन लड़ाकू विमान है। भारतीय वायु सेना चार दशकों से इस्तमाल हो रहे अपने मिग-29 फ़्लीट को अपग्रेड करने का फ़ैसला किया था। सोवियत में बना यह विमान 1970 के दशक में बनाया गया था और 1980 के दशक में वायु सेना में शामिल किया गया था।

### हर तरह से गोला बारूद दागने में सक्षम

मिग-29 के कई वेरिएंट हैं, जिनमें से कुछ का इस्तेमाल भारतीय नौसेना भी करती है। मिकोयान मिग-29 (अपग्रेड) चौथी जेनरेशन का सर्वश्रेष्ठता लड़ाकू विमान है। इस विमान को नई एवियोनिक्स, रडार और हवा ही हवा में रिफ्यूलिंग क्षमता के साथ अपग्रेड किया गया है। यह विमान जानलेवा है और हवा ही हवा, हवा से जमीन और सटीक गोला-बारूद दागने में सक्षम है। मिग 11,000 मीटर (36,000 फ़ीट) पर 2465 किलोमीटर प्रति घंटे (या मैक 2.35) की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है। यह 330 मीटर प्रति सेकंड की क्लाइंब रेट के साथ 17,000 मीटर तक चढ़ सकता है।

## फारूक अब्दुल्ला पर हमले पर बोले खरगे
# केंद्र के नियंत्रण में जम्मू-कश्मीर असुरक्षित, कानून व्यवस्था खराब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर जम्मू-कश्मीर में हुए हमले को लेकर गुरुवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि केंद्र के नियंत्रण में होने के कारण वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हुई है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने की मांग भी की।

राज्यसभा में हमले की निंदा करते हुए खरगे ने कहा कि यदि डॉ. फारूक अब्दुल्ला के साथ मौजूद स्थानीय सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता नहीं दिखाई होती, तो उनकी जान


राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे

जा सकती थी। उन्होंने सवाल किया कि जब कानून व्यवस्था पूरी तरह केंद्र सरकार के हाथ में है, तो वहां हालात इतने खराब क्यों हो रहे हैं कि वरिष्ठ नेताओं की जान पर बन आए।

खरगे ने केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि क्या सरकार का इरादा फारूक अब्दुल्ला साहब को मारने का है? क्या मोदी सरकार सचमुच उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है?

## बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी ने दिखाई 'अवतार' की ताकत
# ऐसा ड्रोन जो हवा में उड़ता, पानी में गोता लगाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल के हमलों में ड्रोन एक निर्णायक हथियार बनकर उभरा है। ईरान अपने शाहेद तो अमेरिका लूकस के जरिए निशाना साध रहा है। इस बीच भारत ने भी कमर कस ली है। बेंगलुरु की स्टार्टअप कंपनी एक्वाएयरएक्स ने भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन 'अवतार' बनाया है, जो हवा में उड़ सकता है और पानी के अंदर गोता लगा सकता है। यह ड्रोन आधुनिक युद्ध और निगरानी में क्रांति ला सकता है।

'अवतार' भारत का पहला एम्फिबियस ड्रोन

रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण




### कई परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे

'अवतार' को भारत का दुर्लभ सील ड्रोन कहा जा रहा है, जो हवा और पानी दोनों जगह काम कर सकता है। यह ड्रोन हवा से उड़ान भरता है, पानी में गोता लगा सकता है, पानी के अंदर काम करता है और फिर सतह पर आकर दोबारा उड़ान भर सकता है। कंपनी ने पूल ट्रायल्स और इंडिपेंडेंट प्लेटफॉर्म टेस्ट्स सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जहां एयर-टू-वॉटर ट्रांजिशन दिखाया गया। फिलहाल एडवांस्ड एरियल ट्रायल्स और ओपन वॉटर टेस्टिंग चल रही है।

### कॉलेज के दिनों में की शुरूआत

एक्वाएयरएक्स के सीईओ गौतमी और सीटीओ जितेंद्र कुमार पूर्णमल सैनी ने इसकी शुरुआत कॉलेज के दिनों में यूएवी प्रोजेक्ट्स से की थी। निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग क्लासमेट्स दोनों ने कोविड काल में इसे आगे बढ़ाया और नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू किया। 'अवतार' ड्रोन 10 किलो तक का भार ले जा सकता है, जिसमें आईएसआर सेंसर्स, सोनार और एकॉस्टिक सेंसर्स लगे हैं।

### समुद्री कार्यों की करेगा निगरानी

सिविलियन उपयोग में यह समुद्री फार्मिंग (एक्वाकल्चर) की निगरानी, ऑफशोर ऑयल-गैस प्लेटफॉर्म्स और विंड फार्म्स की इंस्पेक्शन में मदद करेगा। कंपनी का दावा है कि इससे इंस्पेक्शन कॉस्ट 70% तक कम हो सकती है, क्योंकि अलग-अलग ड्रोन या क्रू की जरूरत नहीं पड़ती। स्टार्टअप को रेनमैटर (जेरोधा की निवेश कंपनी), वाइजर, इंडिया एक्सेलरेटर और प्राइम वेंचर पार्टनर्स से फंडिंग मिली है। अगर यह ड्रोन सफल रहा तो यह भारत की ड्रोन टेक्नोलॉजी और मल्टी-डोमेन रोबोटिक्स में बड़ा कदम साबित होगा।

# रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत, पीएसजी ने चेल्सी को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।




### हमें कभी चुका हुआ मत समझना : कोच अल्वारो

रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, "हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।" यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल-2026 : चुनाव की तारीखों के बाद जारी होगा दूसरे चरण का शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। लीग के पहले चरण का कार्यक्रम 28 मार्च से 12 अप्रैल तक रखा गया है, जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

### चुनावों से किसी भी तरह न हो व्यवधान : राजीव शुक्ला



मीडिया से बातचीत में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, आईपीएल तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और बाकी मुकाबलों का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जारी किया जाएगा। बीसीसीआई पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से किसी भी तरह के टकराव से बचना चाहता है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव भी प्रतियोगिता के कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात हो कि आईपीएल 2026 का पहला चरण 28 मार्च, 2026 से 12 अप्रैल, 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल घोषित किया जाएगा। पहले चरण के कुल 20 मैच बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में खेले जाने हैं। दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

### पहले चरण में 4 डबल-हेडर मुकाबले

घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के पहले चरण में कुल 20 मुकाबले होंगे। इस दौरान 4 और 5 अप्रैल तथा 11 और 12 अप्रैल को 2-2 मुकाबले होंगे। पहले चरण में सभी 10 टीमों को 4-4 मुकाबले दिए गए हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में खेलेगी, जबकि 4 मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 मुकाबले रायपुर में होंगे और पंजाब किंग्स के 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

## खबर संक्षेप




### श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच सीरीज कल से

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में शुक्रवार 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएंगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार 13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद



**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### मिशन ओलंपिक सेल ने शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों को दी वित्तीय मदद



**नई दिल्ली।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों युकी भांबरी और सुमित नागल के लिए गुरुवार को लगभग 30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जबकि इस साल होने वाले एशियाई खेलों और डेविस कप के मुकाबलों की पुख्ता तैयारियों के लिए उदीयमान खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश को टारगेट एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अंतर्गत आने वाले एमओसी की 169वीं बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। वर्तमान में युगल में विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज भांबरी को फरवरी और सितंबर 2026 के बीच अभ्यास और प्रतियोगिता कार्यक्रम के लिए 28.89 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## दोनों टीमों के बीच होगी एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज

# भारत और अफगानिस्तान सीरीज में फिर खेलते नजर आएंगे विराट और रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जून 2026 में भारत दौरे पर आएगी। टीम भारत में 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं होगा। 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम मानी जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी एक बार फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### ऐसा है सीरीज का शेड्यूल

एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू होगा। ये मुकाबला न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे मुकाबला धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून को दोपह 1:30 बजे से शुरू होगा। दूसरा वनडे लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 17 जून को होगा। ये मैच भी दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला चेन्नई में 20 जून को खेला जाएगा। ये मुकाबला भी डे-नाइट (1:30 बजे) का होगा।




### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला गया था। उस मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टेस्ट मैच साल 2018 में खेला गया था। उसे भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीता था।

### जडेजा, बुमराह, शमी ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविंद्र जडेजा ने 3 मैच की 3 पारियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 16.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के नाम 13 की औसत से 6 विकेट है। मोहम्मद शमी के नाम भी 2 पारियों में 6 विकेट है।

### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित-कोहली ने ठोके सबसे ज्यादा रन वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन रोहित ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 मैच की 3 पारियों में 75 की औसत से 150 रन निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 127.11 की रही है। रोहित ने 1 शतक लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा है।कोहली ने 3 मैचों की 2 पारियों में 102.52 की स्ट्राइक रेट और 122 की औसत से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 रन रहा है।



### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 15 से

ओवल। टी-20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम उपविजेता रही थी। भारत के खिलाफ फाइनल में हारकर कीवी टीम खिताब नहीं जीत सकी थी। अब न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मार्च से टी-20 सीरीज खेलेगी। प्रोटियाज टीम केशव महाराज की कप्तानी में चुनौती पेश करेगी। टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने वाले एडेन मार्करम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। **ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की टीम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम में कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना के रूप में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## एटीपी मास्टर्स 1000

# भांबरी ने पहली बार बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे।

### भांबरी-गोरानसन ने इन्हें हराया

भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला।
भारत और स्वीडन की जोड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और इस पर 83 प्रतिशत अंक (35 में से 29) जीते। इससे उन्हें दूसरे सेट में टाई-ब्रेक और मैच जीतने में मदद मिली। भांबरी और गोरानसन शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से भिड़ेंगे। रिंडरकनेच और वाचेरोट ने क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव और करेन खाचानोव की रूसी जोड़ी को 6-3 6-4 से हराया।

### द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज का खिलाड़ी जत्था स्वदेश रवाना

*दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी।*

## जेएन भाया ट्रॉफी

# भोपाल, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर और नर्मदापुरम संभाग जीते




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मप्र क्रिकेट संघ की भोपाल संभाग द्वारा आयोजित जेएन भाया ट्रॉफी के अंतर्गत खेले गए मुकाबलों में भोपाल, रीवा और उज्जैन की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन से मुकाबले रोमांचक रहे।

पहले मैच में भोपाल ने जबलपुर संभाग को 29 रन से हराया। भोपाल ने तय 20 ओवर में 4 विकेट पर 247 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में जबलपुर की टीम 8 विकेट पर 218 रन ही बना सकी। मैच में 4 विकेट चटकाने वाले तनिष्क यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार सचिव बीडीसीए शांति कुमार जैन, कोषाध्यक्ष बीडीसीए सीएस धाकड़ और एमपीसीए के ऑब्जर्वर दिनेश कुमार शर्मा ने प्रदान किया।

वहीं दूसरे मैच में रीवा ने चंबल को 91 रन से हरा दिया। रीवा ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 220 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 129 रन ही बना सकी। तीसरा मैच उज्जैन और इंदौर संभाग के बीच खेला गया, जिसमें उज्जैन ने इंदौर को 6 विकेट से हराया। मैच में इंदौर ने तय 20 ओवर में 6 विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में उज्जैन की टीम ने 19.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 197 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

वहीं चौथे मैच में ग्वालियर डिवीजन ने सागर डिवीजन को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सागर ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्वालियर डिवीजन ने 11.3 ओवर में 2 विकेट खोकर 134 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

आज का आखिरी और पांचवां मुकाबला नर्मदापुरम और शहडोल संभाग के बीच खेला गया, जिसमें नर्मदापुरम की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहडोल को 7 विकेट से पराजित कर दिया। शहडोल की टीम 19.1 ओवर में 130 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नर्मदापुरम की टीम ने 17.3 ओवर में 3 विकेट खोकर 136 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया।

# 44वां ग्रीष्मकालीन, जूडो, ताइक्वांडो, कुराश प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से

**भोपाल।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 44वां ग्रीष्मकालीन, जूडो ताइक्वांडो, कुराश, प्रशिक्षण शिविर का आयोजन टॉस क्लब, पिपलानी पोस्ट ऑफिस के पास पिपलानी में 16 मार्च से आरंभ होने वाला है। टॉस क्लब, जहां पर मार्शल आर्ट्स जैसे जूडो, ताइक्वांडो, कुराश की ट्रेनिंग दी जाती है।

एनआईएस, एवं इंटरनेशनल कोच, विश्वामित्र अवार्डी सुरेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में 6 साल से ऊपर के बालक और बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस और मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और कोच द्वारा दी जाती है। यह प्रशिक्षण शिविर 16 मार्च से 15 मई तक निशुल्क चलेगा। विगत 44 साल में टॉस क्लब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं और कई लोगों को विक्रम अवार्ड, एकलव्य अवार्ड भी मिल चुका है। इनमें से कई मध्य प्रदेश , केंद्र और सेना मैं ऊंचे ऊंचे पदों पर अपना दायित्व निभा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 93032 28006 पर संपर्क किया जा सकता है।

**कॉर्निवाल में रस्साकशी, कबड्डी और एथलेटिक्स के मुकाबले आज**

# क्रिकेट के लीग मुकाबले पूरे अब होगी सेमीफाइनल की जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

ओल्ड कैंपियन मैदान पर नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स (एनएसटी) द्वारा आयोजित छठवें मीडिया खेल कार्निवाल 2026 के अंतिम लीग मुकाबले में गुरुवार को दैनिक भास्कर ने एनएसटी को दो विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दिन के अन्य मुकाबले में जनसंपर्क टीम ने पत्रिका को 8 विकेट से हराते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। जबकि एनडी मीडिया और डिजियाना-11 की टीमों ने भी अंतिम चार में जगह बना ली है। लीग मुकाबलों के बाद शुक्रवार को सुबह नौ बजे से रस्साकशी, कबड्डी और एथलेटिक्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद सुबह



10 बजे से क्रिकेट का पहला सेमीफाइनल एनडी मीडिया और डिजियाना की टीमों के बीच शुरू होगा। गुरुवार को खेले गए क पहले लीग मुकाबले में एनएसटी ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 143 रन बनाए। जवाब में दैनिक भास्कर ने 17.2 ओवर में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। दूसरे लीग कम क्वार्टरफाइनल मुकाबले में पत्रिका की टीम निर्धारित 16 ओवर में नौ विकेट पर 99 रन ही बना सकी। जवाब में जनसंपर्क ने सिर्फ नौ ओवर में दो विकेट खोकर 102 रन बना लिए।

### टेनिस क्रिकेट: कैन्यन और मैवरिक्स की टीमें जीतीं

इससे पूर्व सुबह खेले गए टेनिस क्रिकेट के मुकाबलों में कैन्यन और मीनाल मैवरिक्स की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीते। टीम कैन्यन ने बंसल हास्पिटल क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराया। बंसल ने आठ ओवर में 61/9 रन बनाए। जवाब में कैन्यन ने आठ ओवर में लक्ष्य हासिल किया। प्रकाश सिंह ने 25 रन, जबकि श्रीधर द्विवेदी ने 3 विकेट लिए। वहीं मीनाल मैवरिक्स ने एक्स क्रिकेटर टीम को छह विकेट से हराया। एक्स क्रिकेटर ने आठ ओवर में 90/7 रन बनाए, जिसमें मिलिंद जैन ने 38 रन ठोके। जवाब में मीनल मैवरिक्स ने आठ ओवर में 94/4 रन बनाकर मैच जीत लिया।

## कोलार के स्टेडियम में जिला स्तरीय कबड्डी में खेल प्रतियोगिता

# फंदा और बैरसिया के बॉयज-गर्ल्स की टीमें जीतीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना अभियान के अंतर्गत पारंपरिक खेलों की श्रृंखला में गुरुवार को कोलार के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला पंचायत द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में फंदा एवं बैरसिया विकासखंडों के खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता करते हुए अपना अपना कौशल दर्शाया।

प्रतियोगिता में फंदा विकासखंड के बालक और बालिकओं ने प्रथम तो बैरसिया विकासखंड के बालक और बालिकाओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों ही टीमों को खेल विभाग की ओर से क्रमशः 21 और 11 हजार रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई। इसके साथ ही ट्रॉफी और मेडल भी खिलाड़ियों को सहायक संचालक खेल वाणी साहू, सीहोर जिला खेल अधिकारी रुबिका दीवान, जिला पंचायत से डॉ. नताशा फिरदौस, सुबेंद्र यादव एवं अंतरराष्ट्रीय रैफरी एमआर शर्मा ने प्रदान किए।













## खबर संक्षेप

### टीईटी परीक्षा, कलेक्टर को सौंपेगे ज्ञापन

**भोपाल।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) संबंधी आदेश को मप्र शासकीय शिक्षक संगठन के आह्वान पर प्रदेशभर के शिक्षक जिला मुख्यालयों पर 13 मार्च को विरोध प्रदर्शन करेंगे। संगठन के कार्य. प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपकर लोक शिक्षण के शिक्षक पात्रता परीक्षा कराने के आदेश को निरस्त करने एवं मप्र सरकार से पुर्नविचार याचिका अन्य राज्यों की भांति लगाने की मांग की जाएगी।

### यादव पं. बंगाल चुनाव के लिए सह-प्रभारी बने

**भोपाल।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं पश्चिम बंगाल चुनाव प्रदेश प्रभारी संगम



लाल गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार की अनुशंसा पर कोलकाता जोन का प्रताप सिंह यादव को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। यादव ने कहा मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के मार्गदर्शन में बंगाल चुनाव में भाजपा की जीत के लिए जी जान से काम करेंगे।

### निकायों के कर्मचारियों का विनियमितीकरण

**भोपाल।** प्रदेश की नगरीय निकायों के दैनिक वेतनभोगी और स्थायी कर्मचारियों की मांगों को लेकर गुरुवार को नगरीय प्रशासन विभाग में बैठक रखी गई, जिसमें अपर आयुक्त कैलाश वानखेड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कर्मचारियों के विनियमितीकरण और विनियमित करने पर सहमति बनी है। बैठक में मध्य प्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश और विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने कर्मचारियों से जुड़ी प्रमुख समस्याएं रखीं।

### फसलों को आग से बचाने लिखा पत्र

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व कालापीपल के पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश में गेहूं सहित अन्य फसलों को आगजनी से बचाने के लिए दिन के समय कृषि विद्युत आपूर्ति बंद रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश के कई जिलों में गेहूं व अन्य रबी फसलों की कटाई का काम जारी है और बड़ी मात्रा में कटी हुई फसल खेतों में ही रखी हुई है।
बढ़ते तापमान के साथ बिजली लाइनों में होने वाली स्पार्किंग के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### बीडीसी के सभी प्रोजेक्ट अब एक ही पोर्टल पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (बीडीसी) अपने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए नया मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके तहत निगम पीएमएस-3 पोर्टल तैयार कर रहा है, जिसके माध्यम से टेंडर जारी करने से लेकर काम की मॉनिटरिंग और कार्य पूरा होने पर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया एक ही प्लेटफार्म पर देखी जा सकेगी। पोर्टल के माध्यम से बीडीसी प्रबंधन हर प्रोजेक्ट में तय शर्तों, कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा की लगातार समीक्षा कर सकेगा।

### केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की

# सीएम ने जल शक्ति मंत्री से की भेंट, नदी जोड़ो परियोजनाओं, विशेष मदद पर चर्चा

*वित्त मंत्री निर्मला से योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर विमर्श किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर केन-बेतवा नदी जोड़ योजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल संसाधनों के समुचित उपयोग और दोनों राज्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान नर्मदा घाटी योजना से संबंधित वर्ष 1974 से 2024 तक हुए समझौतों और उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी भेंट की। इस दौरान उन्होंने हाल ही में मध्यप्रदेश में प्रस्तुत बजट के संदर्भ में केंद्र से मिलने वाली योजनागत सहायता राशि तथा प्रदेश के लिए विशेष सहायता पैकेज की मांग को लेकर चर्चा की। इसके अलावा प्रदेश के विकास से जुड़े अन्य विषयों पर भी बातचीत हुई।


केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

#### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट

मुख्यमंत्री ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान कई विषयों पर चर्चा हुई, जिसमें विशेष रूप से कालीसिंध–चंबल योजना से जुड़े मुद्दे शामिल रहे। साथ ही राजस्थान और मध्यप्रदेश के आपसी संबंधों तथा सहयोग को लेकर भी दोनों नेताओं के बीच विचार-विमर्श हुआ।

## जल संरक्षण के लिए करें नवाचार, जल स्त्रोतों की सुरक्षा के हों प्रबंध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के माध्यम से प्रदेश की जल-संस्कृति को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की वह महती आवश्यकता है जिसे हमें भावी पीढ़ियों को उपलब्ध कराने के लिए सहेजकर रखना है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान में जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों के साथ नवीन तकनीकी नवाचारों को अपनाया जाए और प्रदेश के प्रत्येक जल स्त्रोत की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस वर्ष वर्षा जल की एक-एक बूंद का संचयन और संरक्षण ही हमारा परम ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 19 मार्च से पूरे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत होगी।

**19 मार्च से प्रारंभ होगा प्रदेश व्यापी अभियान**



#### वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूलमंत्रः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक चुनौतियों के बीच जल-सुरक्षा ही विकास का मूल मंत्र है। जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रदेश जल संरचनाओं की नदियों, तालाबों, बावड़ियों और कुओं का पुनरुद्धार एक मिशन मोड में किया जाएगा।

#### जन-भागीदारी से बनेगा जन आंदोलन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपील की है कि जल गंगा संवर्धन अभियान से जन-जन को जोड़कर एक जन-आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने समाज के हर वर्ग, स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं से इस पुनीत कार्य में आगे बढ़कर श्रमदान करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब समाज का हर व्यक्ति जल संरचनाओं की सुरक्षा का प्रहरी बनेगा, तभी हम परम वैभवशाली और जल-समृद्ध मध्यप्रदेश के स्वप्न को साकार कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान में प्रत्येक जिले में जल स्त्रोतों के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित की जाए और जल गुणवत्ता परीक्षण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

### तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा

# असम व बंगाल चुनावः मंत्री सिंह सांसद शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


राकेश सिंह


आलोक शर्मा

पश्चिम बंगाल और असम में विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के नेताओं को भी चुनावी तैयारियों में झोंक दिया है। प्रदेश से मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक और पूर्व विधायकों सहित करीब तीन दर्जन नेताओं को असम और पश्चिम बंगाल भेजा गया है, जो अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक दोनों ही राज्यों में अप्रैल या मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं।

असम में भाजपा की सरकार है, जबकि पश्चिम बंगाल में पार्टी मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है। ऐसे में भाजपा संगठन ने दूसरे राज्यों के नेताओं को भी चुनावी रणनीति में शामिल किया है। असम में प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह और नरेंद्र शिवाजी पटेल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बुधवार को राकेश सिंह ने नगांव स्थित भाजपा जिला कार्यालय में नगांव और कलियाबोर क्षेत्र के मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

#### इन नेताओं को भी मैदान में भाजपा ने उतारा

इसके अलावा सांसद आलोक शर्मा, दर्शन सिंह चौधरी, कविता पाटीदार, विनोद गोटिया, पूर्व सांसद केपी यादव, श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व विधायक गिर्राज दंडोतिया और संजय शाम भी अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय हैं। मणिपुर से सटे सिल्चर लोकसभा क्षेत्र के सात विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी सांसद कविता पाटीदार को सौंपी गई है, जहां उनके साथ श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य नेताओं की टीम काम कर रही है। नरेंद्र शिवाजी पटेल को लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है और वे वहां संगठनात्मक गतिविधियों में जुटे हुए हैं।इधर पश्चिम बंगाल में फिलहाल भाजपा युवा मोर्चा की एक टीम को अलग-अलग क्षेत्रों में भेजा गया है।

### वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा



**भोपाल।** शहर में गुरुवार को महादलित परिसंघन ने राज्य कार्यकारिणी प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर वंचित, शोषित वर्ग के उत्थान पर चर्चा की गई।

### पूछा- पाठक की फर्मों से 443 करोड़ की रिकवरी कब होगी

## मुख्यमंत्री के विजयराघवगढ़ के दौरे से पहले पीसीसी चीफ ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखा है।



पत्र में उन्होंने मांग की है कि विजयराघवगढ़ के विधायक संजय पाठक की पारिवारिक फार्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी है, यह कब तक वसूली जाएगी।

दरअसल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 मार्च को विजयराघवगढ़ का दौरा प्रस्तावित है। उनके दौरे से पहले पटवारी ने उन्हें पत्र लिखकर संजय पाठक से जुड़े मामलों को फिर से सुर्खियों में ला दिया है। पटवारी ने पत्र में लिखा कि संजय पाठक के पारिवारिक फार्मों पर 443 करोड़ रुपए की रिकवरी लंबित है। यह जानकारी विधानसभा में दी गई थी। इस राशि की वसूली कब की जाएगी और संजय पाठक को डिमांड नोटिस कब जारी होगा। पटवारी ने आरोप लगाया कि पाठक पर लगभग 1143 एकड़ भूमि गरीब आदिवासी परिवारों के नाम पर खरीदी गई, यह बेनामी संपत्ति बताई जाती है। इस मामले में राज्य सरकार ठोस कार्रवाई कब करेगी।

### अब तक 1 लाख 1 हजार 745 घरों पर रूफटॉप

## सोलर रूफटॉपः टॉप टेन में मप्र 383 मेगावाट बिजली बना रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सोलर रूफटॉप योजना तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश में अब तक 1 लाख 1 हजार 745 घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिनसे करीब 383.78 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

इसी के साथ मध्यप्रदेश देश के टॉप-10 राज्यों में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। ऊर्जा विभाग के अनुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में उपभोक्ता बैंक से लोन लेकर भी सोलर रूफटॉप लगवा रहे हैं। करीब 75 फीसदी उपभोक्ताओं ने इसके लिए बैंक ऋण लिया है, क्योंकि इसकी मासिक किस्त अक्सर बिजली बिल से कम पड़ती है। इससे उपभोक्ताओं को दीर्घकाल में बिजली खर्च में राहत मिल रही है। मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव के मुताबिक प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। राज्य सरकार ने 2030 तक 20 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत केंद्र की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में भी मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### कुरियन, सोलंकी और सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा

# राज्यसभा की तीन सीटों के लिए सियासी गणित शुरू 2 भाजपा, 1 कांग्रेस के खाते में तय, दावेदार सक्रिय

*एक राज्यसभा सदस्य के लिए 58 विधायकों के वोट की आवश्यकता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में जून में होने वाले राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। प्रदेश की तीन सीटों के लिए चुनाव होना है और राजनीतिक दलों में दावेदारों ने अभी से अपनी रणनीति बनाना शुरू कर दी है।

मौजूदा विधानसभा गणित के हिसाब से इन तीन सीटों में से दो सीटें भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जाना तय माना जा रहा है। राज्यसभा सदस्य जी. कुरियन, सुमेर सिंह सोलंकी और दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 22 जून को समाप्त हो रहा है।




#### भाजपा में कई नाम चर्चा में

भाजपा ने फिलहाल इस मुद्दे पर आधिकारिक तौर पर चुप्पी साध रखी है। हालांकि सूत्रों के अनुसार जी कुरियन को दोबारा मौका मिल सकता है। वहीं प्रदेश भाजपा के महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी आदिवासी चेहरे के तौर पर दोबारा दावेदारी पेश कर सकते हैं। इसके अलावा पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, जयभान सिंह पवैया और लाल सिंह आर्य के नाम भी संगठन में चर्चा में हैं।

#### कांग्रेस में नए चेहरे की संभावना

कांग्रेस की ओर से भी कई नाम सामने आ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाल ही में संकेत दिए हैं कि वे दोबारा राज्यसभा जाने के इच्छुक नहीं हैं। यदि ऐसा होता है तो कांग्रेस में नए चेहरे को मौका मिल सकता है। दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव और पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के नाम चर्चा में हैं। यदि पार्टी अनुसूचित जाति वर्ग से किसी नेता को मौका देती है तो पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और प्रदीप अहिरवार भी दावेदार हो सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930